

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, स्लीप टूरिज्म : पर्यटन की नई अवधारणा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

भाद्रपद कृष्ण पक्ष सप्तमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 279, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 33.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 47 सूर्यास्त 06 : 41

बरेली, रविवार, 25 अगस्त 2024


हाउसफुल 5 में जैकलीन की एंट्री...13

# एनपीएस की जगह अब एकीकृत पेंशन योजना

## केंद्रीय कैबिनेट की हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया फैसला

## 25 साल की नौकरी के बाद बेसिक का 50 फीसदी पेंशन

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत सेवा में शामिल होने वाले 23 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए सुनिश्चित रूप से वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में देने को मंजूरी दे दी। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली 1 अप्रैल, 2004 के बाद सेवा में शामिल होने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू है। यह पेंशन योजना एनपीएस से पहले के कर्मचारियों के लिए लागू परिभाषित लाभ के बजाय योगदान के आधार पर लाभ देती है।

मंत्रिमंडल के फैसलों की घोषणा करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत सरकारी कर्मचारी अब सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम 12 महीनों में मिले औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में पाने के हकदार होंगे। उन्होंने कहा कि पेंशन के रूप में वेतन का 50 प्रतिशत पाने के लिए न्यूनतम सेवा अवधि 25 वर्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हालांकि न्यूनतम 10 साल तक की सेवा अवधि के लिए आनुपातिक रूप से पेंशन दी जाएगी। एनपीएस खाताधारक अब यूपीएस का विकल्प चुन सकते हैं, जो अगले वित्त वर्ष की शुरुआत से सुनिश्चित पेंशन देगी।

पिछले साल वित्त मंत्रालय ने सरकारी कर्मचारियों के लिए पेंशन योजना की समीक्षा करने और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के मौजूदा ढांचे में किसी बदलाव का सुझाव देने के लिए वित्त सचिव टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी। कई गैर-भाजपा शासित राज्यों ने महंगाई भत्ते से जुड़ी पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को वापस अपनाने का फैसला किया है और कुछ अन्य राज्यों में भी कर्मचारी संगठनों ने इसकी मांग उठाई है। कैबिनेट सचिव मनोनीत टी वी सोमनाथन ने कहा कि नई योजना एक अप्रैल, 2025 से लागू है।





### पेंशनधारकों पर नहीं पड़ेगा पेंशन का भार

पेंशन की नई योजना के बारे में जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पेंशन मद में सरकार का योगदान बढ़ने या एरियर भुगतान के बावजूद कर्मचारियों पर कोई भार नहीं पड़ेगा। केंद्र सरकार का योगदान बढ़कर 18.5 फीसदी हो जाएगा।

### सुनिश्चित होगी कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा: मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकीकृत पेंशन योजना यानी यूपीएस को मंजूरी मिलने के बाद कहा कि देश की प्रगति के लिए कठिन परिश्रम करने वाले सभी कर्मचारियों पर हमें गर्व है। यूपीएस इन कर्मचारियों की गरिमा और आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने वाली है। यह कदम उनके कल्याण और सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### मुख्यमंत्री योगी ने की पेंशन स्कीम की सराहना

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एकीकृत पेंशन योजना की सराहना करते हुए इसे प्रधानमंत्री का युगांतरकारी निर्णय बताया है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा यूपीएस को दी गई मंजूरी अभिनंदनीय है। केंद्र सरकार के लाखों कर्मचारियों को लाभान्वित करता यह युगांतरकारी निर्णय उनके जीवन में आर्थिक सुरक्षा का नया सूर्योदय लेकर आया है।

### केंद्र का योगदान बढ़कर 18.5 फीसदी

कर्मचारियों पर इसका भार नहीं पड़ेगा। 10 वर्ष पहले तक कर्मचारी और सरकार 10-10 फीसदी का योगदान देते हैं। हमारी सरकार ने योगदान बढ़ाकर 14 फीसदी कर दिया था। यह अपने आप में बड़ा कदम था। अब केंद्र सरकार का योगदान बढ़कर 18.5 फीसदी हो जाएगा। यह स्कीम 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी।

### एकीकृत पेंशन योजना की पांच खास बातें...

- **50 फीसदी की सुनिश्चित पेंशन :** यूपीएस अपनाने पर सुनिश्चित पेंशन मिलेगी। इसकी रकम सेवानिवृत्ति से पहले के 12 महीने के औसत मूल वेतन का 50 फीसदी होगी। 25 वर्ष तक की सेवा पर ही यह रकम मिलेगी। 25 वर्ष से कम और 10 साल से ज्यादा की सेवा पर उसके अनुपात में पेंशन मिलेगी।
- **पारिवारिक पेंशन :** किसी भी कर्मचारी के निधन से पहले पेंशन की कुल रकम का 60 फीसदी हिस्सा परिवार को मिलेगा।
- **न्यूनतम पेंशन :** कम से कम 10 साल की सेवा के बाद 10 हजार रुपये प्रतिमाह की न्यूनतम पेंशन सुनिश्चित होगी। महंगाई भत्तों को जोड़कर आज के हिसाब से यह रकम 15 हजार रुपये के आसपास होगी।
- **सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी के अतिरिक्त एकमुश्त भुगतान :** छह महीने की सेवा के लिए (वेतन और डीए) की 10 प्रतिशत रकम का एकमुश्त भुगतान होगा। यानी अगर किसी की 30 साल की सेवा है तो उसे छह महीने की सेवा के आधार पर एकमुश्त भुगतान होगा।


- मार्च 2026 तक नक्सल समस्या करेंगे खत्म : शाह पेज- 12
- विज्ञान धारा, बायो ई-3 नीति को कैबिनेट की मंजूरी पेज- 12


# दूसरे दिन तीन लाख ने छोड़ी परीक्षा

### सिपाही भर्ती परीक्षा

- 72 अभ्यर्थी मिले संदिग्ध, 17 के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, 20 गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में शनिवार को दो पालियों में हुई सिपाही भर्ती परीक्षा में तीन लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी, जबकि नकल करने व अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए पाए गए 72 संदिग्ध अभ्यर्थियों को पकड़ा गया। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अधिकारियों ने कहा है कि अनुचित साधनों का उपयोग करने वाले इन अभ्यर्थियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। 17 अभ्यर्थियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। साथ ही 20 को गिरफ्तार किया गया है।

प्रदेश के 67 जिलों के 1174 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय और नेशनल पीजी कॉलेज में परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त से 5 दिनों तक चलने वाली भर्ती परीक्षा में दो पालियों में कुल 4,81,17441 अभ्यर्थियों के उपस्थित होने की उम्मीद है। सरकार ने अनुचित साधनों के इस्तेमाल को रोकने के लिए हर केंद्र पर सख्त सुरक्षा उपाय लागू किए हैं। जानकारी साझा करते हुए, यूपीपीआरपीबी अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक पाली में 4,81,838 अभ्यर्थी, दोनों पालियों में कुल 963,676 अभ्यर्थी, शनिवार को भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले थे, जबकि 3,21,322 और 3,36121 अभ्यर्थी थे। परीक्षा में क्रमशः पहली और दूसरी पाली में कुल 6,57,443 अभ्यर्थी शामिल हुए।

### पेपर लीक के नाम पर ठगने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने भदोही के सुरियावां निवासी अनिरुद्ध मोदनवाल को गिरफ्तार कर सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया। आरोपी के पास से मोबाइल फोन, क्रेडिट कार्ड, पेटीएम से अभ्यर्थियों से रुपये लेने का स्क्रीन शॉट मिला है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

# पुलिस पर हमला कर तालाब में कूदा गैंगरेप का आरोपी, मौत

- क्राइम सीन रिक्रिएशन के लिए ले जा रही थी असम पुलिस
- गांव वालों ने जनाजे में शामिल होने से किया इनकार

वरिष्ठ संवाददाता, गुवाहटी

**अमृत विचार:** असम के नागांव में शनिवार तड़के गैंगरेप का आरोपी पुलिस हिरासत से भाग कर तालाब में कूद गया। दो घंटे की खोजबीन के बाद उसकी लाश मिली। पुलिस का कहना है कि आरोपी को क्राइम सीन के लिए ले जाया जा रहा था। उसने अचानक पुलिस पर हमला कर दिया और दौड़ कर तालाब में कूद गया।

नागांव में बीते गुरुवार की शाम ट्यूशन से घर लौट रही किशोरी को तीन लोगों ने अगवा कर लिया और तालाब किनारे ले जाकर दरिंदगी की। उसे पास ही फेंक कर फरार हो गए। किशोरी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। घटना से गुस्साए लोगों ने जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया था। इस बीच गांव वालों ने आरोपी के जनाजे में शामिल होने से इनकार कर दिया। वहीं, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने तत्काल डीजीपी को मौके पर भेजा और आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए।

# प्रधानमंत्री का महाराष्ट्र-राजस्थान दौरा आज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र और राजस्थान का दौरा करेंगे। महाराष्ट्र में वह 11 लाख नई लखपति दीदियों को सम्मानित करेंगे। राजस्थान में वह हाईकोर्ट की प्लेटिनम जुबली के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री 25 अगस्त को पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन में भाग लेंगे और इस दौरान राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान हाल ही में लखपति बनीं 11 लाख नई लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे तथा उन्हें सम्मानित भी करेंगे।


LAST 4 DAY
MONTE CARLO
7 DAYS OPEN
- शर्ट, टी-शर्ट
- जीन्स, पैन्ट
- ट्राउजर
- ट्रैक सूट्स
- लोअर
- वरमूडा एवं ऑल मान्टी कारलो

FLAT 50% OFF

SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
मानसून ऑफर
दिनांक: 25.08.2024
₹ 5/- प्रतिदिन समाप्त


# खुसरो कॉलेज के चेयरमैन समेत दो पर रिपोर्ट

### डी-फार्मा की फर्जी मार्कशीट



- 370 से अधिक छात्र-छात्राओं से कई करोड़ रुपये वसूल कर थमा दी थी फर्जी मार्कशीट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** डी-फार्मा के छात्र-छात्राओं को फर्जी मार्कशीट देने के मामले में खुसरो पीजी कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी समेत दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कॉलेज प्रबंधन पर 370 से अधिक छात्रों से करोड़ों रुपये की फीस वसूलने के बाद डी-फार्मा की फर्जी मार्कशीट देने का गंभीर आरोप हैं।

तहरीर में पीड़ित छात्रों ने बताया है कि वर्ष 2020-21 और 2021-22 में उन लोगों ने खुसरो पीजी कॉलेज में डी-फार्मा में दाखिला लिया था। कॉलेज प्रबंधन ने प्रत्येक छात्र से 2.30 लाख रुपये फीस ली थी। प्रबंधन ने दो साल बाद उन्हें डिप्लोमा और मार्कशीट दी थी। ड्रग लाइसेंस बनवाने के लिए छात्रों ने जब औषधि विभाग के कार्यालय में आवेदन किया तो पता चला कि मार्कशीट और डिप्लोमा फर्जी है।

जानकारी होने पर छात्र कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी से मिले और फीस वापस करने को कहा।

आरोप है कि तब शेर अली जाफरी ने सभी को धमकाते हुए कॉलेज से भगा दिया था। छात्रों ने बताया कि इस प्रकरण में उन्होंने डीएम से शिकायत की। इसके बाद सभी ने सीबीगंज थाने पर हंगामा किया, लेकिन इंस्पेक्टर ने समझाकर मामला शांत करा दिया। कार्रवाई न होने पर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए छात्र एसएसपी अनुराग आर्य से मिले और रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। एसएसपी के निर्देश पर सीबीगंज पुलिस ने शनिवार को शेरअली जाफरी व एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अब फर्रुखाबाद में ट्रेन पलटाने की साजिश



- शरारती तत्वों ने रेल पटरी पर रखा लकड़ी का बोटा, इंजन में फंसा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार:** अभी साबरमती एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश की जांच चल ही रही है कि शुक्रवार रात शरारती तत्वों ने कासगंज-फर्रुखाबाद ट्रैक पर पेड़ का तना डालकर ट्रेन डिरेल कराने का प्रयास किया। कासगंज से फर्रुखाबाद जा रही पैसेंजर के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी, लेकिन इंजन के कैटल गार्ड में लकड़ी का हिस्सा फंस गया।

कासगंज-फर्रुखाबाद पैसेंजर स्पेशल ट्रेन बीती रात लगभग 11.20 बजे कायमगंज स्टेशन से रवाना हुई थी। फर्रुखाबाद के लिए बढ़ते समय चालक ने ट्रैक पर पेड़ का तना जैसा पड़ा देखा। उसने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाए। इसके बावजूद इंजन तने से टकरा गया और लकड़ी निचले हिस्से में फंस गई। घटना की सूचना पाकर से रेलवे कर्मी और आरपीएफ टीमें मौके पर पहुंची। एसपी आलोक प्रियदर्शी ने भी मौके पर निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शोक संवेदना के लिए काम से विरत नहीं होंगे अधिवक्ता: कोर्ट

- हाईकोर्ट ने कहा- निर्देश का उल्लंघन माना जाएगा अवमानना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अधिवक्ताओं की हड़ताल पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि किसी अधिवक्ता या व्यक्तिगत संघ द्वारा हड़ताल पर जाने, हड़ताल का आह्वान करने या काम से विरत रहने के कृत्य को आपराधिक अवमानना माना जाएगा।

कोर्ट ने प्रदेश के सभी जिला न्यायाधीशों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अधिवक्ताओं की हड़ताल की किसी भी घटना की सूचना महानिबंधक को दें, जिससे कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि निकायों को अधिवक्ता/अधिकारी या अदालत के कर्मचारी अथवा उनके रिश्तेदारों की मृत्यु के कारण शोक संवेदना में काम से विरत रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोई भी शोक सभा दोपहर 3:30 बजे के बाद ही बुलाई जाएगी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि उक्त निर्देशों का उल्लंघन अवमानना माना जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी की खंडपीठ ने पारित किया।


JPM GROUP OF INSTITUTIONS
LEARN • SERVE • SHARE ESTD. 2006
Affiliated to Mahatma JyotibaPhule Rohilkhand University, Bareilly (MJPRU Code: 128) Affiliated to SCERT, Lucknow (SCERT Code: 080004), Approved by NCTE, New Delhi
Affiliated to BTE, Lucknow (BTE Code: 2354) and Approved by PCI, New Delhi (PCI Code: 5493)
JPM PG COLLEGE | JPM COLLEGE OF PHARMACY | JPM COLLEGE OF TEACHERS' TRAINING



ADMISSION OPEN SESSION 2024-25
SCHOLARSHIPS FOR D.PHARMA, B.PHARMA. & B.EL.ED. STUDENTS 20,000 HURRY UP LIMITED SEATS LEFT
B.El.Ed.
D.El.Ed. | B.El.Ed. | D.Pharma | B.Pharma*
B.Sc.(Agriculture)Hons | B.Sc.(H.Sc.) | B.Sc.(PCM)
M.Sc.(Human Dev.) | M.Sc.(Food & Nutrition)
M.Sc.(Chemistry/Zoology) | M.Sc.(H.Sc.) | B.Sc.(ZBC)
BBA | BCA | M.Com. | B.Com. | MA | BA
*Subject to Affiliation. #T&C Apply.
>>>>> CAMPUS FACILITIES >>>>>
High-Tech Labs with Latest Equipments • Free Coaching for Competitive Exams
Alumni Association • Placement Cell • AV Rooms • Botanical Garden • Canteen
Library • Auditorium • Digital Classrooooms • Sports Ground with latest facilities
>>> 100% PLACEMENT ASSISTANCE FOR ELIGIBLE CANDIDATE
ENQUIRE NOW 8899484668, 9149232322, 8057037500
Campus: Bhairpura Khajuria, Nainital Road, Bareilly (U.P.)
City Office: City Heart Enclave, Opp. Model Town Gate, Stadium Road, Bareilly (U.P.)
Know More at: www.jpmc.ac.in


**प्रकृति** | पीटीआर के जंगल समेत आबादी क्षेत्रों में देखी जा रही इन करिश्माई पक्षियों की मौजूदगी

# अफ्रीका से लंबा सफर तय कर पीलीभीत पहुंचे कुकू

सुनील यादव, पीलीभीत



**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व प्रवासी पक्षियों का गढ़ बनता जा रहा है। प्रवासी साइबेरियन पक्षियों के बाद अब अफ्रीका के जैकोबिन कुकू ने भी दस्तक दी है।

टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के मुताबिक, यह प्रवासी पक्षी पीलीभीत टाइगर रिजर्व के घने जंगलों के अलावा आबादी क्षेत्र में देखे जा रहे हैं। सर्दियां शुरू होते ही यह प्रवासी पक्षी बच्चों के साथ अपने वतन लौट जाएंगे। देश के सर्वश्रेष्ठ टाइगर रिजर्व में शुमार होने की ओर अग्रसर पीलीभीत टाइगर रिजर्व जैवविविधता को लेकर मशहूर है। यहां बाघ-तेंदुओं के अलावा अन्य वन्यजीवों एवं पक्षियों की कई प्रजातियां पाई जाती हैं। यहां की आबोहवा प्रवासी पक्षियों को भी रास आने लगी है। यहां हर साल ही सर्दी के दिनों में साइबेरिया, अलास्का आदि देशों से हजारों की संख्या में प्रवासी पक्षी पहुंचते हैं। करीब चार माह के प्रवास के बाद यह सभी वापस लौट जाते हैं। इधर, अब अफ्रीका के पक्षी जैकोबिन कूको की मौजूदगी देखी जा रही है। इस आम भाषा में चातक भी कहा जाता है।

### अच्छी वर्षा का सूचक माने जाते हैं जैकोबिन कुकू

जैकोबिन कुकू अफ्रीका से लंबा सफर तय कर गर्मियों में यहां पहुंचे हैं। इसका ऊपरी हिस्सा काले रंग और नीचे का हिस्सा सफेद रंग का होता है। सिर पर क्रिस्ट से इसे आसानी से पहचाना जा सकता है। वर्षा ऋतु में यहां अंडे देकर बच्चों का पालन पोषण करता है। इसको अच्छी वर्षा का सूचक भी माना जाता है। टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के अध्यक्ष अख्तर मियां के मुताबिक यह प्रवासी पक्षी कैटरपिलर, कीड़े के अलावा छोटे जंगली फल भी खाता है। सर्दियों के शुरू होते ही जैकोबिन कुकू नए बच्चों के साथ अफ्रीका महाद्वीप वापस लौट जाते हैं। इस प्रवासी पक्षी के बारे में यह भी प्रचलित है कि यह मानसून में बारिश की बूंदों से ही अपनी प्यास बुझाता है।

> पीलीभीत टाइगर रिजर्व में सुदूर देशों से आने वाले प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों में बढ़ोतरी हो रही है। इन दिनों अफ्रीका महाद्वीप का जैकोबिन कूको पीटीआर समेत आबादी में देखा जा रहा है। यह पीटीआर की बढ़ती जैव विविधता का सूचक है।
> **-अख्तर मियां खान**, अध्यक्ष, टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### अनुपस्थित डॉक्टर से मांगा स्पष्टीकरण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ आरके गौतम ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांट का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि डयूटी के समय डॉक्टर व कर्मचारी यूनिफार्म में रहेंगे और नेम प्लेट लगाकर रखेंगे। उन्होंने ओपीडी रजिस्टर चेक किया तो 354 मरीजों को देखा जा चुका था। कहा कि किसी भी मरीज को बाहर की दवा न लिखी जाए और अस्पताल की दवा उपलब्ध कराई जाए। यदि कोई दवा की कमी हो तो स्टोर से प्राप्त कर ली जाए। स्टाफ नर्स सुशील कुमार बिना वर्दी व बिना नेम प्लेट के मिले। पीएनसी वार्ड में तीन प्रसूताएं भर्ती थी, उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मेन्यू के आधार पर नाश्ता व भोजन दिया जाए। अस्पताल में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। डॉ. गौरव सक्सेना बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। उनसे दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। निरीक्षण के समय डॉ राजीव मेहरोत्रा, अजीत सक्सेना, आशा आदि स्टाफ मौजूद थे।

### माखन चोरी लीला बनी आकर्षण का केंद्र

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लीड कांवेंट स्कूल में बच्चे राधा-कृष्ण, बलराम, सुदामा, गोपियों की वेशभूषा में सजधज कर पहुंचे थे। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों से भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य तराना जमाल ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कान्हा की माखन चोरी लीला का मंचन आर्कषण का केद्र रहा। सफीका, आश्वी भार्गव, अक्षरा, ध्रुव, युवान, ऋषिका, अभिराम, प्रथम, रियांश, अभीक, अनिरुद्ध, कुशाग्र, प्रिशा, आरना, सृष्टि, दक्ष, रिद्धिमा, शौर्य, माहिर, आरोही, अथर्व, अव्या आदि बच्चे कार्यक्रमों में शामिल रहे। स्कूल निदेशक मोहम्मद जमाल ने आभार व्यक्त किया।

# बाजार में बाल कृष्ण के खिलौने, कार, बाइक और मोबाइल छाए

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए लड्डू गोपाल समेत सजावटी सामान खरीदने को बाजार में उमड़ रहे ग्राहक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** योगीराज श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाने के लिए लोगों ने जोरशोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। चूंकि जन्माष्टमी 26 अगस्त को मनाई जाएगी, इसलिए समय कम देखते हुए लोगों ने खासतौर पर महिलाओं ने घरों में सजावट करने और लड्डू गोपाल, राधा-कृष्ण का श्रृंगार करने के लिए तमाम प्रकार की फैंसी श्रृंगार सामग्री खरीदी। शनिवार को दुकानों पर पूरे दिन ग्राहक उमड़ते रहे। बाजार में इस बार बाल कृष्ण के खिलौने कार, जहाज, कूलर, बाइक, साइकिल, मोबाइल आदि की विशेष मांग है। यह सभी खिलौने बाजार में बिक रहे हैं, जो एक बच्चा खेलता है। वह खिलौने लोग भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप के खरीद रहे हैं।

जन्माष्टमी पर मंदिरों के अतिरिक्त घर-घर उत्सव मनाने की परंपरा है। नटखट कान्हा का हैप्पी बर्थ-डे मनाने को बच्चों और महिलाओं में बहुत उत्साह रहता है। घरों में पूजाघर सजाए जाते हैं, पूजाघर में स्थापित लड्डू गोपाल, राधा-कृष्ण, मां दुर्गा आदि की मूर्तियों को नई-नई पोशाकें पहनाकर उनका श्रृंगार किया जाता है। परिवार के सदस्य उपवास रखते हैं। यही प्रक्रिया मंदिरों में भी देखी जा सकती है। अब यशोदानंदन का जन्मोत्सव एक दिन बाद ही मनाया जाना है, इसलिए दुकानों पर पोशाकें और श्रृंगार सामग्री खरीदने को लोग उमड़ रहे हैं। बाजार में जगह-जगह लड्डू गोपाल, राधा-कृष्ण आदि की सुंदर पोशाकों और श्रृंगार सामग्री तथा झांकियों की सजावटी सामान की दुकानें सजी हुई हैं, जिन पर खूब भीड़ उमड़ रही है।


श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर बाजार में खरीदारी करते उत्साहित ग्राहक। ● अमृत विचार

### थोक बाजार में भी पहुंच रहे ग्राहक

चौक क्षेत्र में मंडी मोड़ स्थित बाबूराम विजय कुमार गोटा वालों के यहां भगवान के वस्त्रों, पोशाकों, श्रृंगार सामग्री के अलावा लड्डू गोपाल की भी थोक बाजार में भी बिक्री जोरशोर से चल रही है। इसके अलावा छोटा चौक में पीपल नीचे दुकानों पर भी खूब भीड़ उमड़ रही है। बहादुरगंज, मोहम्मद अली मार्केट, कच्चा कटरा मोड़, कृष्णा नगर, रोशनगंज आदि क्षेत्रों की दुकानों पर भी जन्माष्टमी की खरीददारी करने को लोग उमड़ रहे हैं। साथ ही बच्चों को कान्हा के रूप में सजाने के लिए पीले रंग की पोशाकें और पटके की डिमांड खूब हो रही है।


झांकियां सजाने के लिए बच्चों की पीले रंग की पोशाकों की डिमांड खूब है। तमाम महिलाएं अपने बच्चों को कान्हा के वेश में सजाती हैं, इसलिए पीले की धोती, कुर्ती की डिमांड अधिक रहती है। स्कूलों में होने वाले कार्यक्रमों के लिए नन्हें-मुन्नों की पोशाकें खूब बिकी।

– **अभिषेक**, बहादुरगंज

### रंग-बिरंगी झालरों की भी मांग

लड्डू गोपाल, राधा-कृष्ण, मां दुर्गा आदि देव मूर्तियों के लिए तरह-तरह के झूले (पालना), पोशाक, मुकुट, पगड़ी, बांसुरी, बिंदी, तिलक, पयजनियां, कंगन, हार, मोर पंखी, नेत्र हर साइज में दुकानों पर उपलब्ध हैं। साथ ही पूजा घरों और मंदिरों की सजावट के लिए विभिन्न प्रकार की रंग-बिरंगी झालरें भी खूब बिक रही हैं।


मंडी मोड़ पर एक दुकान में लड्डू गोपाल को घर लाने की तैयारी करती एक महिला।


बाजार में बिकती कान्हा की ड्रेस। ● अमृत विचार


राधा कृष्ण के वेश में सजे नन्हें-मुन्ने। ● अमृत विचार


बाजार में श्रृंगार सामग्री की खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### क्या बोले व्यापारी


त्योहार को लेकर हिंदू समाज उत्साहित है। श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाने के लिए लोग बहुत खुश नजर आ रहे हैं। लड्डू गोपाल और बांके बिहारी जी, राधारानी की पोशाकों और श्रृंगार सामग्री की खूब बिक्री हो रही है। बच्चों की पोशाकें भी खूब खरीदी जा रही हैं।

– **गौरव अरोरा**, कृष्णा नगर


सबसे अधिक लड्डू गोपाल की पोशाकें और हार, मुकुट, बांसुरी, झूले बिक रहे हैं। इस बार लकड़ी के अलावा मैटल के मनमोहक डिजाइन के झूलों की डिमांड भी है। पूजा घरों को सजाने के लिए तरह-तरह के आइटम खरीदे जा रहे हैं। त्योहार की खूब रौनक है।

– **हनी गुप्ता**, बहादुरगंज


नटखट कान्हा की श्रृंगार सामग्री की डिमांड खूब हो रही है। लोगों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। लड्डू गोपाल की पोशाकें, मुकुट, पगड़ी, बांसुरी समेत अन्य श्रृंगार के आइटम खूब बिक रहे हैं। जन्माष्टमी का त्योहार लोग उत्साह से मनाते हैं।

– **चंदन**, बहादुरगंज


लड्डू गोपाल, राधारानी और बांके बिहारी जी के साथ मां भगवती की आकर्षक पोशाकें और तमाम प्रकार की श्रृंगार सामग्री की डिमांड जन्माष्टमी पर रहती है। इस बार झूलों का भी खासा स्टाक रखा गया है। लड्डू गोपाल के लिए हर साइज के वस्त्र मौजूद हैं।

– **आशा गुप्ता**, मंडी मोड़ चौक


लीड कांवेंट में सजी आकर्षक झांकी। ● अमृत विचार


मयूर नृत्य प्रस्तुत करते एसएसएमवी के बच्चे। ● अमृत विचार


बिजी बीज स्कूल में कान्हा के रूप में सजे नन्हें-मुन्ने। ● अमृत विचार

# नृत्य नाटिका, रासलीला के बाद फोड़ी दधि हांडी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल (एसएसएमवी) में शनिवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह पूर्वक मनाई गई।

स्वामी शुकदेवानंद स्मृति सभागार में समारोह का शुभारंभ मुमुक्षु शिक्षा संकुल के अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य डॉ. मेघना मेहंदीरत्ता की देखरेख में चले समारोह में छात्र-छात्राओं ने नटखट कान्हा की विभिन्न लीलाओं की मनमोहक प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी। बच्चों ने नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की नामक नृत्य नाटिका, श्रीकृष्ण का कारागार में जन्म, यमुना नदी पार करते वासुदेव, नंदोत्सव, कालिया नाग प्रसंग, रासलीला, महाभारत का युद्ध, गीता उपदेश की झांकी आदि की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। इसी क्रम में छात्र-छात्राओं ने दधि-हांडी फोड़ कर मस्ती की। वर्णिका अग्रवाल, अनुष्का सक्सेना, प्रथा गुप्ता, वैष्णवी गुप्ता, अनन्या शर्मा, तनिष्का, आदि छात्राओं की सहभागिता रही। सचिव अशोक अग्रवाल, डॉ. अवनीश मिश्र, डॉ. जय शंकर ओझा आदि मौजूद रहे।



शिक्षकों के साथ पर्व की खुशियां मनाते राधा-कृष्ण बने बच्चे। ● अमृत विचार

### हाथी घोड़ा पालकी जयकारों से गूंजा डोरेमोंस स्कूल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डोरेमोंस इंटरनेशनल स्कूल में लड्डू गोपाल को गाय के दूध, गंगाजल, पुष्प, धूप, आरती आदि से पूजन किया गया। इस अवसर पर नन्हें-मुन्नों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर भजनों पर डांस किया और मटकी फोड़ी। बच्चों को माखन, मिश्री, टॉफी आदि बांटी गई। प्रधानाचार्य दीपमाला रस्तोगी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अंशिका बाथम के संचालन में चले कार्यक्रम में मानसी रोहरा, चारू अग्निहोत्री, इकरा खान, रोमाना सिद्दीकी, कंचन वर्मा, मुकेश पाल, शुभम सक्सेना, शंकर लाल, पंकज सक्सेना, अभय, ज़ेबा मतीन, सुरैया खान, नीलम यादव, चांदनी, इफ़रा खान आदि मौजूद रहे।




संत कृपाल स्कूल में राधा-कृष्ण रूप में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

### कान्हा की फिल्म देख गदगद हुए बच्चे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** संत कृपाल एकेदमी की दोनों ही शाखों में बच्चों ने कृष्ण और राधा के स्वरूप में सजधज कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर बच्चों ने भगवान श्रीकष्ण के जीवन पर आधारित फिल्म देखी। भजनों पर बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। स्कूल निदेशक श्वेता रस्तोगी ने बच्चों को योगीराज भगवान कृष्ण के जीवन से जुड़ी कहानियां सुनाईं। प्रबंध निदेशक सुशील रस्तोगी ने बच्चों को जन्माष्टमी की बधाई दी। कार्यक्रम शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# राम मुरारी पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मीरानपुर कटरा स्थित राममुरारी पब्लिक स्कूल में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कक्षा प्री-नर्सरी, नर्सरी और केजी के बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में आए। कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डालते हुए प्रधानाचार्य डॉ. लवलेश दत्त ने कहा कि कृष्ण समर्थ होते हुए भी साधारण रूप में रहते थे। वे चाहते तो पहले ही अपशब्द में शिशुपाल का वध कर सकते थे, लेकिन उन्होंने धैर्य के साथ उसके सौ शब्द सुन लिए। सौ का अर्थ शत प्रतिशत होता है इसलिए अगर हमें पहली गलती पर दंड नहीं मिला या टोका नहीं गया तो हमारी गलतियां कब शत प्रतिशत हो जाएंगी हमें पता नहीं चलेगा और हमारे जीवन पर संकट आ जाएगा। प्रबंधक डॉ. अशोक अग्रवाल व डॉ. किरन अग्रवाल की ओर से कार्यक्रम में सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. लवलेश दत्त ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका हर्षिता सक्सेना ने किया।

### नर्सरी के सूर्यांश और प्री-नर्सरी की गुरसीरत कौर रहे प्रथम

कृष्ण की वेशभूषा में नर्सरी के सूर्यांश प्रथम, युग दुबे द्वितीय और अभिनव तृतीय स्थान पर रहे। जबकि राधा के वेश में प्री-नर्सरी की गुरसीरत कौर प्रथम आईं। केजी में हरसिमरन प्रथम, अनुष्का द्वितीय, प्रणय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।


नृत्य करते राधा-कृष्ण के वेष में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

# श्रीकृष्ण की लीलाओं को दर्शाती झांकियों ने मोह लिया मन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** साउथ सिटी स्थित बिजी बीज़ प्री स्कूल में कारागार में श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं को दर्शाती आकर्षक झांकियों ने अभिभावकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत राधा-कृष्ण की झांकी का पूजन कर आरती की गई। मनमोहक झांकियों के दर्शन कर महिलाएं आनंदित हुईं। समापन पर बच्चों ने दही हांडी फोड़ कर खूब मस्ती की। प्रधानाचार्य वसु गोयल ने बच्चों को कृष्ण जन्म से जुड़ी कथा सुनाई। स्कूल निदेशक रोहित गोयल, मंजू कुशवाहा, तृप्ति रस्तोगी, शक्ति मिश्रा, संध्या मिश्रा, दीपाली गुप्ता, देवांशी मेहरोत्रा, आकृति मिश्रा, साहिबा फारूखी आदि का सहयोग रहा।

### लिटिल फ्लावर कान्वेंट स्कूल में सजाई गई मनमोहक झांकियां

**पुवायां, अमृत विचार :** जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में शनिवार को टिल फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राधा कृष्ण की आकर्षक झांकियां सजाकर नन्हें मुन्नों ने मंच पर शानदार प्रस्तुतियां दी। शिक्षिका तान्या सक्सेना, रोज प्रीत कौर, प्रियंका शुक्ला, अपूर्वा गुप्ता, अनामिका, प्रिया भारद्वाज, डिंपल और छाया पांडेय की ओर से राधा कृष्ण के बाल रूप में सजाए गए बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे। प्रधानाचार्य नानक दास मैसी ने कहा कि जन्माष्टमी का पर्व हमें आत्मानुशासन के साथ-साथ जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। भगवान कृष्ण ने तमाम प्रकार की बाधाओं को पार करते हुए मानव समाज के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा प्रस्तुत की। शिक्षक डॉ. प्रदीप वैरागी और लखविंदर सिंह ने भी भगवान श्री कृष्ण के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य बृजभूषण शुक्ला, राजेश बाबू सहित सभी छात्र छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं सहित स्टाफ का सहयोग रहा।


शिक्षिका के साथ कृष्ण की वेशभूषा मे सजे बाल गोपाल। ● अमृत विचार

### बच्चों ने किया बाबा विश्वनाथ मंदिर का भ्रमण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तक्षशिला पब्लिक स्कूल में शिक्षक-शिक्षिकाओं के नेतृत्व में बच्चों को बाबा विश्वनाथ मंदिर समेत अन्य मंदिरों का भ्रमण कराया गया। मंदिर में बच्चे जयकारे लगाते हुए देव स्वरूपों के दरबार में नतमस्तक होते रहे। बच्चों ने श्लोक, गायत्री मंत्र, शिव स्तुति, भजन, चौपाई, हनुमान चालीसा प्रस्तुत कर भगवान से उच्च शिक्षा का आशीष मांगा। मंदिर पुजारी पंडित देवशरण तिवारी, पंडित विनीत शुक्ला, पंडित प्रदीप पांडेय आदि ने बच्चों को प्रसाद वितरित किया। विद्यालय में बच्चों नटखट कान्हा के जीवन से जुड़ी झांकियां प्रस्तुत की। निदेशक अरुण खंडेलवाल, प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल, उप प्रधानाचार्य केसी जोशी, सहसंयोजिका निधि तिवारी, आशा, राखी, सुशीला, सोनम, राधिका, बुशरा, अपर्णा, प्रीति, प्रियंका, नीलू, सुरभि, अनुप्रिया, नुजहत, एकता, अनामिका, अखिल का सहयोग रहा।



### मटकी बांसुरी और झूले सजाकर बच्चे जीते

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हरि कौशल त्यागी पब्लिक स्कूल रोजा में बच्चों ने नटखट कान्हा, राधारानी, गोपियों की आकर्षक वेशभूषा में सजधज कर सभी का मन मोह लिया। भजनों पर नृत्य कर वाहवाही लूटी। मटकी, बांसुरी व झूला सजाने की प्रतियोगिता भी हुई। झूला सजाने में कार्तिक, ओम गुप्ता, समर्थ, बांसुरी सजाने में पारुल, अनन्या, अर्पित, मटकी सजाओ में अदिति, आस्था, आयुषी, ड्रेस में सर्वज्ञ प्रकाश त्यागी, युग गुप्ता, श्रेष्ठ सैनी, मेनिता, काव्या, आरुषि, अदिति, श्रुति, उन्नति विजयी रहे। प्रियंका त्यागी, दीपिका त्यागी, मयंक मिश्रा, सुमन, दीक्षा, सुगंधा, अनामिका, प्रज्ञा, गिरिजा, सृष्टि, सुरुचि, पूनम, प्रिया, कुमकुम, रश्मि आदि मौजूद रहे।










रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार


अच्छा पेपर होने के बाद खुश होती परीक्षार्थी।


ट्रेन में घुसने के दौरान गेट पर आपस में मारामारी करते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

# दूसरे दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई परीक्षा

## पुलिस भर्ती परीक्षा: पहली पाली में 1354, दूसरी में परीक्षा देने नहीं पहुंचे 1293 परीक्षार्थी

शाहजहांपुर,संवाददाता

- डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परखी सुरक्षा व्यवस्था
- परीक्षा छूटने के बाद जीआईसी इस्लामिया कॉलेज के सामने बने जाम के हालात

**अमृत विचार:** जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दूसरे दिन शनिवार को भी पुलिस भर्ती प्रवेश परीक्षा हुई। दूसरे दिन 2647 ने परीक्षा छोड़ी जबकि 7865 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे। परीक्षा देने के लिए कुल 10512 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। सभी 12 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया था।

कुल 5256 परीक्षार्थियों के लिए दो पालियों में परीक्षा कराई गई। जिसमें पहली पाली में 1354, दूसरी में 1293 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा ने राजकीय पॉलिटेक्निक , एलबीजेपी इंटर कॉलेज तिलहर में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी में लगे अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न करना है।निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कंट्रोल रूम, प्रकाश, पेयजल व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं को भी देखा तथा परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थित के संबंध में भी जानकारी ली।

पहली पाली की परीक्षा शुक्रवार की तरह शनिवार को भी सुबह 10 बजे से शुरू हुई, लेकिन परीक्षा केंद्रों पर सुबह सात बजे से ही परीक्षार्थियों का पहुंचना शुरू हो गया था। जिले में आर्य महिला इंटर कॉलेज, आर्य महिला पीजी कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज,जीएफ कॉलेज ब्लॉक-1, जीएफ कॉलेज ब्लॉक-2, गर्वमेंट इंटर कॉलेज, गर्वमेंट पॉलीटेक्निक कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, एसएस कॉलेज ब्लॉक-1 और एलबीजेपी इंटर कॉलेज तिलहर में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर लंबी लाइन लगी हुई थी।सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा केंद्रों पर भारी संख्या में पुलिस बल लगाया गया था। परीक्षा केंद्र में प्रवेश लेने से पहले परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई।

शनिवार को प्रथम पाली में 5256 के सापेक्ष 4902 परीक्षार्थी 74.239 प्रतिशत उपस्थित रहे और 1354 परीक्षार्थी 25.761 प्रतिशत अनुपस्थित रहे।

वहीं द्वितीय तीन बजे से शुरू हुई, जिसमें 5256 के सापेक्ष 3963 परीक्षार्थी 75.400 प्रतिशत उपस्थित तथा 1293 परीक्षार्थी 24.600 प्रतिशत अनुपस्थित रहे। शाम पांच बजे परीक्षा छूटने के बाद परीक्षार्थी एक दूसरे से पेपर के बारे में जानकारी करते रहे। परीक्षा छूटने के दौरान इस्लामिया इंटर कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज व देवी संपद इंटर कॉलेज के सामने मुख्य सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। जाम न लगने पाए, इसके लिए पुलिस धीरे-धीरे वाहनों को निकालती रही।


परीक्षा देने के बाद बैग लेते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार


तिलहर के एलबीजेपी इंटर कॉलेज में बने केंद्र का निरीक्षण करते डीएम उमेश प्रताप सिंह व एसपी अशोक कुमार मीणा। ● अमृत विचार

### रोडवेज ने अब तक 9.5 लाख परीक्षार्यों को कराई मुफ्त यात्रा

**शाहजहांपुर।** प्रदेश सरकार की ओर से डिपो ने परीक्षार्थियों को पहले दिन रात 12 बजे तक साढ़े नौ लाख रुपये का सफर का मुफ्त उपहार दिया है। शुक्रवार की रात 12 बजे के बाद से दिन में दस बजे परीक्षार्थियों का बसों से बस अड्डे पर आना जाना लगा रहा था। पूरे दिन बस अड्डे पर भीड़ रही। द्वितीय पाली की परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षार्थी बस अड्डे पर एकत्रित हो गए। लखनऊ, बदायूं, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, लखीमपुर, फर्रुखाबाद आदि जिलों की बसों को तलाश करते रहे। बस के आते ही सीट पाने के चक्कर में लोग दरवाजे के पास एकत्रित हो जाते थे। कुछ लोग खिड़की से झुक जाते थे। कुछ लोग खिड़की से अपना बैग सीट पर डाल देते थे। बस के अंदर सीट को लेकर मारा मारी होती थी। इधर रविवार को होने वाली परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों का रोडवेज बस अड्डे आना जाना लगा था। एआरएम शैलेंद्र मोहन ने बताया कि अब तक दिन 7819 परीक्षार्थियों ने 9 .5 लाख रुपये की मुफ्त यात्रा की है। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार असुविधा नहीं होने दी जा रही है।

### हेल्प डेस्क से पुलिस नदारद, परीक्षार्थी कर रहे आराम




**शाहजहांपुर।** पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए रेलवे स्टेशन पर जीआरपी हेल्प डेस्क खोली है और एक चार्ट लगाया गया है। चार्ट में परीक्षा केंद्र जाने का रास्ता और स्टेशन से कितनी किमी दूर है। हेल्प डेस्क इस लिए बनायी गई कि पुलिस कर्मचारी परीक्षार्थियों को सही जानकारी दे सके। हेल्प डेस्क पर कोई कर्मचारी नजर नहीं आता है। दो कुर्सी खाली पड़ी रहती है। शनिवार को परीक्षार्थी हेल्प डेस्क पर आराम फरमाते दिखे। न ही टिकट घर काउंटर पर कोई सिपाही नजर आता है। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र की जानकारी के लिए इधर-उधर भटकते रहे। इधर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में अंधेरा रहता है। एक हाईमास्ट लाइट लगी हुई है, जिसमें छह लाइटों में तीन लाइटें एक साइड की जलती है और टिकट घर की तरफ अंधेरा रहता है। जबकि लाइट ठीक करने के रेलवे विद्युत विभाग के अधिकारी को मेमो दिया गया है।

### केंद्र वार परीक्षार्थियों की स्थिति

**प्रथम पाली**

| परीक्षा केंद्र | उपस्थित | अनुपस्थित | आवंटित छात्र संख्या |
|---|---|---|---|
| आर्य महिला इंटर कॉलेज | 271 | 113 | 384 |
| आर्य महिला पीजी कॉलेज | 281 | 103 | 384 |
| देवी प्रसाद इंटर कॉलेज | 321 | 111 | 432 |
| जीएफ कॉलेज ब्लॉक | 1376 | 104 | 480 |
| जीएफ कॉलेज ब्लॉक-2 | 345 | 135 | 480 |
| गर्वमेंट इंटर कॉलेज | 311 | 97 | 408 |
| गर्वमेंट पॉलीटेक्निक कालेज | 345 | 111 | 456 |
| इस्लामिया इंटर कॉलेज | 362 | 118 | 480 |
| जनता इंटर कॉलेज | 294 | 114 | 408 |
| धर्मानंद इंटर कॉलेज | 284 | 100 | 384 |
| एसएस कॉलेज ब्लॉक-1 | 353 | 127 | 480 |
| एलबीजेपी इंटर कॉलेज तिलहर | 359 | 121 | 480 |

**द्वितीय पाली**

| परीक्षा केंद्र | उपस्थित | अनुपस्थित | आवंटित छात्र संख्या |
|---|---|---|---|
| आर्य महिला इंटर कॉलेज | 313 | 71 | 384 |
| आर्य महिला पीजी कॉलेज | 269 | 115 | 384 |
| देवी प्रसाद इंटर कॉलेज | 335 | 97 | 432 |
| जीएफ कॉलेज ब्लॉक-1 | 371 | 109 | 480 |
| जीएफ कॉलेज ब्लॉक-2 | 367 | 113 | 480 |
| गर्वमेंट इंटर कॉलेज | 301 | 107 | 408 |
| गर्वमेंट पॉलीटेक्निक कालेज | 342 | 114 | 456 |
| इस्लामिया इंटर कॉलेज | 360 | 120 | 480 |
| जनता इंटर कॉलेज | 302 | 106 | 408 |
| धर्मानंद इंटर कॉलेज | 292 | 92 | 384 |
| एसएस कॉलेज ब्लॉक-1 | 352 | 128 | 480 |
| एलबीजेपी इंटर कॉलेज तिलहर | 359 | 121 | 480 |

### स्टेशन पर उमड़े परीक्षार्थी.... स्लीपर कोच कब्जाया, यात्री परेशान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर दूसरे दिन शनिवार को परीक्षा छूटने के बाद स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भीड़ जमा हो गई। डाउन व अप लाइन की ट्रेन आते ही परीक्षार्थियों ने स्लीपर और एसी कोच की बर्थ पर कब्जा कर लिया। परीक्षार्थियों की रिजर्वेशन वाले यात्रियों से नोकझोंक हुई है। इधर टिकट घर पर परीक्षार्थियों की लंबी कतार लगी हुई थी। टिकट को लेकर मारामारी रही। परीक्षा दूसरे दिन शनिवार को दो शिफ्टों में हुई। शाम छह बजे परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षार्थी काफी संख्या में रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। स्टेशन पर टिकट के लिए यात्रियों की लंबी कतार लगी हुई थी। टिकट को लेकर मारा मारी थी। प्लेटफार्म संख्या चार पर गंगा सतलज एक्सप्रेस, पंजाब मेल आई। जनरल कोच में पहले से पैर रखने की जगह नहीं थी। लोग जनरल कोच में धक्की मुक्की देकर चढ़ने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन जनरल कोच में जगह न मिलने से परीक्षार्थियों ने एसी और स्लीपर कोच में घुस गए। यात्रियों की बर्थ पर जबरन बैठ गए। इस दौरान यात्रियों की परीक्षार्थी से जमकर नोकझोंक हुई। इसी प्रकार डाउन लाइन की श्रमजीवी एक्सप्रेस, बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस, बरेली-प्रयाग एक्सप्रेस प्लेटफार्म एक पर आकर रुकी। तीनों ट्रेनों में पीछे से भीड़ आ रही थी। परीक्षार्थी स्लीपर कोच में घुस गए। रिजर्वेशन वाले यात्रियों ने प्लेटफार्म डियूटी पर तैनात जीआरपी और गार्ड से शिकायत की। यात्रियों की एक नहीं सुनी है। अधिकारी परीक्षार्थियों को समझाने का प्रयास कर रहे थे।



## एक नजर

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**कुर्रिया कला, अमृत विचार :** नाबालिग से दुष्कर्म कर तालाब में धक्का देने के मामले में नामजद तीन आरोपियों में से पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दो फरार हैं, जिन्हे पुलिस तलाश रही है। कांट क्षेत्र की कुर्रिया कला चौकी के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि रात करीब 11 बजे जब वह पेशाब करने के लिए उठा तो उसकी उसकी 17 वर्षीया पुत्री घर में नहीं थी। तलाश करने पर वह घर के पड़ोस के तालाब के किनारे भीगे कपड़ों में मिली थी। पीड़िता ने पिता को बताया था कि रात के समय जब वह पेशाब को उठी तो उसे सुधीर पकड़ कर तालाब के पास खींच ले गया, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान आरोपी का भाई राहुल एवं उसका दोस्त शैलेंद्र आ गए। दोनों ने उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की और उसे तालाब में धक्का देकर भाग गए। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। वहीं एसपी अशोक कुमार मीणा ने भी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। शनिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी सिंह ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी सुधीर को कुर्रिया कला के तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।

### वारंटी गिरफ्तार, पुलिस ने किया चालान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी सीपी शुक्ला ने बताया कि अभियुक्त हरिओम निवासी चौढ़ेरा थाना रामचंद्र मिशन के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी हुआ था। उसके खिलाफ एससी, एसटी का मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने आरापी हरिओम को शनिवार की सुबह घर से बाहर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। उसके खिलाफ तीन पहले से तीन मुकदमें दर्ज है। टीम में उप निरीक्षक कैलाश चंद्र आदि थे।

### तमंचा समेत युवक को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि शनिवार की सुबह पांच बजे हाईवे पर गोशाला मोड़ पर एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से तमंचा व एक कारतूस बरामद कर चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक रोहित कुमार, सौरभ शुक्ला आदि थे।

### डीजल चोरी करने पहुंचे थे खदेड़ने पर भागे

**रोजा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव बनतारा में एक गैंग ट्रक से डीजल चोरी कर रहा था। ट्रक चालक के जाग जाने पर चोरी करने वाले जहांनपुर गांव में घुस गए। इसके बाद ग्रामीणों ने पीछा किया तो आरोपी फायरिंग करते हुए खेतों से भाग गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। रोजा पुलिस पहुंची तो गाड़ी के अंदर से डीजल चोरी करने के उपकरण बरामद हुए।

# बंधक बनाकर महिला से 18 दिन तक किया सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, मकसूदापुर

- पूर्व प्रधान समेत चार लोगों पर लगाया आरोप, दी तहरीर
- शाहजहांपुर के एक मकान में आरोपियों ने बनाया था बंधक
- चंगुल से छूटकर गांव पहुंची, तब पति को सुनाई आपबीती
- सास ने कुछ दिन पहले दर्ज कराई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** बंडा क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला को कुछ लोगों ने शाहजहांपुर में एक मकान में बंधक बना लिया।आरोप है कि उसके साथ 18 दिन तक पूर्व प्रधान समेत चार लोग दुष्कर्म करते रहे। जैसे-तैसे आरोपियों के चंगुल से छूटकर घर पहुंची महिला ने पति का आपबीती सुनाई। पीड़िता ने पति के साथ थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। वहीं पुलिस का कहना है कि महिला की सास की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज है, मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

बंडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पति के साथ बंडा थाने पहुंचकर तीन दिन पूर्व तहरीर दी थी कि 19 जुलाई को दोपहर के समय जब वह अपने बच्चों के साथ घर में अकेली थी। तभी सिंधौली क्षेत्र के दो लोग उसके घर पहुंचे और पीड़िता के पति को सड़क दुर्घटना में घायल होने और शाहजहांपुर अस्पताल में भर्ती होने की बात बताई। बदहवाशी में वह घर में रखे दस हजार रुपये की नगदी समेत कुछ जेवर लेकर उनके साथ गाड़ी में बैठकर चली गई। बंडा से गाड़ी कुछ आगे पहुंचने पर उसमें एक गांव के पूर्व प्रधान समेत दो अन्य लोग भी सवार हो गए। कुछ दूरी चलने के बाद प्यास लगने पर उसने पानी मांगा तो साथ जाने वाले लोगों ने उसे पानी की बोतल दी। पानी पीने के बाद वह बेहोश हो गई। पीड़िता ने बताया कि जब उसे होश आया तो उसने अपने आप को शाहजहांपुर के एक मकान में निर्वस्त्र पाया। जिससे उसे अपने साथ बुरा कार्य होने का एहसास हुआ। जब उसने उक्त लोगों से अपने पति के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि उसका पति ठीक है लेकिन अब वह उनके साथ ही रहेगी। इसके बाद उक्त लोगों ने 18 दिनों तक बारी-बारी से दुराचार किया। उनके चंगुल से किसी तरह छूट कर तीन दिन पूर्व महिला गांव पहुंची और पति को आप बीती सुनाई। पति उसे लेकर बंडा थाने गया और तहरीर दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शिकायत करने के तीन दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है और आरोपी पूर्व प्रधान के राजनैतिक प्रभाव के चलते मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

> महिला की सास द्वारा कुछ दिन पूर्व गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। अब उसका पति दुराचार की शिकायत कर रहा है। जिसकी जांच की जा रही है।
> **- राकेश कुमार**, प्रभारी निरीक्षक

### घर में घुसकर दुष्कर्म करने के आरोपी को किया गिरफ्तार, कोर्ट से भेजा गया जेल



**पुवायां, अमृत विचार :** घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शुक्रवार को क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला अपने घर पर अकेली थी। इसी दौरान अजय पुत्र दुर्जनलाल निवासी मरेना घर में घुस आया और जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि पुलिस में शिकायत करोगी तो अंजाम ठीक नहीं होगा। तहरीर मिलने पर पुलिस ने तुरंत आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान ने घटना के बाद 24 घंटे के अंदर की आरोपी अजय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# लापता वृद्धा का दूसरे दिन तालाब में मिला शव


तालाब किनारे पहुंची पुलिस और मौके पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

- परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इंकार, बोले- ठीक नहीं था मानसिक संतुलन
- दो बेटों के परिवार के साथ रहती थीं तिलहर चौहंदिया गांव की आयशा बेगम

**अमृत विचार :** घर से अचानक लापता हुई वृद्धा का शव दूसरे दिन शनिवार दोपहर तालाब में उतराता मिला। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की।

नगर के मोहल्ला चौहंदिया निवासी आयशा बेगम(65) पत्नी अशफाक हुसैन घर में दो शादीशुदा बेटों जावेद और शावेद के साथ रहती थीं। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों ने उनकी कई जगह जानकारी की लेकिन कुछ पता नहीं चला। दोपहर बाद तक दोनों बेटे उन्हें तलाशते रहे लेकिन कोई जानकारी न मिलने पर मायूस हो गए और थाने पहुंचकर मामले की जानकारी दी। जावेद ने मां आयशा बेगम के लापता होने की तहरीर दी, जिस पर पुलिस गुमशुदगी दर्ज करने के बाद तलाश में जुट गई। पुलिस ने परिजनों से भी तलाश जारी रखने को कहा। देर रात तक लापता वृद्धा का कुछ पता नहीं चला। शनिवार सुबह परिवार के लोग फिर से तलाश में जुट गए। घर से करीब पांच सौ मीटर दूर पीरगैब तालाब में शनिवार दोपहर करीब दो बजे आयशा का शव उतराता हुआ दिखाई दिया, तो लोगों की भीड़ लग गई। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। बेटे जावेद ने शव की शिनाख्त मां आयशा के रूप में की। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। तब फिर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया। परिजनों के मुताबिक वृद्धा का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। बेटा जावेद फल का ठेला लगाता है और शावेद मजदूरी करता है।


मृतका आयशा बेगम।

सूचना

रेलवे ट्रैक पर मरम्मत कार्य के चलते बंद की गई डभौरा क्रॉसिंग

# छह दिन बंद रहेगा तिलहर–निगोही संपर्क मार्ग

संवाददाता, तिलहर

- अधिक दूरी तय करते हुए दूसरे मार्गों से निकलेंगे वाहन

**अमृत विचार :** तिलहर-निगोही संपर्क मार्ग रेलवे क्रॉसिंग डभौरा के पास ट्रैक पर मरम्मत कार्य की वजह से छह दिन के लिए बंद कर दिया गया है। इस रूट पर जाने वाले वाहनों को अधिक दूरी तय करते हुए दूसरे मार्गों से निकलना पड़ेगा। पहले दिन लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। क्योंकि इस रूट से गुजरने वालों को जब क्रॉसिंग के पास रोड बंद मिली तो उन्हें पास के गांवों के अंदर से होते हुए तिलहर व निगोही पहुंचना पड़ा।

तिलहर-निगोही संपर्क मार्ग पर गांव डभौरा में रेलवे क्रॉसिंग पर जेसीबी से रेलवे ट्रैक की मरम्मत के लिए खुदाई की गई। ब्लॉक नहीं मिलने के कारण स्लीपर बदलने का कार्य शनिवार को नहीं हो सका, जबकि रेलवे ट्रैक पर खुदाई हो चुकी है और तिलहर निगोही संपर्क मार्ग क्रॉसिंग बंद होने के कारण पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण सक्सेना ने बताया कि 24 अगस्त से 29 अगस्त तक तिलहर-निगोही मार्ग के गेट नंबर 334 सी पर रेलवे पथ पर ट्रैक मरम्मत , स्लीपर चेंज तथा रेल चेंज का कार्य किया जाना है, जिसके तहत तिलहर निगोही मार्ग का गेट नंबर 334 सी छह दिन तक लगातार बंद रहेगा। इसलिए तिलहर-निगोही का यातायात गेट नंबर 332 बहादुरपुर हॉल्ट, गेट नंबर 333 रुजगारी क्रॉसिंग, तथा 336 गुलचंम्पा क्रॉसिंग से संचालित होगा। सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण सक्सेना ने बताया कि ब्लॉक नहीं मिलने के कारण पहले दिन केवल मुख्य क्रॉसिंग के समीप खुदाई का कार्य हो चुका है। वहीं रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से क्षेत्र के कई गांव के लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि इस बीच अगर कोई व्यक्ति बीमार हो जाता है, तो उसे उपचार के लिए ले जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ेगी।


डभौरा रेलवे क्रॉसिंग के पास मरम्मत के लिए खोदा गया रेलवे ट्रैक। ● अमृत विचार

### ... तो तय करनी होगी 20 से 30 किलोमीटर की दूरी

ग्रामीणों ने बताया कि शाम छह बजे रुजगारी रेलवे क्रॉसिंग बंद कर दी जाती है और फिर सुबह छह बजे खोली जाती है, इसलिए इस रूट से रात में निकलने वाले वाहनों के लिए यह रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाता है। ऐसे में इस रूट से गुजरने वाले वाहनों को निगोही–खुदागंज होते हुए आगे का रास्ता तय करना पड़ेगा या फिर निगोही से शाहजहांपुर होते हुए तिलहर पहुंचकर आगे का सफर तय करना होगा। इसके लिए 20 से 30 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी होगी।

## एक नजर

### सड़क किनारे पलटा हरियाणा जा रहा टैंकर



**जैतीपुर, अमृत विचार :** नौगवां गोविंदपुर गांव के समीप मोड़ पर शनिवार सुबह रोजा थर्मल पावर से राखी लेकर हरियाणा जा रहा टैंकर पलट गया। गनीमत रही कि चालक-परिचालक बाल-बाल बच गए। चालक राजेश ने बताया सामने से आ रहे वाहन को बचाने में गाड़ी पलट गई। उसने मालिक को जानकारी दे दी है।

### ट्रैक्टर छीनकर बिक्री करने का आरोप

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने ऑनलाइन दर्ज कराई शिकायत में बताया कि करीब दो माह पूर्व वह हाईवे से जा रहा था। तभी गर्रा पुल के पास एक होटल पर बैठे कुछ लोगों ने उसका ट्रैक्टर छीन लिया और मारपीट की। पूछताछ में पता चला कि वो रिकवरी एजेंट हैं। उक्त लोगों ने जबरन ट्रैक्टर छीनकर उसे बेच दिया। जबकि उसने कई किश्तें जमा की थीं। पीड़ित ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अजीजगंज चौकी प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। एजेंट को बुलाया गया था।

# रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

## परिवार के साथ हरिद्वार जा रहा था गोला निवासी गंगाराम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर रेल लाइन पार करते समय रन थ्रू ट्रेन से टकराकर अधेड़ की कटकर मौत हो गयी। रेल लाइन पर पड़े शव को मालगाड़ी रौंदती हुई निकल गई। जिससे शव बुरी तरह कुचल गया। परिवार के साथ हरिद्वार जा रहा था। मृतक लखीमपुर का रहने वाला था।

जिला लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ के मोहल्ला जिस्ताना निवासी गंगाराम(55) हरिद्वार में काम करता था। रक्षा बंधन के लिए घर आया था। पत्नी और दो बच्चों के साथ हरिद्वार जाने के लिए शुक्रवार की रात सवा नौ बजे रेलवे स्टेशन पर पहुंचा। पत्नी व बच्चे तो लाइन पार करके प्लेटफार्म दो पर चढ़ गए। गंगाराम चढ़ ही रहा था। तभी बरेली से लखनऊ जा रही रन थ्रू ट्रेन आने लगी। यात्रियों ने शोर मचाया कि ट्रेन आ रही है। घबराहट में वह प्लेटफार्म पर चढ़ नहीं पाया। वह ट्रेन से टकराकर लाइन के किनारे गिर गया और कटकर मौत हो गई। लोको पायलट ने समझा कि ट्रेन से टकराकर गिर गया है। रेलवे कंट्रोल को सूचना नहीं दी गई। इस दौरान मालगाड़ी उसके शव से निकल गई। उसका पेट बुरी तरह कुचल गया। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान खां मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्टेशन पर मौजूद पत्नी और बच्चे बेहाल हो गए।



रेलवे ट्रैक पर शव को तलाश करती जीआरपी। ● अमृत विचार

### घायल की अस्पताल में मौत, शिनाख्त नहीं

**शाहजहांपुर।** गुरुवार की रात नौ बजे अप लाइन पर ट्रेन आ रही थी। रोडवेज रेलवे फाटक को बंद कर दिया गया था। रेलवे फाटक के बैरियर के नीचे एक युवक निकल रहा था। ट्रेन की चपेट में आकर वह घायल हो गया था। जीआरपी रेलवे फाटक पर पहुंची। घायल को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। अज्ञात की उम्र 46 है। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक रेहान खां ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बदायूं, शाहजहांपुर में बनेंगे पांच नए उपकेंद्र

**बरेली कार्यालय, अमृत विचार:** बदायूं और शाहजहांपुर में पांच नए विद्युत उपकेंद्र बनाए जाएंगे।

अधिकारियों के अनुसार अगले माह से काम शुरू कर दिया जाएगा। वहीं पीलीभीत और शाहजहांपुर में 15 ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने का काम भी शुरू करा दिया गया है। गर्मी में बरेली के अलावा पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर के उपभोक्ता बिजली कटौती से काफी परेशान हुए। समस्या के समाधान के लिए बरेली जोन टू के बदायूं जिले के मौसमपुर, सैजनी, सराय बरौलिया और शाहजहांपुर के बंडा में नए उपकेंद्र बनाए जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार उनका निर्माण बिजनेस प्लान के तहत अगले साल तक पूरा कराने का लक्ष्य रखा गया है। पीलीभीत और शाहजहांपुर में 15 ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने का काम शुरू कर दिया गया है।

### किशोरी को किया अगवा

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने बताया कि 21 अगस्त की शाम पांच बजे उसकी 23 वर्षीया पुत्री किसी काम से गई थी। वह रात नौ बजे लौटकर नहीं आई तो परिवार वालों ने तलाश किया। उसका पता नहीं चला। उसे दूसरे दिन पता चला कि मोहल्ले का अब्दुल नोमान उसकी पुत्री को अगवा करके ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दो शिकायतों में पुलिस टीम भेजी



थाना दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे फरियादी और उनका निस्तारण करते अफसर। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

● राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित छह शिकायतें पहुंची चार मामलों में म गठित

**अमृत विचार :** थाना परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित छह शिकायतें पहुंची। अधिकारियों ने दो शिकायत में पुलिस टीम को मौके पर भेजकर कार्रवाई के लिए आदेश दिया। जबकि राजस्व विभाग से संबंधित चार शिकायतों में जांच करने के लिए टीम गठित कर दी गई है। इसके साथ ही अन्य विवादित मामलों में टीम गठित कर जांच करने के निर्देश दिए गए है।

शनिवार को खुटार थाने में समाधान दिवस में सीओ पंकज पंत, कानूनगो नारायन दास मिश्रा के साथ ही कई लेखपाल पहुंचे। जहां पहले से ही फरियादी समस्याओं को लेकर अधिकारियों का इंतजार कर रहे थे। पीड़ितों ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर समस्याओं को अवगत कराया और कार्रवाई की मांग की। जिस पर सीओ पंकज पंत ने दो शिकायतकर्ताओं के प्रार्थना पत्र का संज्ञान लिया और पुलिस टीम को मौके पर भेजकर कार्रवाई के आदेश दिए। इसके बाद राजस्व विभाग से संबंधित चार शिकायत का निस्तारण में टीम गठित कर दी। इसके अलावा जमीन विवाद से संबंधित मामलों में शिकायकर्ताओं ने लेखपाल से जानकारी ली। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि छह शिकायतें समाधान दिवस में आई थी। दो मामलों में पुलिस को भेजा गया। इसमें जांच कर कार्रवाई की जाएगी और अन्य में भी जांच की जा रही है। उधर, सीओ पंकज पंत और कानूनगो नारायण दास शिकायतों का संज्ञान लेकर पीड़ितों को कार्रवाई का आश्वासन देकर वापस लौट गए। समाधान दिवस में थानाध्यक्ष संजय कुमार, समस्त स्टाफ, लेखपाल मौजूद रहे।

### थाना समाधान दिवस में तीन शिकायतें निस्तारित

**पुवायां।** शनिवार को कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें नायब तहसीलदार श्राजित निगम एवं प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान ने जनता की समस्याएं सुनी। इस दौरान कुल चार शिकायत दर्ज की गई जिसमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में लेखपाल एवं बीट के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# गुरुओं का सम्मान करते थे श्री कृष्ण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● ऑल सेंट्स स्कूल में डायरेक्टर ने बच्चों को समझाया गीता का सार
● श्रीकृष्ण, राधा, यशोदा, देवकी बलराम की वेशभूषा में पहुंचे बच्चे

**अमृत विचार :** ऑल सेंट्स स्कूल में शनिवार को जन्माष्टमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नटखट नंद गोपाल के वेश में सजे बच्चे बहुत ही सुंदर दिख रहे थे। बच्चों ने राधा, यशोदा, देवकी व बलराम आदि का भी रूप धरा। बच्चों ने झांकियां सजा, नृत्य और सुदामा नाटक के मंचन से सबका मन मोहा।

प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी ने बच्चों को श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुना बताया कि किस प्रकार उन्होंने धर्म की स्थापना की थी। कृष्ण ने दुनिया को यह सिखाया कि हमारे जीवन में मां-पिता का अहम रोल है। विष्णु का अवतार रूप होने के बावजूद श्री कृष्ण के मन में अपने गुरुओं के लिए बहुत सम्मान था। डायरेक्टर सचिन बाथम ने कहा कि श्री कृष्ण ने भागवत गीता में कहा है कि जो भी होता है अच्छे के लिए होता है तो हमें कभी भी किसी भी परिस्थिति से हारना नहीं चाहिए और स्वयं पर विश्वास रखना चाहिए। इसके बाद दही हांडी फोड़ने की प्रतियोगिता का आरंभ हुआ। कार्यक्रम में श्रेष्ठ, मिष्टी, रे, कनक, मान्या, पीहू, जाया, वाणी, आशी, अरनव, पर्णिका, जानवी, अनान्या, यशवी, अमायरा, विनाकय, तुषार, एंजल, कार्तिक, विराट, हर्षिका, आदि बच्चों ने सहभागिता की

कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल स्टाफ में कोऑर्डिनेटर तस्कीन शगुफ्ता, रुबी गुप्ता, जोया, नेहा, समन, शुभा, गुलशन, फरीन, दीपिका, प्रियंका, मेघा, सना, रोज़, अजीम, अश्विनी, श्रृष्टि आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।



शिक्षकों के साथ पर्व को लेकर उत्साहित बच्चे। ● अमृत विचार



राधा-कृष्ण के वेश में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

### धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का पर्व

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** यूनिटी कॉन्वेंट स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी शनिवार को धूमधाम से मनाई गई। बच्चे कृष्ण व राधा की पोशाक पहन कर स्कूल पहुंचे और श्रीकृष्ण व राधा की सुंदर झांकियां निकाली। पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों ने सुंदर-सुंदर बांसुरियां बनाई। पांचवीं कक्षा के बच्चों ने कृष्ण के जीवन से संबंधित नृत्य कर माहौल कृष्णमय कर दिया। बच्चों ने दही हांडी फोड़ी। प्रधानाचार्या श्वेता अवस्थी ने बताया कि ऐसे उत्सव न केवल बच्चों में नई ऊर्जा व स्फूर्ति प्रदान करते बल्कि उन्हें अपनी संस्कृति व सभ्याचार से जोड़कर भी रखते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्कूल के डायरेक्टर अमरेंद्र तिवारी, अध्यापक गौरव मिश्रा सहित स्टाफ मौजूद रहा।

## लखनऊ पहुंची पैदल तिरंगा यात्रा

**कलान, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव कुडरियां निवासी विनोद गुप्ता उर्फ राजा भैया ने 20 अगस्त को गांव से लखनऊ तक पैदल तिरंगा यात्रा शुरू की थी।

लखनऊ पहुंचकर उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर क्षेत्र की 10 सूत्रीय मांगों को उनके समक्ष रखा और उनका निस्तारण कराने की मांग की। बता दें कलान क्षेत्र अति पिछड़ा और गंगा-रामगंगा से बाढ़ की चपेट में आने वाला इलाका है। जिससे लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बाढ़ आने पर रास्ते बंद हो जाते है। फसलें डूब जाती हैं। रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाता है। इन्हीं सब परेशानियों को लेकर यात्रा लखनऊ गई थी। वहीं तिरंगा यात्रा के दूसरे दिन से गांव ब्रह्म नगला एवं बोझी में विद्युतीकरण किए जाने का सामान पहुंचना शुरू हो गया है।

# गयादीन बने कांट ब्लॉक के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के मंडल अध्यक्ष सुखजीत सिंह औलख और जिलाध्यक्ष तरविंदर सिंह मोमी की अध्यक्षता में शनिवार को सिंधौली ब्लॉक के बाजपुर गांव में बैठक हुई।

जिसमें संगठन के जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार मौर्य, जिला संगठन मंत्री धर्म सिंह यादव, सिंधौली ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष सोनू मिश्रा, ब्लॉक उपाध्यक्ष सागर मिश्रा, रामसागर व संगठन के तमाम पदाधिकारियों का सहयोग रहा। इसके बाद मदनापुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत जिराऊ में दिलीप सिंह राणा के फार्म पर क्षेत्रीय किसानों व कार्यकर्ताओं से मदनापुर ब्लॉक के विभिन्न मुद्दों जैसे कि विद्युत् आपूर्ति की समस्या, आवारा पशुओं की समस्या, जलालाबाद में कर्दे के नाम पर हो रही किसानों से लूट आदि मुद्दों पर चर्चा हुई और निस्तारण के लिए संगठन के विस्तार के लिए सदस्यता गृहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय संयुक्त किसान मजदूर यूनियन छोड़कर आए गयादीन वर्मा को कांट ब्लॉक का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। आशा की गई है कि गयादीन अपने पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए किसान, मजदूर हित की लड़ाई लड़ते रहेंगे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह लाली, जिला महामंत्री दिलबाग सिंह, जिला कोषाध्यक्ष प्रेम सिंह, रणजीत सिंह, धीरज यादव, तहसील अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह, प्रजीत सिंह, गुरविंदर सिंह आदि तमाम पदाधिकारियों का सहयोग रहा।



नवनियुक्त पदाधिकारी गयादीन का स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● सिंधौली ब्लॉक के बाजपुर गांव में हुई भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट की बैठक

## दो घंटे लिया ब्लॉक फाटक की हुई मरम्मत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** लखनऊ-दिल्ली रेल मार्ग पर तिलहर रेलवे स्टेशन से बिलपुर रेलवे स्टेशन तक बतलइया रेलवे क्रॉसिंग गेट की ओवरहालिंग के लिए शनिवार को तीन बजे से पांच बजे तक दो घंटे का ब्लॉक लिया गया। इस दौरान डीडीएस एवं पीसीएम मशीनों से ट्रैक की पैकिंग का कार्य कराया गया। साथ रेलवे फाटक मरम्मत का कार्य किया गया। जिससे दो घंटे तक बतलइयां मार्ग यातायात बाधित रहा है। ट्रैफिक को गांव वीरमपुर के सामने स्थित रेलवे क्रॉसिंग से निकाला गया। कटरा स्टेशन अधीक्षक हनीफ ने बताया कि ट्रैफिक ब्लाक के दौरान ग्राम बतलइया नवादा के मध्य रेलवे क्रॉसिंग गेट संख्या 338 का ओवरहॉलिंग का कार्य कराया गया है।

# तीन चरणों में चलेगा भाजपा का सदस्यता अभियान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● कार्यशाला में प्रभारी ने दी कार्यकर्ताओं को जानकारी

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय पर शनिवार को सदस्यता अभियान के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी ब्रज क्षेत्र प्रभारी संतोष सिंह सदस्यता अभियान के बारे में कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। जिला प्रभारी ने कहा कि पार्टी तीन चरणों में सदस्यता अभियान चला रही है। पहला चरण एक सितंबर से लेकर 25 सितंबर तक, दूसरा चरण एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक तथा तीसरा चरण सक्रियता का 16 से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इसके बाद एक नवंबर से 10 नवंबर तक प्राथमिकता एवं सक्रिय सदस्यता का वेरिफिकेशन करते हुए रजिस्टर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राथमिक सदस्य बनने के लिए मोबाइल नंबर 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर सदस्य बनाए जा सकते हैं। इससे पहले महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने सभी मंडल अध्यक्षों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, सदस्यता संयोजक वीरेंद्र पाल यादव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर जी, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, ददरौल विधायक अरविंद सिंह, सदस्यता सह संयोजक आनंद प्रताप, आशीष शुक्ला, मंजुला बाथम, महामंत्री अंशुल चौहान, शिव ओम वर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिजली चोरी रोकने को उपखंड अधिकारी ने की छापेमारी

**कुर्रिया कला, अमृत विचार:** ओवरलोड एवं बिजली चोरी की रोकथाम को चौहानपुर उपकेंद्र के विद्युत उपखंड अधिकारी यश भारद्वाज व अवर अभियंता माता प्रसाद ने शनिवार को लाइनमैन के साथ छापेमारी की। उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में हुए छापेमारी में उपकेंद्र क्षेत्र के गांव हरिपुर में घरेलू कनेक्शन में तीन एवं सरथोली में एक लोगों पर घरेलू बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया, तो वहीं ग्राम रामखेड़ा में अवैध रूप से संचालित एक प्राइवेट ट्यूबवेल मालिक पर मुकदमा दर्ज कराया गया। बिल जमा न करने पर लाइन काट देने एवं बिल जमा करने के लिए चेतावनी दी। इस दौरान लाइनमैन हाकिम यादव, जयेंद्र नाथ ,सुरजीत सन्ना,जयवीर सहित समस्त टीम मौजूद रही।

# गाली-गलौज मारपीट से आहत युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**पुवायां, अमृत विचार:** मरौरी जप्ती गांव के युवक ने घर में घुसकर गाली-गलौज मारपीट करने से आहत होकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज चल रहा है।

मरौरी जप्ती गांव के रामभजन ने शनिवार की शाम कोतवाली में पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 23 अगस्त को शाम सात बजे गांव के ही चार लोगो ने घर में घुस कर गली गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर पुत्र लखविंदर बचाने आया तो आरोपियों ने उसको भी मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। लखविंदर अपनी व पिता के साथ हुई मारपीट से बहुत आहत हो गया, जिसके बाद उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। जानकारी होने पर लखविंदर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज चल रहा है। शनिवार की शाम को परिजनों से जानकारी की तो बताया कि अब उसकी हालत में सुधार है।

# हिंदू समाज को संगठित होने की जरूरत



षष्ठी पूर्ति वर्ष समापन पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● विहिप के षष्ठी पूर्ति वर्ष समापन पर हुआ हिंदू एकत्रीकरण कार्यक्रम

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद प्रखंड विवेकानंद नगर के षष्ठी पूर्ति वर्ष समापन पर हिंदू एकत्रीकरण कार्यक्रम शनिवार को माता सती देवी मंदिर में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री राजेश कुमार ने कहा कि संपूर्ण हिंदू समाज को आज समरस व संगठित होने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि विधर्मियों द्वारा हिंदुओं की भूमि पर अवैध कब्जे के लिए लव जिहाद चलाई जा रही है। हर प्रकार के व्यवसाय में समाज पिछड़ता जा रहा है। हम सभी को सजग एवं सक्रिय रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में महानगर उपाध्यक्ष अंशु राजानी, सह मंत्री धर्मेंद्र प्रताप, प्रदीप प्रजापति, विभाग समरसता प्रमुख श्रीओम गुप्ता, विभाग संयोजक हरीश प्रजापति आदि ने भी विचार व्यक्त करते हुए एकता का संदेश दिया। आयोजन में विभाग सत्संग प्रमुख सुधीर सिंह, महानगर संयोजक अंकित मिश्रा, सहसंयोजक हर्षित गुप्ता, रमेश कोरी, राधेश्याम प्रजापति, कुणाल राठौड़, आशीष शर्मा, अरविंद वर्मा, ऋतुराज भारद्वाज, शिवम सिंह, ऋषभ गुप्ता, निखिल राठौर, वृंदा जेटली, रजनीश यादव, सत्यभामा, संगीता समेत बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।









मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ




डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

गुप्त रोगी मिलें



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
Dr.M. Nadeem ® (BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैक्स पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोड़ों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोडों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306

# माहमदपुर में संक्रामक रोग की चपेट में आने से दो की मौत

## सीएमओ ने टीम के साथ गांव पहुंचकर लिया स्थिति का जायजा

संवाददाता, बिलसंडा



गांव माहमदपुर में मरीजों की जानकारी करते सीएमओ डॉ .आलोक कुमार।

**अमृत विचारः** गांव माहमदपुर में संक्रामक बीमारियों ने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। बीमारियों की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि कई लोग रोग की चपेट में है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा बांटी। मलेरिया टेस्ट के लिए ब्लड सैंपल भी लिया। सीएमओ ने भी गांव गौहनिया और माहमदपुर में मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर जानकारी जुटाई।

क्षेत्र के गांव माहमदपुर के राजेश कुमार ने बताया कि पत्नी सोनी देवी संक्रामक रोग की चपेट में आई। उसे शाहजहांपुर के एक अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई। इसी तरह गांव के सुरेंद्र कुमार की पत्नी रामश्री (55) की बुखार आने के बाद मौत हो गई। हालांकि स्वास्थ्य विभाग दोनों मौत को स्वाभाविक बता रहा है। जबकि परिजनों का कहना है कि संक्रामक रोग की चपेट में आने से मौत हुई है।

वहीं, दो दिन पूर्व गांव गौहनियां में बालिका उपासना की डायरिया की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इस गांव में कई लोग बुखार की चपेट में आने का पता चलने परस्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव गौहनियां के अलावा गांव माहमदपुर, गोपीपुरा और विक्रमपुर में शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करके दवा वितरित की। सीएमओ आलोक कुमार शर्मा शनिवार को इन गांवों में पहुंचे और मृतकों के परिजनों से जानकारी की। सीएचसी से शनिवार को चार स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने माहमदपुर पहुंचकर दिनभर जांचें की। मलेरिया टेस्ट के लिए ब्लड सैंपल भी लिया और मरीजों को दवा वितरित की गई।

## साहब ! अमरगंज गांव में बिगड़ सकते हैं हालात

**ललौरीखेड़ा, अमृत विचारः** ग्राम पंचायत अमरगंज की प्रधान शहीदन ने सीओ को दिए शिकायती पत्र में कहा कि उसके गांव के सर्वेश कुमार और इसरार के बीच काम के रुपये को लेकर झगड़ा हो गया था। एक साल में करीब चार बार दोनों पक्ष झगड़ चुके हैं। 22 जनवरी को मारपीट होने के दौरान संभ्रांत व्यक्तियों व पुलिस ने आकर सुलह करा दी थी। 23 अगस्त की सुबह करीब दस बजे फिर से दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जिससे मामला सांप्रदायिक रुप ले सकता है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

# पालिका के कामों पर लगे आरोप, एडीएम ने मांगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- भाजपा के ही एक नेता की ओर से शिकायत करने का मचा शोर

**अमृत विचारः** नगर पालिका की ओर से कराई गई नाला सफाई समेत अन्य कामों को लेकर एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया ने अधिशासी अधिकारी से रिपोर्ट तलब की है। जिसमें वाटर वर्क्स में खड़े वाहनों को लेकर भी जवाब मांगा गया है। बताते हैं कि यह शिकायत भाजपा के ही एक नेता की ओर से की गई है। जिसके बाद एडीएम ने अधिशासी अधिकारी से रिपोर्ट तलब की गई है।

बता दें कि बीते दिनों एडीएम के पास नगर पालिका से जुड़ी कुछ शिकायतें पहुंची है। जिसमें नाला सफाई में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया है। जिसकी वजह से शहर में जलभराव की दिक्कत होना बताया गया है। ये भी आरोप है कि निर्माणाधीन नालों की कराई गई टीएसी टीम की जांच रिपोर्ट में मिली खामियों को दूर किए बिना ही आगे का काम चालू रखा गया है।

बिना टेंडर के नेहरू पार्क का ठेका करने की शिकायत भी की गई है। इसके अलावा वाटर वर्क्स में खड़े किए गए वाहनों की भी शिकायत की है। जिसमें खड़े वाहनों का इस्तेमाल न करने और कंडम होने पर नीलामी प्रक्रिया न कराने पर सवाल उठाए गए हैं। एडीएम ने बताया कि शिकायत मिली है। जिसके आधार पर ईओ से जवाब तलब किया गया है।

# शिकायत से गुस्साए प्रधान ने ग्रामीण पर किया हमला

संवाददाता, जहानाबाद



घटना की जानकारी करती पुलिस।

- जगहानाबाद के ग्राम सरौरी में शुक्रवार शाम हुई वारदात

**अमृत विचारः** अधिकारियों से की शिकायत का पता चलते ही प्रधान ने अपने साथियों के साथ ग्रामीण पर हमला कर दिया। अन्य ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचकर पीड़ित ने प्रधान और उसके परिजनों पर हमला करने का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के ग्राम सरौरी के नन्हेलाल ने बताया कि गांव के तमाम लोग शुक्रवार को विकास कार्य में अनदेखी और धांधली से संबंधित एक शिकायत करने के लिए डीएम कार्यालय गए थे। वहां से वापस आने के बाद जैसे ही प्रधान को शिकायत का पता चला तो वह गुस्सा गया। आरोप है कि उनके भाई रुपलाल को प्रधान और उसके परिवार के अन्य सदस्यों ने शाम करीब साढ़े छह बजे घेरकर गाली गलौज की। विरोध करने पर लाठी डंडे से मारपीट की गई। किसी तरह भाई ने खुद को बचाया। प्रधान ने भाई को जान से मारने की धमकी दी है। ग्रामीणों संग परिजन घायल को लेकर थाना जहानाबाद पहुंचे और सख्त कार्रवाई की मांग की। इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## तार का फंदा बनाकर युवक ने की खुदकुशी करने की कोशिश

**पूरनपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव बंजरिया का रहने वाला अनिल शनिवार को पूरनपुर पहुंचा। उसने तहसील परिसर में अधिवक्ता के बिस्तर पर लगे एक कुंडे पर बिजली के तार से फंदा बनाकर खुदकुशी करने की कोशिश की। गनीमत रही फंदे पर लटकते समय केबल टूट गई और अनिल नीचे गिरकर घायल हो गया।हादसे में उसके सिर में चोट आई। घायल अवस्था में उसे आनन-फानन में सीएचसी लाया गया। जहां लहूलुहान अवस्था में युवक को देख डाक्टर ने पुलिस को सूचना दी और उसका उपचार किया। बताया जा रहा है कि युवक कई दिन पहले ही घर से निकला था। कोतवाली के एसआई प्रदीप मलिक पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंचे और मामले की जानकारी की। परिवार वालों को सूचना देकर बुला लिया गया। वजह को लेकर परिजन भी कुछ नहीं बता सके।

# सदस्यता अभियान पर भाजपा ने किया मंथन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



भाजपा कार्यालय पर कार्यशाला को संबोधित करते अतिथि। ● अमृत विचार

- बरेली के कैंट विधायक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल

**अमृत विचारः** भाजपा के जिला कार्यालय पर सदस्यता अभियान 2024 की कार्यशाला हुई। बरेली के कैंट विधायक/प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे।

क्षेत्रीय महामंत्री बृज क्षेत्र नागेंद्र शिकरवार, जिला प्रभारी गुलशन आनंद, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक बाबूराम पासवान, स्वामी प्रवक्ता नंद, पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, पूर्व जिला महामंत्री गुरभाग सिंह, पीलीभीत की चेयरमैन डॉ.आस्था अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा शामिल हुए। क्षेत्रीय महामंत्री बृज क्षेत्र नागेन्द्र शिखरवार ने बताया कि एक सितंबर से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदस्य बनाकर इस सदस्यता अभियान की शुरुआत करेंगे। दावा किया 2047 तक हम भारत को विकसित भारत के साथ विश्व गुरु बना देंगे। विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को समझते हुऐ सदस्य बनाए। जिलाध्यक्ष ने सभी को टोल फ्री नंबर 8800002024 के साथ किस तरह प्रक्रिया करनी है, इसकी जानकारी दी। संचालन सह संयोजक तुलाराम लोधी ने किया। सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी गोकुल प्रसाद मौर्य, अभिषेक सिंह गोल्डी, रजनीश पांडेय, अनुराग अग्निहोत्री, आयुष मिश्रा, शिवम कश्यप, विकास वाल्मीकि, रेखा परिहार, गीता मिश्रा, संतोख संधू, दिनेश पटेल, लेखराज भारती, अमित अग्रवाल, राकेश सिंह, प्रफुल्ल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक इंतजार खान का सम्मानित



पीलीभीत, अमृत विचार : जनपद में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अचल कुमार मिश्र ने एसएन इंटर कॉलेज के शिक्षक एवं जनपदीय नोडल इन्तजार खान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उनकी जमकर तारीफ भी की। जनपदीय नोडल शिक्षक इंतजार ख़ान जनपद में जिला प्रशासन के कार्यक्रमों में बीते कई वर्षों से लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। नौ अगस्त से आयोजित कार्यक्रम हर घर तिरंगा एवं काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत हुए कार्यक्रमों में भी कार्य किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जुआ खेलने से रोका तो युवक की कर दी पिटाई

घुंघचिहाई, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा के अमरीश शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का एक युवक जुआ खेल रहा था। जब उसे मना किया तो वह झगड़ा करने लगा। अपने परिवार वालों को बुला लिया और पीड़ित की पिटाई कर दी। बीच बचाव कराने पहुंची मां सुमन देवी को भी पीटा। आरोप है कि हमलावर पीड़ित की जेब में रखी नकदी ले गए और मोबाइल तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जानलेवा हमले करने का आरोपी भेजा गया जेल

पूरनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई के रहने वाले रामचंद्र कुशवाहा का गांव के ही तस्लीम से खेत की मेड़ को लेकर विवाद हो गया था। तस्लीम ने कुछ लोगों के साथ मिलकर रामचंद्र पर बांका से जानलेवा हमला कर दिया था। इस मामले में पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर चुकी है। शनिवार को पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपी तस्लीम पुत्र हनीफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गुमशुदा की तलाश

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेनका पत्नी मुखिया दिनांक 09.07.2024 को बिना बताये घर से कहीं चली गयी है। जो अभी तक लौट कर वापस नहीं आयी है। किसी भी व्यक्ति को इसके विषय में कोई जानकारी मिले तो निम्न पते/नम्बर पर सूचित करने का कष्ट करें।
हुलिया : कद 5 फुट, रंग गेहुँआ, हरे रंग का सलवार सूट व पैरों में हवाई चप्पल पहने है।

श्री शोबित कुमार, उ.नि.यू.टी. थाना-शेरगढ़, मो. 9068831366
श्री राजेश बाबू मिश्रा, थानाध्यक्ष, थाना-शेरगढ़, मो. 9454403103
क्षेत्राधिकारी बहेड़ी, जनपद बरेली, मो. 9454401326

निवास : ग्राम दौली गौटिया, शेरगढ़, बरेली।

# चांदनी हत्याकांड: पति, सास और ससुर को आजीवन कारावास

## बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम सिमरौली में जून 2023 में हुई थी घटना

- अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना ने सुनाया फैसला

विधि संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः विवाहिता की गला दबाकर हत्या करने के एक साल पुराने मामले में कोर्ट ने पति, सास और ससुर को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही तीनों अभियुक्तों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

शाहजहांपुर जनपद के थाना सिंधौली क्षेत्र के कुरसंडा गांव के विपिन सिंह ने बिलसंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि उनकी छोटी बहन चांदनी देवी की शादी 15 फरवरी 2017 को बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम सिमरौली के सोनू सिंह से हुई थी। मायके वालों ने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। मगर, ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे। आए दिन दहेज में बाइक और नगदी की मांग को लेकर बहन को प्रताड़ित करते थे। 25 जून 2023 को ससुराल वालों ने बहन की गला दबाकर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर मायके वाले बहन की ससुराल पहुंचे थे। बिलसंडा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। विवेचना के बाद पति सोनू सिंह, ससुर शिव कुमार सिंह और सास सुनीता देवी के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की गई।

मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना की अदालत में हुई। दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत न्यायालय ने पति सोनू सिंह, ससुर शिव कुमार सिंह और सास सुनीता देवी को चांदनी देवी को विवाहिता चांदी देवी की हत्या का दोषी पाते हुए उम्रकैद और प्रत्येक को 25-25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने का खुला था राज

चांदनी देवी की मौत के बाद मायके वालों की तहरीर पर 28 जून 2023 को बिलसंडा थाने में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई थी। मृतका के शरीर पर कई चोटों के निशान मिले थे, जो मरने से पहले के थे। चेहरे पर दायीं तरफ सूजन वाला जख्म था। दाहिने कान के ठीक पीछे और गर्दन पर दाहिनी तरफ काफी खुरसट के निशान मिले थे। गर्दन के बायीं तरफ सामने बाहरी ओर सूजन की चोट थी। जिसे यह स्पष्ट हो गया था कि विवाहिता की हत्या की गई है।

### अभियोजन पक्ष ने सात गवाह कराए परीक्षित

अभियोजन पक्ष की ओर से इस मामले में अदालत में सात गवाह परीक्षित कराए गए थे। जिसमें एफआईआर लेखक कांस्टेबल संदीप कुमार, वादी विपिन सिंह, नायब तहसीलदार रमेश चंद्र, जागेश्वर सिंह, डॉ.मोहम्मद राशिद, इंस्पेक्टर अजय कुमार, सीओ सतीश चंद्र शुक्ला थे। इसके अलावा वादी की तहरीर, आरोप पत्र, पंचायतनामा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, चिक एफआईआर, नकल जीडी कायमी, पुलिस प्रपत्र, फोटो आदि भी दाखिल किए गए थे।

# आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए तो लिख दिया मकान बिकाऊ है

संवाददाता, पूरनपुर



मकान के बाहर चस्पा पोस्टर।

- पिपरिया जयभद्र में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से एक सुमदाय के लोगों में नाराजगी

अमृत विचारः मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से घबराए ग्रामीणों ने पलायन का मन बना लिया और घरों के बाहर मकान बेचने के पोस्टर चस्पा कर दिए। पता लगते ही पुलिस ने पोस्टर उतरवा दिए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया जयभद्र में बीते शनिवार को कुछ लोगों ने एक समुदाय के लोगों के घर में घुसकर मारपीट की थी। गांव के खुदाबख्श, बिटाना, रिजवान, चांद मियां सहित कई लोग घायल हो गए थे। सभी को सीएचसी भर्ती कराया गया था। इनमें खुदाबख्श और बिटाना का बरेली में उपचार चल रहा है। घायलों का आरोप है मारपीट करने वाले आरोपियों ने तोड़फोड़ भी की थी। शिकायत पर पुलिस ने गांव के रामकृष्ण, संजीव, रामगोपाल, अजय सहित 15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मारपीट करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। जिससे पीड़ित परिवारों में दहशत हैं। शनिवार को पिपरिया जयभद्र के पीड़ितों ने अपने घरों पर दबंगों के चक्कर में मकान बिकाऊ हैं के पोस्टर चस्पा कर दिए। पीड़ितों ने पुलिस की उदासीनता के खिलाफ खुलकर नाराजगी जताई।

उनका कहना है कि घर में घुसकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्वें के साथ मारपीट की गई। इसके बावजूद पुलिस ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की। घरों के बाहर मकान बेचने के पोस्टर लगाए जाने की भनक पुलिस को लगते ही खलबली मच गई। पुलिस ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों से वार्ता की और फिर दीवारों पर लगे पोस्टर उतरवाए।

> किसी के कहने पर पोस्टर लगवाए गए थे। उन्हें हटवा दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल कराई जा रही है। साक्ष्य के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> – गजेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम पूरनपुर

# 4.57 लाख डकारने वाला सचिव निलंबित

- बीसलपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत चुर्रासकतपुर का मामला
- डीएम ने जांच रिपोर्ट मिलने के बाद की कार्रवाई, मची खलबली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः जिलाधिकारी संजय कुमार ने विकाय कार्य को भेजे 4.57 लाख रुपये डकारने वाले सचिव रितेश शुक्ला पर देर से ही शिकंजा कस दिया है। छह जून को विभागीय कार्रवाई के बाद अब सचिव को निलंबित कर दिया गया है। जबकि ग्राम प्रधान के पूर्व में ही अधिकार सीज कर दिए गए थे।

मामले बीसलपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत चुर्रासकतपुर का है। गांव के झनकार सिंह, राजकुमार, रोशनलाल आदि ने शपथपत्र देकर गांव में विकास कार्यों के नाम पर फर्जीवाड़ा करने की शिकायत की थी। डीएम ने जांच टीम गठित की। टीम में शामिल डीसीओ एवं शारदा सागर खंड के सहायक अभियंता नेगांव पहुंचकर कराए गए कार्यों का बारीकी से सत्यापन कर रिपोर्ट डीएम को सौंप। जांच में छह विकास कार्यों में 4.57 लाख रुपये का गबन पाते हुए प्रथम दृष्टया ग्राम प्रधान और सचिव को दोषी पाया था।

जिसके बाद डीएम ने छह जून को वित्तीय अनियमितताओं पर चुर्रासकतपुर की ग्राम प्रधान के अधिकार सीज कर दिए थे। वहीं, सचिव रितेश शुक्ला के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। जिसके बाद मामला लंबित रहा। कुछ जिम्मेदारों को लेकर सचिव को बचाने का प्रयास करने का शोर मचा हुआ था। तमाम अटकलें चल रही थीं, जिन पर अब विराम लग गया है। डीएम ने सचिव रितेश शुक्ला को निलंबित कर दिया है।

> जिलाधिकारी की ओरसे गठित टीम ने चुर्रासकतपुर की जांच में वित्तीय अनियमितता पाई गई थी। इस मामले में संबंधित सचिव को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए निलंबन की कार्रवाई की गई है। – संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी

### सचिव ने स्पष्टीकरण देना भी उचित नहीं समझा

बताते हैं कि उक्त मामले में सचिव रितेश शुक्ला को 29 जून को पत्र भेजकर छह आरोपों पर साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए थे। मगर, लेकिन आरोपी सचिव ने 23 अगस्त तक अपना कोई स्पष्टीकरण नहीं प्रस्तुत किया। इस पर डीएम संजय कुमार सिंह ने वित्तीय अनियमितताओं एवं पदीय दायित्वों का का निर्वहन न करने पर प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए आरोपी सचिव को निलंबित कर दिया। उन्होंने खंड विकास अधिकारी मरौरी को जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए आरोप पत्र तैयार कर अनुमोदन के लिए 15 दिन में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### घोटाले के मामले में पहले भी गिर चुकी है गाज

सचिव रितेश शुक्ला पहले भी विकास कार्य में धांधली करने में चर्चित रह चुका है। बताते हैं कि ग्राम टेहरी में बनाए अंत्येष्टि स्थलों को लेकर भी गड़बड़ी कर दी गई थी। नदी की जगह पर ही अंत्येष्टि स्थल का निर्माण करा दिया गया था। इस मामले की शिकायत की गई और जांच हुई तो सचिव का खेल उजागर हो गया था। बताते हैं कि उस वक्त भी विभागीय कार्रवाई के साथ रिकवरी के आदेश दिए गए थे।

## साहब, दूसरे थाने से कराई जाए विवेचना

पूरनपुर, अमृत विचारः थाना हजारा क्षेत्र की एक छात्रा को पड़ोस के गांव का युवक 10 अगस्त को बहला फुसलाकर ले गया था। आरोप है जब मामले की शिकायत की तो पुलिस ने काफी टालमटोल के बाद इस मामले में तथ्यों को छिपाकर रिपोर्ट दर्ज की। किशोरी की मां ने एसपी को शिकायती पत्र देकर तथ्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज कराकर दूसरे थाने की पुलिस से विवेचना कराने की मांग की है।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली मो. 8077808309
फ्री कैम्प 2 सितम्बर से 7 सितम्बर 2024 तक
कायचिकित्सा विभाग :- शुगर, रक्तचाप व हृदय सम्बन्धित रोग, फैटी लीवर, हैपेटाइटिस एवं पेट सम्बन्धित रोग, त्वचा रोग, बालों का झड़ना, मोटापा, सिरदर्द, माइग्रेन, मुँह टेढ़ा होना, फालिज, नस सम्बन्धित बीमारियाँ तथा मलेरिया, टायफायड, डेंगू तथा जीर्ण ज्वर एवं सभी प्रकार के जोड़ो के दर्द, गठिया, स्पांडिलाइटिस, सियाटिका का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कोर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, चर्बी की गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :-बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिये स्वर्ण प्राशन संस्कार, हाइट बढ़ाना, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा वंशानुगत मांसपेशी विकार, मायोपैथी आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज
शालाक्य तंत्र विभाग :- तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना । नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज
गले, कान, नाक व आँख के रोग का इलाज
प्रसूति एंव स्त्री रोग विभाग :- नार्मल डिलीवरी, रसौली, बच्चेदानी के मुख का घाव/सूजन, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग :- ततैया/बर्र, मधुमक्खी/बरसाती कीड़ा, काटने पर आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पथ्य (डाईट) व योग सम्बन्धित जानकारी
ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की निःशुल्क जाँच तथा शेष जाँचो में छूट
निः शुल्क परामर्श
उपलब्ध सुविधाये :-
X-RAY, ULTRASOUND, BLOOD TEST, ECG
कायचिकित्सा विभाग | शल्यतंत्र विभाग | पंचकर्म विभाग | कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग | शालाक्य तंत्र विभाग | प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग | अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET? Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses: BBA— Finance & Taxation; B.Com (Hons); BCA— IT & Multimedia; B.A. — Journalism; B.A. — Mass Communication; B. Pharm; B.Sc. Forensic Sciences; Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses: X-Ray Technician; MRI Technician; Emergency & Trauma Care; Dialysis Technician; D. Pharm; Dental Mechanics; Dental Hygienist
Post Graduate Courses: M.Com; M.A. — Pol. Science; MBA; MHA; MPH; M.A. — English; M.A. — Hindi; M.A. — Psychology; M.A. — Sociology; M.A. — Journalism; M.A. — Mass Communication; M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology); M.Sc. Forensic Sciences; M.Sc. Medical Sciences; M.Sc. Clinical Embryology
• Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
• Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
• Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details: Admission Cell, Administrative Block, Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU, Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404

# ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा, पांच वाहनों से 2.62 लाख जुर्माना वसूला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



हाईवे पर वाहन चेक करते एआरटीओ। ● अमृत विचार

- 80 ओवरस्पीड वाहनों का चालान, इंटरसेप्टर से जांची स्पीड
- एआरटीओ के नेतृत्व में अभियान चलाकर की गई कार्रवाई

अमृत विचारः एआरटीओ के नेतृत्व में देर रात चलते चेकिंग अभियान में पांच ओवरलोड वाहन सीज कर 2.62 लाख का जुर्माना वसूला गया। दवहीं सड़कों पर फर्राटा भर रहे 80 ओवरस्पीड वाहनों का चालान कियाहै। एआरटीओ की इस कार्रवाई से चालकों में हड़कंप मचा रहा।

शासन प्रशासन की तमाम सख्ती के बाद भी वाहनों पर क्षमता से अधिक माल ढोया जा रहा है। जनपद में होने वाले सड़क हादसों में कहीं न कहीं इन ओवरलोड वाहनों की भूमिका रहती है। डीएम संजय कुमार सिंह की ओर से एआरटीओ को ओवरलोड और ओवरस्पीड वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में जनपद के हाईवे समेत प्रमुख मार्गों पर देर रात चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान टीम ने भूसी और रेता-बजरी से भरे ट्रकों को रोककर अभिलेख से लदे माल के वजन का मिलान किया। चेकिंग के दौरान पांच वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक माल ढोते पाए गए।

एआरटीओ ने वाहनों को सीज करते हुए तीन वाहनों को ललौखेड़ा पुलिस चौकी एवं दो वाहनों को थाना गजरौला के सुर्पुद किए गए है। इस सभी पांच ओवरलोड वाहनों से 2.62 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया है। इधर पीलीभीत-पूरनपुर एवं पीलीभीत बरेली रोड पर इंटरसेप्टर के माध्यम से हाईस्पीड वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 80 ओवरस्पीड वाहनों का चालान किया गया।

> देर रात ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया था। जिसमें पांच वाहनों की जांच की तो उसमें क्षमता से अधिक माल का परिवहन होना मिला। जिस पर सभी वाहनों को सीज किया गया। इनसे जुर्माना भी वसूला गया है। इसके साथ ही 80 ओवरस्पीड वाहनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है। ओवरस्पीड को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगा। – अरविंद सिंह, एआरटीओ

## राजस्व विभाग ने पांच हेक्टेयर जमीन कब्जा मुक्त कराई

पूरनपुर, अमृत विचारः दस एकड़ से अधिक सरकारी जमीन पर कुछ लोग कब्जाकर खेती कर रहे थे। राजस्व विभाग ने जांच पड़ताल कराकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। तहसील क्षेत्र के गांव बारीबुझिया में नदी किनारे करीब पांच हेक्टेयर जमीन पर आधा दर्जन लोगों का अवैध रुप से कब्जा था। जमीन राजस्व दस्तावेजों में बंजर भूमि दर्ज है। इसके बावजूद जमीन पर अवैध रुप से गन्ने की फसल बोई गई थी। जानकारी लगने पर विभाग ने जमीन की पैमाइश कराई। शनिवार को तहसीलदार वीरेंद्र कुमार टीम के साथ बारी बुझिया गांव पहुंचे और सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया। जमीन पर खड़ी गन्ने की फसल को ट्रैक्टर से जुतवा दिया गया। तहसीलदार ने बताया कि पांच हेक्टेयर जमीन कब्जा मुक्त कराई गई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## विहिप ने मनाया 60वां स्थापना दिवस



कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बरखेड़ा, अमृत विचार : दौलतपुर मार्ग पर स्थित एक बरात घर में शुक्रवार शाम विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस मनाया गया। अध्यक्षता नत्थूलाल, संचालन विनोद कुमार ने किया। वासुदेवानंद गिरी, अनिल, नत्थू ने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता राजेश कुमार रहे। कार्यकर्ताओं को सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। जिला मंत्री प्रवीण कुमार, जिला उपाध्यक्ष अनु चौधरी, खुशबू मिश्रा, जिला कार्यवाह कृष्णपाल, जिला संयोजक नवनीत, जिला गोसेवा प्रमुख नंदकिशोर गंगवार, जिला सहसंयोजक परविंदर सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष शिवम गंगवार, नगर अध्यक्ष शोभित रस्तोगी, नगर मंत्री अनूप शर्मा, नगर संयोजक अर्जुन गंगवार, खंड अध्यक्ष अशोक शर्मा, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार क्लासीफाइड

REQUIREMENT FOR KAJARIA TILE SHOWROOM
Sales Executive for Showroom - Qualification Any Graduate
Marketing Executive - Qualification Any Graduate
Salary : No Bar
Add: Ashu Sales Corporation Near Bajrang Dhaba, Pilibhit Bypass Bareilly
Call : 9837039885

आवश्यकता
बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।
कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।
DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।
जल आकाश, परसाखेड़ा
7669334441, 7599074780, 9720554832

आवश्यकता है
क्लीनिक पर सफाई करने हेतु लड़कों की
डॉ. राहुल कुमार
आई एण्ड स्किन लेजर क्लीनिक विकास भवन के सामने, बरेली
सम्पर्क करें:- 8171269609
समय:- 12 से 4 बजे तक

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र गुरमीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अंचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में उसके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य का वो स्वयं जिम्मेदार होगा उसके द्वारा किये गए कृत्य से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का कोई भी सरोकार नही होगा। जसवंत सिंह पुत्र श्री चरन सिंह निवासी ग्राम संतरा, ग्राम पंचायत करीमगंज, वि.खं. पिहानी, तहसील शाहबाद, जिला हरदोई

आवश्यकता है:-
प्राचार्य/प्रवक्ता हेतु
डॉ. डी.पी. सिंह महाविद्यालय
हथौड़ा बुजुर्ग, शाहजहांपुर
(एम.जे.पी.रू.वि.वि. बरेली से सम्बद्ध)
प्राचार्य:- 01 पद
M.Sc. (Ag.)- (कृषि) एग्रोनॉमी 01 पद, जेनेटिक्स एण्ड प्लांट ब्रीडिंग 01 पद, M.Sc. (Home Science) फूड एण्ड न्यूट्रिशन 01 पद
योग्यता:- UGC द्वारा निर्धारित अर्हता, आवेदन-पत्र दो प्रतियों में विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें।
mjp555@mjpru.ac.in, 9198686472
डॉ. के.डी. सिंह (प्रबन्धक) 9415060459

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# इतनी कड़ी सुरक्षा, दूसरे दिन 3145 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

## सिपाही भर्ती परीक्षा : दूसरे दिन सुबह से डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर रखी नजर, अव्यवस्था दूर करने पर रहा जोर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिले में छह केंद्रों पर दूसरे दिन कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच संपन्न हुई परीक्षा में 1847 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 3145 ने परीक्षा छोड़ दी। अफसरों का दावा है कि दो पालियों में हुई परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। कहीं से भी किसी तरह की गड़बड़ी की बात सामने नहीं आई। इधर, अभ्यर्थियों की कम उपस्थिति का एक कारण यह भी माना जा रहा है कि परीक्षा केंद्र की दूरी एक हजार किलोमीटर तक रखी गई है। जिस वजह से परीक्षा देने वाले अभ्यार्थियों की संख्या कम देखी जा रही है। पहले दिन की तुलना अनुपस्थिति में 45 अभ्यार्थी अधिक रहे। पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा पहले दिन की तरह शनिवार को भी राजकीय पॉलिटेक्निक, ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज और उपाधि महाविद्यालय कराई गई। परीक्षा। सुबह नौ बजे परीक्षा केंद्रों का गेट खोल दिया गया। ठीक दस बजे परीक्षा शुरु हुई। पहली पाली में 2496 पंजीकृत थे। जिनमें 880 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे, जबकि1616 अनुपस्थित रहे। वहीं, परीक्षा को लेकर कक्ष निरीक्षकों और वहां लगे पैरामेडिकल स्टाफ के मोबाइल जमा करा लिए गए थे। ठीक 12 बजे पेपर छूटा। इसी तरह दूसरी पाली में भी 2496 के सापेक्ष 967 ही अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 1529 गैरहाजिर रहे। स्टेटिक मजिस्ट्रेट और जोनल अफसर भ्रमण कर परीक्षा केंद्रों को देखते रहे।


बसें गायब होने के बाद लगी ईको वाहनों की कतारें। ● अमृत विचार


रोडवेज बस में चढ़ती सवरियां। ● अमृत विचार


जीजीआईसी केंद्र पर आईडी से एडमिट कार्ड चेक करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### ट्रेनें रही फुल, नहीं मिली रोडवेज..डग्गामार वाहन बने सहारा

पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर भले ही शासन ने यूपी में नि :शुल्क बस सुविधा देने का ऐलान किया हो। मगर वह ऐलान शनिवार को फेल साबित हो गया। शनिवार को जब पहली पाली की परीक्षा छूटी तो अभ्यर्थी अपनी मंजिलों की ओर से निकल पड़े। नौगवां चौराहा पहुंचने के बाद करीब एक बजे सिर्फ दो बसें ही खड़ी मिली। जिसमें एक दिल्ली जा रही थी। तो दूसरी बरेली तक। भीड़ का आलम यह रहा कि बसें में पैर रखने की तक की जगह नहीं मिल रही थी। बस में चढ़ने को लेकर कई लोगों की धक्का मुक्की तक हो गई। दो बसों के जाने के बाद नौगवां चौराहा पर डिपो की ओर से कोई बस नहीं आए। जिस वजह से अभ्यर्थी भटकते रहे। इसकी जानकारी मिलते ही डग्गामार वाहन वहां पहुंचना शुरु हो गए। जिन्होंने अभ्यर्थियों ने मनमर्जी दाम वसूले। एक घंटे में नौगवां चौराहा से करीब 12 से अधिक ईको गाड़ियां सवारी भरकर यहां से रवाना हो गई। लेकिन रोडवेज की ओर से कोई बस नहीं लगाई गई। इधर, जनशताब्दी एक्सप्रेस में भी बिहार जाने वाले अभ्यर्थियों की भीड़ देखने को मिली। भीड़ की वजह से कई लोगों ने चलती हुई ट्रेन पकड़ी। इस दौरान जीआरपीएफ भी तैनात रहा। ताकि कोई घटना दुर्घटना न होने पाए। शाम को छूटने वाली परीक्षा में भी अभ्यर्थियों को यातायात सुविधा बेहतर नहीं मिल सकी। ऐसे में उन्हें खडे.होकर लटककर सफर तय करना पड़ा।

### मैथ और रिजनिंग ने सिर घुमाया, जीके के सवाल लगे आसान

पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन अभ्यर्थियों के अनुसार पेपर पिछली बार की तुलना कठिन बताया जा रहा है। गणित, रिजनिंग के साथ सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी उलझाने वाले पूछे गए थे। ऐसे में अभ्यर्थियों ने सोच समझकर अपना पेपर हल किया। हरियाण के बच्चों को रिजनिंग कठिन लगी तो सामान्य ज्ञान सरल लगा। जबकि बिहार के बच्चों को मैथ और सामान्य ज्ञान दोनों ही कठिन लगे। कुछ अभ्यर्थियों ने मैथ के सवाल पिछली बार की तुलना से कम कठिन बताए। जिन्हें आसानी से हल कर सके।


परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार


सड़क किनारे सो रहे अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

### राजस्थान के अभ्यर्थी की बिगड़ी हालत, भेजा अस्पताल

राजकीय पॉलिटेक्निक में पुलिस भर्ती की परीक्षा देने के आए भरतपुर राजस्थान के एक युवक की हालत बिगड़ गई। वह बेहोश होने लगा। इस पर वहां मौजूद पुलिस कर्मी युवक की हालत देखकर उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसे दवा दिलाई गई। बताया जा रहा है कि वह राजस्थान से पेपर देने के लिए आया था। उसकी पहले से लिवर की दवा चल रही थी। खाली पेट दवा खाने की वजह से तबियत बिगड़ गई थी। दवा लेने के बाद परीक्षा में शामिल हुआ।

### इंतजाम नाकाफी, अभ्यर्थी बोले-बस हो या रेलवे स्टेशन जहां मिली जगह वहीं गुजारी रात


पेपर तो आसान आया था। एसएससी लेवल के ही प्रश्न पूछे गए थे। जीके के प्रश्न थोड़े कठिन पूछ लिए थे। निगेटिव मार्किंग के डर से जो समझ नहीं आए। वह छोड़ दिए। फिलहाल आने जाने के लिए बस और ट्रेन नहीं मिल रही है। घंटो इंतजार करने के बाद भी खड़े होकर ही सफर तय करना पड़ रहा है। **दीपक**, बिहार


राजस्थान से आए थे। शनिवार सुबह तीन बजे पहुंच गए थे। यहां तक आने में तीन बसें बदलना पड़ी। फिर ई-रिक्शा वाले को 50 रुपये का किराया देने के बाद राजकीय पॉलिटेक्निक सेंटर तक पहुंच सके। यातायात के पर्याप्त साधन नहीं है। पेपर में मैथ और रिजनिंग कठिन लगी। बल्कि सामान्य ज्ञान आसान रहा। – **अमित कुमार**, भरतपुर राजस्थान


हरियाणा से पेपर देने के लिए आए थे। पहली बार पीलीभीत में आना हुआ। यातायात व्यवस्था को देखते हुए निजी वाहन से ही पेपर देने के लिए आए थे। सेंटर बरेली आदि क्षेत्र में रखना चाहिए था। ताकि अभ्यर्थी आराम से पहुंच सके। पेपर ठीक रहा। जीके कठिन आई थी। पहले भी तैयारी की थी। इसलिए दिक्कत नहीं हुई। – **रवि**, हरियाणा


पेपर काफी कठिन आया है। पिछली बार जो सवाल पूछे गए थे। उससे कहीं ज्यादा कठिन सवाल आए हैं। हिंदी और जीके के प्रश्नों ने उलझाकर रख दिया था। सेंटर भी शहर से थोड़ा दूर लगा। इस रुट पर कोई भी सवारी नहीं मिल रही थी। यातायात के लिए साधन नहीं है। इसकी बजह से काफी परेशानी हुई। – **रवि कुमार**, हरियाणा

## सार-संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल



**पीलीभीत :** लिटिल एंजेल्स स्कूल में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एनसी पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, उपप्रधानाचार्य अंजू सक्सेना, कोऑर्डिनेटर नीना मेहरोत्रा, प्रिया जैन ने संयुक्त रुप से की। आरना, प्रत्यूष, युवान, मीनल, प्रांजल, नित्या, कृति, अविचल आदि ने राधा कृष्ण बनकर नृत्य की प्रस्तुति दी। प्री नर्सरी के आर्या, रुद्रांश, अबीर, वंश, आरोही , जागृति कौशिक, आन्या ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रधानाचार्य ने समस्त स्टाफ और बच्चों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। वर्षा सक्सेना, जावेद हुसैन, सौम्या सक्सेना, कांड्रेड जूलियन, छवि, माहिरा, शिखा, दामिनी, आंचल, सोनी मौजूद रहे।

### बच्चों ने फोड़ी दही हांडी, नाट्य की दी प्रस्तुति



**पीलीभीत :** माधोटांडा रोड पर स्थित इनीशियम ग्लोबल स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शहर की प्रतिष्ठित होम्योपैथिक डॉ. नीलिमा शर्मा और एचआरपी डिग्री कॉलेज की प्रवक्ता डॉ. संध्या तिवारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाधापिका रितिका धमेजा ने की। नर्सरी के बच्चों में रुद्रांश, दक्ष, अव्यांश, इप्शिता आदि ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा केजी के बच्चों ने कृष्ण लीला पर नाटक पेश किया। कक्षा दो, तीन व चार के बच्चों ने कृष्ण नृत्य की प्रस्तुति दी। अंत में बच्चों ने टोली बनाकर दही हांडी का आयोजन किया। कक्षा छह के अंश ने फुर्ती से बच्चों के कंधे पर चढ़कर हांडी फोड़ी। जय कन्हैया लाल की..जयघोष की गूंज रही।

### कृष्ण की बाल लीलाओं का प्रदर्शन कर मनमोहा



**बरखेड़ा :** एचआरपी किड्स वैली इंटरनेशनल स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। प्रबंधक मुकेश गुप्ता, अनूप बेरी, आशीष गुप्ता ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम शुरु किया। कक्षा पीएनसी से आठ तक के छात्र-छात्राओं ने श्रीकृष्ण एवं राधा की वेशभूषा धारण कर नृत्य व नाट्य की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या डॉ .नीतू सिंह ने छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी।

### बच्चों ने बिखेरी वृंदावन और गोकुल की छटा




**पीलीभीत :** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में जूनियर वर्ग एवं केजी की छात्राओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। सीनियर वर्ग के बच्चों ने दही हांडी मटकी फोड़ी। कक्षा आठ के छात्र मयंक हलधर ने बांसुरी वादन किया। प्रबंधक देवेन्द्र सिंह छाबड़ा, प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने पर्व के बारे में बताया। वहीं, सुरभि कॉलोनी स्थित शाखा में राधा-कृष्ण की वेशभूषा में तैयार अन्नया, आरोही, अभिनव, आदित्य, अक्ष, अनाव्या, अनिरुद्ध, अन्विता, अरहान, अर्षिता, आर्यमान, अविका, गरिमा, गर्वित, इशिका, कनक, कार्तिक, मोक्षित, नैना, नमन, नव्य, राधिका, राखी, प्रियांश, रुशांत, सक्षम ,उत्कर्ष, समन्वय, वंशिका आदि ने श्रीकृष्ण लीला का मंचन कर मन मोह लिया।

### श्री कृष्ण जन्म लीला का हुआ मंचन



**बिलसंडा :** नेशनल पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण, राधा ,यशोदा, वासुदेव आदि के स्वरूप में सजकर आए बच्चों ने मन मोह लिया। कार्यक्रम में इतिका गोयल, सिद्धि गुप्ता, अर्जुन सिंह, आशुतोष, श्रेष्ठ जायसवाल, मानस त्रिवेदी, सोनाक्षी गुप्ता, आशी गुप्ता, वैष्णवी राठौर, समृद्धि, मनसीरत कौर, अविका जन्नत ,वृंदा, कुशाग्र, कृतिका, सिद्धि, समर्थ, आरुषि, आरुष, दिव्यांशी, अपरिमेय, अविका, प्रतिष्ठा, आख्या ,रिद्धिमा, रिद्धि, वेदान, सर्वज्ञ ने प्रस्तुति दी। संचालन रूबी अग्रवाल, अनामिका त्रिवेदी, मानसी अवस्थी, रुबीना, ज्योति, शिवानी, नेहा, पुष्पा सक्सेना और आरती ने किया। एमडी एम. रेहान ने बच्चों की हौसला अफजाई की।

### राधा कृष्ण की वेश में रचाई रासलीला



**बिलसंडा :** हैप्पी ब्लू वर्ड पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी पर्व की प्रबंधक विक्रम नरेश जायसवाल, प्रधानाचार्य असीम जौहरी, डायरेक्टर डॉ .गौरव शुक्ला की विशेषता बताई। नर्सरी के रूद्राश,अमायरा,दिशिका, माधव आराध्या, शायशा, श्रेष्ट, शानबी, वान्या, दक्ष स्वर्णिमा ने भाग लिया। प्रिया,सौरभ शुक्ला,सतनाम सिंह आदि का सहयोग रहा। उधर, नेशनल पब्लिक स्कूल, धर्मेंद्र रश्मि इंटर कालेज, स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज में बाल लीलाएं, माखन चोरी लीलाएं की गई। इशिका, इतिका गोयल, सिद्धि गुप्ता, अर्जुन सिंह, आशुतोष, श्रेष्ठ जायसवाल, मानस, सोनाक्षी गुप्ता, आशी गुप्ता, वैष्णवी राठौर, समृद्धि, मनसीरत कौर, अविका जन्नत, वृंदा,कुशाग्र, कृतिका, सिद्धि, समर्थ, आरुषि, आरुष, दिव्यांशी, अपरिमेय, अविका, प्रतिष्ठा, आख्या, रिद्धिमा, रिद्धि, वेदान, सर्वज्ञ ने प्रस्तुति दी।

### कृष्ण रूप में सजकर आए अंशुल प्रथम



**पीलीभीत :** बाल कल्याण निकेतन में राधा कृष्ण प्रतियोगिता हुई। कृष्ण रूप में अंशुल और राधा रूप में साहिब व पीहू प्रथम रहीं। अमाया, रुद्रा, रिया, प्रियांशी, कान्हा, मिष्टी, रिद्धि, अंशुल, प्रियांशी, देव, खुशबू, नैना सक्सेना, अनिकेत, काव्या, रिद्धि, पीहू, प्रियांशी, आरव आदि बच्चों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में नीनू सक्सेना, बिंदु शर्मा, अनीता सक्सेना रही। संचालन कंचन सक्सेना ने किया। प्रबंधक संजीव सक्सेना, चांदनी कश्यप, हिना राजपूत, आरती, स्वाति कश्यप, आरती पटेल, सुशील सक्सेना, आराधना सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### राधा-कृष्ण बनकर बच्चों ने किया नृत्य



**बरखेड़ा :** गांव मुड़िया हुलास के ज्योति पाठक मेमोरियल एकेडमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। बच्चे राधा कृष्ण की वेशभूषा में सजकर पहुंचे थे। प्रबंधक व संस्थापक राजेंद्र पाठक, प्रधानाचार्य मनोज कुमार वर्मा, अध्यापक भगवान दास, अजयपाल, रूपेन्द्र कुमार, रोहित कुमार, प्रीति वर्मा, तुलसी मौर्य, नीरज वर्मा, शिखा पाठक, अर्चना देवी, वर्षा देवी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### स्नातक और परास्नातक में प्रवेश की तिथि बढ़ी

**पूरनपुर :** लक्ष्य महाविद्यालय में बीए, बीएससी व बीकम प्रथम वर्ष में प्रवेश की तिथि 31 अगस्त तक कर दी है। एमए, एमएससी प्रथम वर्ष में छात्र पांच सितंबर तक प्रवेश ले सकेंगे। छात्रों के पास स्नातक व परास्नातक में प्रवेश लेने का अंतिम अवसर है।

### रहस्यमय ढंग से छात्र लापता, गुमशुदगी दर्ज

**बीसलपुर :** गांव कुमिरखा के दिनेश कुमार ने बताया कि उसका पुत्र अमित कुमार 22 अगस्त को अपने गांव से बुआ के घर बीसलपुर गया था। 23 अगस्त को बुआ के घर से स्कूल पढ़ने को गया। स्कूल की छुट्टी के बाद जब वह अपने घर नहीं पहुंचा तो परिजन चिंतित हो गए। काफी तलाशने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर छात्र की तलाश में जुट गई है।

### ससुराल वालों पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**बिलसंडा :** थाना क्षेत्र के ग्राम दियोहना पिपरिया की रहने वाली कृष्णा देवी पत्नी देवदूत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पति से कहासुनी हो गई। पति व अन्य ससुराल वालों ने उसकी पिटाई कर दी। किसी तरह भागकर खुद को बचाया। पुलिस महिला का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच में जुट गई है।

### पिता-पुत्र से मारपीट मामले में रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला :** ग्राम सराय सुंदरपुर के रहने वाले जसमंत कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को गांव के ही राजपाल, तोताराम, सोहिल और राकेश नशे में उसके घ्र्रार के बाहर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर पीड़ित पर हमला कर दिया। घर में घुसकर मारपीट की गई। शोर सुनकर बीच बचाव कराने आए पिता रमेश चंद्र को भी पीटा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### स्कूल में चोरी की कोशिश

**घुंघचिहाई :** सरस्वती विद्या मंदिर में चोरी की कोशिश की गई। घटना शुक्रवार रात की है। बताते हैं कि प्रधानाचार्य श्याम सुंदर शर्मा आहट पर जाग गए और चोर खिड़की के रास्ते भाग गए। खिड़की की जाली भी चोर तोड़ गए थे। मामले की पुलिस को मौखिक सूचना दी गई। हालांकि अभी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# महिला अपराध पर रोक के लिए चिह्नित होंगे हॉटस्पॉट, कराई जाएगी पेट्रोलिंग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- महिला सुरक्षा को लेकर एडीजी ने एसपी को किया अलर्ट
- रात में एस्काट कर महिलाओं को घर पहुंचाएगी पुलिस

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में एडीजी जोन बरेली रमित शर्मा ने महिला अपराधों को लेकर जिले की पुलिस को अलर्ट पर रखने के निर्देश एसपी को दिए हैं। जिसमें कहा गया है कि महिला अपराधों से जुड़े स्थानों को हाट स्पाट चिन्हित करें। वहां पेट्रोलिंग लगायें और पुलिस कर्मियों से चेकिंग करायें। कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उनसे बातचीत करें।

नाइट डयूटी करने या रात में आने जाने वाली महिलाओं की सुरक्षा को लेकर संबंधित कैब या गाड़ी चालक की जांच पड़ताल करें। संबंधित थाना और चौकी उसके संपर्क में रहें। रात में कामकाजी महिलाओं या किसी वजह से लेट होने वाली युवतियों, छात्राओं को जरूरत पड़ने पर पुलिस उन्हें घर तक एस्कॉर्ट कर पहुंचाए। एसपी को निर्देश दिए कि महिला सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई करने, रात में महिलाओं के आने-जाने के रास्तों, इमरजेंसी सेवाओं, सिक्योरिटी ऑडिट, महिला हेल्पलाइन को अलर्ट मोड पर रखने, महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने संबंधी गाइडलाइन का पालन करने, महिलाओं से शारीरिक संपर्क, यौन उत्पीड़न और उन पर लिंग सम्बंधी भद्दी टिप्पणी के मामलों को गंभीरता से लेने, वाहनों के चालकों के लाइसेंस व उनके चरित्र सत्यापन की कापी अपने पास रखने,नाइट शिफ्ट रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक की है तो उन्हें सुरक्षित एस्कॉर्ट से घरों तक पहुंचाया जाने, लाइट वाले स्थानों पर ही परिवहन निगम की बसों, प्राइवेट टैक्सी और अन्य वाहनों के ऐसे ड्रॉप ऑफ प्वाइंट बनाने का निर्देश दिया है।

सीओ और इंस्पेक्टर को जिम्मेदारी दी है कि वह अपने-अपने इलाकों के स्वास्थ्य संस्थानों, ऑफिस, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटल, रेस्टोरेंट, रेलवे बस स्टेशन की सूची बनाएं। जहां महिलाएं काम करती हों, उनका विवरण तैयार कर रात के हॉट स्पॉट चिह्नित किए जाएं। सभी जगह राजपत्रित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में विशेष गश्त और सुरक्षा इंतजाम किए जायें। एडीजी के निर्देश मिलने के बाद जिला स्तर पर इसे लेकर सुरक्षा इंतजाम की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

# डीडीओ पता लगाएंगे, गांवों में क्यों नहीं हो रही बोर्ड बैठक

संवाददाता, बिलसंडा

- सदस्य की शिकायत पर डीएम ने दिए जांच के आदेश
- फर्जी हस्ताक्षर कर बैठकें दर्शाए जाने का लगा है आरोप

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायतों में करीब साढ़े तीन वर्षों से विधिवत बोर्ड की बैठक ही नहीं हुई। ग्राम पंचायत करेली के एक सदस्य ने इसकी शिकायत की तो डीपीआरओ ने ग्राम पंचायतों के सदस्यों के वेंडर फीड कराने के निर्देश दिए। मगर जिम्मेदारों ने सिर्फ ग्राम पंचायत करेली के ही सदस्यों के वेंडर फीड कराए। मामला संज्ञान में आने पर डीएम ने डीडीओ को जांच सौंपी है।

ग्राम पंचायत करेली के सदस्य कृष्ण कुमार शर्मा की ओर से की गई शिकायत में आरोप लगाया गया कि सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर कर बैठक दर्शाई जा रहीं थीं। निदेशक तक मामला पहुंचा तो डीएम से रिपोर्ट मांगी। डीपीआरओ ने तीन माह पूर्व डीएम को रिपोर्ट दे दी। जिसमें उल्लेख किया कि आगामी बैठकों में शामिल होने वाले सदस्यों को मानदेय के रूप में मिलने वाले 100 रुपये उनके खाते में दिए जाएंगे। साथ ही संबंधित सचिवों को तत्काल वेंडर बनाने के निर्देश दिए। मगर, स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र की 100 ग्राम पंचायतों में से सिर्फ करेली ग्राम पंचायत के ही सदस्यों के वेंडर फीड कराए गए हैं।

उधर, एडीओ पंचायत हरिश्चंद्र भारती का कहना है शिकायत सिर्फ करेली ग्राम पंचायत के सदस्य ने की थी, इसलिए वहां के ही सदस्यों के वेंडर फीड करा दिए गए हैं। उधर, कृष्ण कुमार शर्मा ने फिर डीएम से शिकायत की है वेंडर फीड होने के तीन माह बाद भी बोर्ड की एक भी बैठक आहूत नहीं की गई है। जिस पर डीएम संजय कुमार सिंह ने डीडीओ को मामले की जांच सौंप दी है।

# पुलिस ने आम की लकड़ी से लदी ट्राली पकड़ी

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** अवैध रुप से काटकर ले जाई जा रही आम की लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली पुलिस ने शिकायत के बाद पकड़ ली। ठेकेदार को भी हिरासत ले लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

बता दें कि शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव अमरैया कलां के पास आम के बाग पर ठेकेदार ने अवैध रुप से आरा चला दिया। दशकों पुराने हरे भरे कई पेड़ काट दिए गए। लकड़ी को ट्राली में भरकर ठिकाने लगाने ले जा रहा था कि शिकायत किसी ने पुलिस से कर दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर लकड़ी से भरी ट्राली कब्जे में ले ली। साथ चल रहे ठेकेदार से पुलिस ने लकड़ी से संबधित दस्तावेज मांग तो वह नहीं दिखा सका। पुलिस ने ठेकेदार को भी हिरासत में ले लिया और कोतवाली लाई। बताया जा रहा है कि बाग काटने के बाद मौके पर पड़े लकड़ी के बोटे भी पुलिस ने कब्जे में लिए हैं। ठेकेदार को छुड़ाने के लिए अन्य कई ठेकेदार भी कोतवाली पहुंच गए और वार्ता चलती रही। इंस्पेक्टर क्राइम गजेंद्र सिंह ने बताया कि लकड़ी लदी ट्राली कब्जे में ली गई है। उसके दस्तावेज मांगे गए हैं।


पूरनपुर कोतवाली में खड़ी लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली।

- शिकायत पर पुलिस ने ठेकेदार को हिरासत में लिया
- अवैध से रुप से काटकर ले जाई जा रही थी लकड़ी

# भागवत कथा के दूसरे दिन उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** राम-जानकी सत्संग भवन में 24 वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर चल रही श्री मद्भागवत कथा व ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन शनिवार को भक्तों की भीड़ उमड़ी और कथा का रसपान किया।

कानपुर से आए कथा वाचक पंडित राम श्याम तिवारी ने शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप और अमर कथा का वर्णन किया। कहा कि देव ऋषि नारद व पार्वती ने भगवान शिव से पूछा कि उनके गले में जो मुंडमाला है वह किसकी है। इस पर भोलेनाथ ने बताया कि मुंड किसी और के नहीं बल्कि स्वयं पार्वती के हैं। हर जन्म में पार्वती अलग-अलग दार्शनिकों में से एक हैं। शिव की पत्नी के रूप में जब भी देह त्यागती हैं, शंकर जी उनके मुंड को गले में धारण कर लेते हैं।

कथाव्यास बोले-पार्वती ने हंसते हुए कहा हर जन्म में मैं ही मरती रही,आप क्यों नहीं।इस पर शंकर जी हंसने लगे तो पार्वती बोलीं हमें भी वह अमर कथा सुननी है।शंकर जी पार्वती जी को अमर कथा सुनाने लगे।आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित हुआ। व्यवस्था में मंगलसेन वर्मा,शिवजी लाल,त्रिलोकीनाथ अग्रवाल,ई. सुरेश जायसवाल,तुषार जायसवाल, रामदास जायसवाल, सुमित गुप्ता,राजेश गुप्ता,अखिल अग्रवाल मौजूद रहे।


कस्बा बमरौली में कथा का रसपान कराते हुए कथा व्यास जगदीश शरण महाराज।

- कथावाचक ने शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप और अमर कथा का कियावर्णन

### बमरोली में शुरू हुई श्रीमदभागवत कथा

**बिलसंडा, अमृत विचार :** कस्बा बमरोली स्थित श्री राधा रसिक बिहारी मंदिर प्रांगण मे चल रही श्री मद्भागवत कथा में पहले दिन पीत वस्त्रधारी महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। वृंदावन से पहुंचे कथावाचक पण्डित जगदीश शरण महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। इसका श्रवण करने मात्र से ही प्राणी जन्म और मृत्यु से मुक्त हो जाता है।उन्होंने कहा कि भागवत कथा मोक्ष दायिनी व पापनाशिनी है, समय निकालकर हर व्यक्ति को यह कथा श्रवण करनी चाहिए। कार्यक्रम की व्यवस्था में अनिल मिश्रा, संजय शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# हड्डी के डॉक्टरों ने विशेषज्ञों से सीखी हाथ और कलाई की जटिल सर्जरी

## दो दिवसीय लाइव सर्जरी कोर्स रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में शुरू

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** बरेली आर्थोपेडिक एसोसिएशन (बीओए) की ओर से जिले में पहली बार दो दिवसीय रिस्ट एंड हैंड (हाथ व कलाई) की जटिल सर्जरी सिखाने के लिए लाइव सर्जरी कोर्स का आयोजन शनिवार को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में हुआ, जिसका उद्घाटन बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने किया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं कोर्स ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. विनोद पागरानी ने बताया कि कार्यक्रम में 250 हड्डी के डॉक्टर प्रतिभाग कर रहे हैं, जो कि वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञों से हाथ व कलाई की जटिल सर्जरी की नवीन तकनीकी सीख रहे हैं। कोर्स में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हाथ एवं कलाई के वरिष्ठ सर्जनों में पुणे से डॉ. पंकज जिंदल, दिल्ली से डॉ. पीपी कोतवाल, गुरुग्राम से डॉ. विकास गुप्ता, कानपुर से डॉ. अजीत तिवारी आदि ने अपने अनुभव साझा किए।

दो दिवसीय कोर्स में पहले दिन वरिष्ठ डॉक्टरों ने ओटी में लाइव सर्जरी की। इसको प्रोजेक्टर के माध्यम से सभागार में डॉक्टरों को दिखाया गया। बताया कि इस तरह के कोर्स से मेडिकल क्षेत्र में क्या नए अपडेट हो रहे हैं वो पता चलते रहते हैं। नई तकनीक एक दूसरे से साझा होती रहती है।

विशिष्ट अतिथि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह, उत्तर प्रदेश आर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. केडी त्रिपाठी, निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. पीयूष मिश्रा, सचिव डॉ. संतोष, कोषाध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ,कोर्स को ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. मनोज हिरानी व अन्य मौजूद रहे। संचालन वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमेंद्र महेश्वरी ने किया।



मुख्य अतिथि बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि बीआईयू के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

● बरेली ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन ने किया आयोजन, बिथरी विधायक ने किया उद्घाटन

### अंगुली कट जाए तो 6 घंटे से पहले पहुंचे डॉक्टर के पास

दिल्ली से आए वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पीपी कोतवाल ने बताया कि हादसे में अगर हाथ की अंगुली कट जाती है तो घबराएं नहीं। ऐसा होने पर 6 घंटे के अंतराल में मरीज को डॉक्टर के पास आना है। इस बात का ध्यान रखें कि अंगुली का जो हिस्सा कटकर अगल हो गया है, उसे फौरन बर्फ के संपर्क में रखें और डॉक्टर के पास पहुंच जाएं, सर्जरी के माध्यम से इसे दोबारा जोड़ा जा सकता है।

### अधिक देर तक मोबाइल का उपयोग पैदा कर रहा सुन्नपन

कानपुर से आए वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अजीत तिवारी ने बताया कि अधिक देर तक मोबाइल और लैपटॉप का उपयोग करने से हाथों के सुन्नपन की शिकायत रहती है, इसे अनदेखा न करें, ऐसा लगातार होने से हाथों की नसें कमजोर होने लगती हैं, इसलिए तुरंत डॉक्टर की सलाह लें। वहीं, स्पोर्ट्स इंजरी होने पर लगातार दर्द होने पर भी खिलाड़ी इसको नजर अंदाज करते हैं जो कि भविष्य में घातक हो सकता है, अंदरूनी संक्रमण होने से देरी से पता लगने पर हाथों का मूवमेंट प्रभावित हो सकता है।

# राधा कृष्ण प्रतियोगिता में रुही और प्रीता प्रथम


प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। ● अमृत विचार

**न्यूरिया, अमृत विचार:** एके इंटर कॉलेज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर राधा कृष्ण स्वरूप प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्रथम स्थान रुही, द्वितीय स्थान जिविका और प्रत्यक्ष तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, राधा प्रतियोगिता में प्रीता प्रथम, निधि द्वितीय और रोशनी तृतीय रही। मुख्य अतिथि प्रबंधक हाजी मोहम्मद रिजवान खान, हाजी मो. इरफान खान, प्रधानाचार्य दिनेश कुमार, तालिब खान, स्नेहा, क़ादिर आदि मौजूद रहे।

# सांड से टकराकर बाइक सवार की मौत

संवाददाता, पूरनपुर

● पूरनपुर बंडा रोड पर शनिवार देर शाम हुआ हादसा

अमृत विचार: घर से ड्यूटी पर जा रहे सिक्योरिटी गार्ड की बाइक सवार से टकरा गई। हादसे में सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई, जबकि उसका रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी लगते ही मृतक के परिजनों में कोहरा मच गया। परिजन रोते बिलखते अस्पताल पहुंच गए।

थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव सिमरा के उपेंद्र यादव (22)पुत्र राजेंद्र पूरनपुर में एक कार्यदाई संस्था में सिक्योरिटी गार्ड थे। शनिवार देर शाम उपेंद्र गांव के ही रिश्तेदार आदेश के साथ बाइक से पूरनपुर ड्यूटी पर आ रहे थे। पूरनपुर बंडा रोड पर कैशोपुर मोड़ के पास उनकी बाइक आवारा सांड से टकरा गई। हादसे में उपेंद्र और आदेश घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण पहुंच गए और एंबुलेंस से दोनो घायलों को पूरनपुर सीएचसी भिजवाया। सीएचसी में डॉक्टर ने उपेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

हादसे की जानकारी लगते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। वह रोते बिलखते पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। कोतवाल राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि हादसे की जानकारी लगी है। घटना घुंघचाई थाना क्षेत्र की है।

## सार-संक्षेप

### अवध पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी



**पीलीभीत।** टनकपुर रोड पर स्थित अवध पब्लिक स्कूल में शनिवार को जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्कूल में मटकी फोड़ कार्यक्रम हुआ। जिसे लेकर बच्चे खासा उत्साहित दिखे। प्रधानाचार्या आरती मिश्रा समेत अन्य शिक्षकों ने भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना की। बच्चे राधा कृष्ण के रूप में सज-धज कर आए। बच्चों ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का प्रदर्शन किया। जिससे सभी मंत्रमुग्ध हो गए। बच्चों की मासूमियत और उनकी प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्ति और आनंद से भर दिया। अंत में भजन और गीतों का आनंद लेकर पर्व को पूरी श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया।

### राधा-कृष्ण की वेशभूषा में बच्चों ने किया डांस



**पीलीभीत, अमृत विचार :** लायंस बाल विद्या मंदिर जूनियर विंग में जन्माष्टमी एक्टिविटी का आयोजन किया गया। जिसमें प्री नर्सरी से कक्षा प्रथम तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। राधा-कृष्ण से संबंधित झांकियां प्रस्तुत की गई। झांकियों के माध्यम से दही हांडी, वासुदेव द्वारा कृष्ण को यमुना पार ले जाना, माखन चुराना, रास रचाना आदि दर्शाया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा राधा-कृष्ण रूप में मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में पल्लवी, हिमानी, कृष्णा एवं केविन ने क्रमश पहला, दूसरा, तीसरा और चौथा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अमित केएस एवं हेड मिस्ट्रेस वीना अरोरा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। समापन पर सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी गई।

### 15 दिव्यांगों ने उपकरण के लिए कराया पंजीकरण



**मझोला, अमृत विचार :** नगर पंचायत गुलडिया भिंडारा (मझोला) के अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह की अध्यक्षता में उनके आवास पर शनिवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने शिविर लगाया। दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान मशीन, कैलिपर, कृत्रिम पैर आदि उपकरण वितरित करने के लिए पंजीकरण किए गए। शिविर आदर्श जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र ने लगाया था। जिसमें दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की विस्तार से जानकारी दी। चेयरमैन ने बताया कि शिविर मे 35 दिव्यांगों ने अपनी समस्याएं रखी और 15 दिव्यांगजनों ने उपकरण के लिए पंजीकरण कराया है|

### पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्यतिथि मनाई



**पीलीभीत,** अमृत विचार : पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय लोधी महासभा ने कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष ब्रह्म स्वरूप वर्मा संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी और महामंत्री विजय राजपूत नेकिया। कार्यक्रम में आए सभी लोगों ने कल्याण सिंह के त्याग, बलिदान और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की अपील की। राजेश लोधी, नरेश लोधी, धर्मेंद्र लोधी, आशीष लोधी, गौरव राना, गंगा प्रसाद, महेश कुमार वर्मा, डालचंद वर्मा, श्रीपाल, आसेराम राजपूत, गोधनलाल वर्मा, भारत सिंह, राजू वर्मा, हरिद्वारी लाल, कांताप्रसाद, शांति स्वरू, श्रीकृष्ण वर्मा, बृजलाल आदि मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में बिना अनुमति गैरहाजिर मिले तो होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जनपद के समस्त थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय अमरिया थाने पहुंचे और वहां मौजूद फरियादियों की शिकायतों को सुना। हालांकि अधिकांश थानों में गिने-चुने फरियादी ही पहुंचे।

जमीन संबंधी शिकायतों के निपटारे के लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर जिम्मेदारी दी गई। डीएम, एसपी ने आपसी विवाद से जुड़ी शिकायतों का सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस बल संग मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि जनसुवाई के दौरान आईं समस्त शिकायतों में सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाए।

किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे। आईजीआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। शिकायती प्रार्थना पत्र रजिस्टर की जांच डीएम-एसपी ने की। इस मौके पर एसओ ब्रजवीर सिंह भी मौजूद रहे।

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दौलतपुरी हीरा की रहने वाली निशा शनिवार को पति कयुम के साथ बाइक पर सवार होकर बरेली दवा लेने जा रही थी। जैसे ही वह बाइक से अहरोला गांव के पास पहुंची पहिया गड्ढे में चला गया। झटका लगने के बाद वह बाइक से गिरकर घायल हो गई। उधर, ग्राम न्यूरानपुर के राम प्रकाश साइकिल से दवा लेने मधवापुर आए थे। वापस जाते वक्त बाइक की टक्कर लगने से घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी भर्ती कराया गया।

### नदी से अधेड़ का शव बरामद पोस्टमार्टम को भेजा

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवदिया सितारगंज के नजदीक से देवहा नदी गुजरी है। शनिवार को एक अधेड़ का शव नदी में बहकर आया। पशु चराने नदी किनारे गए ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी तो शोर मच गया। कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाल अशोक पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। कोतवाल ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### विक्रम साराभाई का देखा सपना आज सफल हो रहा

**पीलीभीत।** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में शनिवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर सभा हुई। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने कहा कि अंतरिक्ष में भारत के लिए जो सपना विक्रम साराभाई ने देखा था, वो आज सफल हो रहा है। प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 अगस्त 2023 को बेंगलुरु में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो मुख्यालय की अपनी यात्रा के दौरान चंद्रयान -3 की चन्द्रमा पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग के उपलक्ष्य में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस घोषित किया। यह एक अच्छा निर्णय लिया गया। डॉ. अतुल कुमार, जय शिव शंकर, शाहिद खान, कासिम सिद्दिकी, प्रदीप कुमार, राजपाल, आलोक उपाध्याय, संजीव श्रीवास्तव, डॉ.सुमन जौहरी, अंग्रेज कौर, श्रद्धा सिंह, कविशा कन्नौजिया, सोनिया सिंगला, महक तबस्सुम आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसों में सात घायल

**बीसलपुर।** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में महिला समेत सात लोग घायल हो गए। बदायूं के ग्राम उतरनापुर के उपेंद्र सिंह, दीपक कुमार पुलिस कांस्टेबल की परीक्षा देकर लखीमपुर से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। ग्राम खरगपुर कलां का वेद प्रकाश पत्नी टिकोली देवी और दो वर्षीय पुत्र आरुष के साथ बाइक से अपने गांव जा रहे थे। शाहजहांपुर मार्ग पर ग्राम नीवाडांडी के पास दोनों बाइक टकरा गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार लोग घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद वेद प्रकाश और टिकोली देवी को हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इसके अलावा निगोही (शाहजहांपुर) के ग्राम पिपरिया उदय भानपुर के अरविंद कुमार पुत्र ओमप्रकाश अपनी बाइक से बीसलपुर आ रहे थे। ग्राम गुलैदा गौटिया के पास बाइक सवार बीसलपुर निवासी पवन कुमार पुत्र सुरेश कुमार से टककर हो गई। घायलों को सीएचसी भर्ती कराया गया।

### मांग पूरी नहीं हुई तो महिला को किया बेघर

**बीसलपुर।** ग्राम सिमरिया गौसू की सुमन की शादी ग्राम चंद्रपुरा के मनोज से दो साल पहले हुई थी। महिला का आरोप है शादी के बाद कुछ दिनों तक ससुराल के लोगों का व्यवहार अच्छा रहा। बाद में पति मनोज कुमार, ससुर वीरेंद्र कुमार, चचिया ससुर मेवाराम, जेठ प्रेमपाल, जेठानी मोरकली आदि दहेज में पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। इसके पूरा न होने पर गर्भवती हालत में मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता को इसके बाद बेटे का जन्म हुआ। तभी ससुराल पक्ष के लोग उसे अपने घर ले गए और सभी उसे अकेला छोड़कर दिल्ली काम करने चले गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

**सम्मन व अदालत तहसीलदार सदर, बरेली जिला बरेली** वाद संख्या- टी. 202212130347६ सन् 2022 अन्तर्गत धारा 34 उ0प्र0 राजस्व संहिता, 2006 ग्राम कोहनी प्रतापपुर परगना वल्लिया तहसील आंवला जिला बरेली। राजेन्द्र सिंह **बनाम** भगवान देई प्रथम पक्ष:- 1- राजेन्द्र सिंह पुत्र बुद्धपाल सिंह नि0 96 ओल्ड एल आई जी क्वाटर वर्रा 3 कानपुर। **बनाम :-** द्वितीय पक्ष:- 1- भगवान देई पत्नी सियाराम निवासी कोहनी प्रतापपुर तहसील ऑवला जिला बरेली। 2- पप्पू पुत्र सियाराम निवासी कोहनी प्रतापपुर तहसील ऑवला जिला बरेली। 3- पूजा देवी पत्नी रूपकिशोर स्वयं व संरक्षिका नाबालिगान अविवाहित ना0 17 वर्ष पुत्र रूपकिशोर व अबनी ना0 आयु 15 वर्ष पुत्री रूपकिशोर व नितिन ना0 आयु 8 वर्ष व जतिन ना0 आयु 7 वर्ष पुत्र रूपकिशोर संरक्षिका माता सगी पूजा देवी पत्नी रूपकिशोर निवासीगण कलापुर तहसील व जिला बरेली । 4- वीरपाल व वीरेन्द्र पाल पुत्रगण सोहन निवासीगण कोहनी प्रतापपुर तहसील ऑवला जिला बरेली । 5- जगदीश पुत्र दिलवर निवासी ग्राम सरदारनगर तहसील ऑवला जिला बरेली। 6- हरदास पुत्र पुत्तू निवासी ग्राम भोजीपुरा तहसील व जिला बरेली 7 गांव सभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम महेशपुर ठाकुरान परगना व तहसील व जिला बरेली। चूँकि मुसम्मी श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र बुद्धपाल सिंह निवासी 96 ओल्ड एल आई जी क्वाटर वर्रा 3 कानपुर ने आपके नाम एक नालिश वास्ते नामान्तरण दाखिल खारिज अन्तर्गत धारा 34 उ0 प्र0 राजस्व संहिता, 2006 दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 06.09.2024 असालतन या मारफत किसी वकील के जो मुकदमा हाजी में बखूबी बाकिफ हो और जो मुकदमा हाजी की जवाबदेही कर सके मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा।

आज बतारीख 23.08.2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया है।
**जज**

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-प्रथम, बरेली उ.प्र.**

इजराय संख्या-107/2023 जितेन्द्र सोनकर इजराय संख्या- 108/2023 सत्येन्द्र कुमार सिंह इजराय संख्या- 109/ 2023 नितिन कुमार राठौर इजराय संख्या- 110/2023 सुप्रिया गुप्ता इजराय संख्या -111/2023 लक्ष्मी कुमारी इजराय संख्या- 112/2023 राहुल कुमार सिंह इजराय संख्या- 113/ 2023 प्रदीप कुमार शर्मा इजराय संख्या- 114/2023 शबानाज इजराय संख्या- 115/2023 हिमांशु चौहान इजराय संख्या- 116/2023 नीलम सिंह इजराय संख्या- 117/2023 ज्योति मौर्य इजराय संख्या- 118/2023 कैलाश सिंह परमई बनाम

नोटिस 1. मेहरा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र (एम. आई.टी.सी.) द्वारा निदेशक, 149 ई. सिविल लाइन्स कचहरी के पीछे, बरेली- 243001 2. श्रीमती प्रतिमा मेहरा पत्नी स्व. श्री प्रमोद कुमार मेहरा, निदेशक एम.आई.टी.सी. 149 ई. सिविल लाइन्स कचहरी के पीछे, बरेली-243001 3. नन्दन एजुकेशन सोसायटी द्वारा प्रबन्ध निदेशक 149 ई. सिविल लाइन्स कचहरी के पीछे, बरेली-243001 4. डॉ. मनीष मेहरा, प्रबन्ध निदेशक, नन्दन एजुकेशन सोसायटी व एम.आई.टी.सी. 149 ई. सिविल लाइन्स कचहरी के पीछे, बरेली-243001 5. राजेश मेहरा सहायक प्रबन्ध निदेशक, एम.आई. टी.सी. 149 ई. सिविल लाइन्स कचहरी के पीछे, बरेली-243001 आपको सूचित किया जाता है कि इस आयोग के निर्णय दिनांकित 25.01.2017 का अनुपालन आपके द्वारा नहीं किया गया है। उक्त इजहाय वाद की उपरोक्त पत्रावलियों में सुनवाई हेतु अग्रिम तिथि 06.09.24 नियत की गयी है।

अत: आप दिनांक 06.09.24 को समय प्रात: 10:30 बजे जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बरेली में स्वयं उपस्थित हों। आज दिनांक 13.8.24 को जारी किया गया।

**आज्ञा से अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-प्रथम बरेली**

**कार्यालय ग्राम पंचायत अम्बरपुर, वि.खं. भदपुरा, जिला बरेली**

**अल्पकालिक निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अम्बरपुर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है सामग्री विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | सुरेश पंडित जी के घर से अमर सिंह के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 840285.15 |

उक्त कार्य हेतु सील बंद निविदा 25.8.2024 से 28.8.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में दोपहर 2:00 बजे तक डाली जा सकती है वह उसी दिन 28.8.2024 को दोपहर 3:00 बजे निविदा दाताओं व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

**नन्हीं देवी-प्रधान** **संगीता देवी-सचिव**

**कार्यालय प्राथमिक विद्यालय सुकटिया वि.क्षे. भदपुरा, बरेली**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्र सं. SSA/निर्माण/ 461823/ 2023-24 दिनांक 15.12.2023 के अनुपालन में विद्यालय के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलामी 28 अगस्त 2024 को प्रात: 11 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीदाता को अपना आधार कार्ड तथा रू. 10,000/- (रू. दस हजार मात्र) की धनराशि धरोहर के रूप में जमा करनी होगी। बोलीदाता का पंजीकरण नीलामी दिवस को प्रात: 10:00 बजे से 11:00 बजे तक होगा। नीलामी की शेष शर्तें विद्यालय पहुँचकर प्राप्त कर सकती है।

**विकास कुमार (अध्यक्ष)** **वर्षा रानी गंगवार (सचिव)**
**कार्यालय प्राथमिक विद्यालय सुकटिया वि.क्षे. भदपुरा, बरेली**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मोहनपुर उर्फ रामनगर विकास खंड भोजीपुरा बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सभी इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्रीय वित्त, पंचम वित्त व ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (SLWM) के अंतर्गत केंद्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन एवं पंचम राज वित्त, एवं 15 वे वित्त आयोग ,मनरेगा ,के अंतर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई-रिक्शा साइकिल, रिक्शा कूड़ेदान प्लास्टिक बैग मिट्टी प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा सीमेंट आरआर सी सेंटर मोरंग बालू इंटरलॉकिंग सरिया ह्यूम पाइप बाल पुट्टी रंग टीन चादर बजरफुट पी वी सी पाइप इंसीनेटर हैंडपंप रिवर हैंड पंप मरम्मत सफाई किट बाल पेंटिंग मय चित्र आदि सामानों की आपूर्ति हेतु निविदाये 24.08.2024 से 31 .08.2024 तक 2:00 बजे से 5:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते हैं उक्त निर्णय 02.09.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय के समक्ष खोली जाएंगी। नियम व शर्तें हेतु कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं। निविदाये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**प्रधान-बादाम सिंह** **सचिव-छवि पटेल**

**कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, बदायूं**

पत्रांक: C-2666/स.क./मु.अ.यो./अथिति व्या. चयन/ 2024-25 दिनांक: 24.08.2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

शासनादेश संख्या- 112/2022/2441/20.03.2022-1514/2016 समाज कल्याण अनुभाग- 3 लखनऊ दिनांक- 18 अक्टूबर 2022 एवं निदेशालय समाज कल्याण, उ.प्र. लखनऊ के पत्र संख्या सी-1116 / स.क./विकास/अभ्युदय / कैलेण्डर- कोर्स प्लान/2024-25 दिनांक 13 अगस्त 2024 के द्वारा निर्गत मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) में उल्लिखित व्यवस्थानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद बदायूं में छात्र/छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं- यू.पी. एस.सी., यू.पी.पी.सी.एस. एवं नीट की नि:शुल्क तैयारी कराये जाने हेतु शैक्षणिक सत्र- 2024-25 में कक्षायें संचालित की जानी है। निर्धारित कोर्सो / विषयों के अनुसार अध्यापन कार्य हेतु अतिथि व्याख्ताओं / प्रवक्ताओं एवं विषय विशेषज्ञों की निम्नानुसार आवश्यकता है।

सिविल सेवा यू.पी.एस.सी./यू.पी.पी.सी.एस. हेतु निर्धारित विषय:-

| क्रमांक | अध्यापन हेतु विषय | अर्हता |
|---|---|---|
| 1 | भूगोल | सिविल सेवा तथा पी.सी.एस. के लिए विश्वविद्यालय, राजकीय डिग्री कॉलेजों के शिक्षक तथा आई.ए.एस. (मुख्य) परीक्षा अथवा पी.सी.एस. (साक्षात्कार) अथवा दो बार पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा में सम्मिलित हुए अभ्यर्थी अतिथि व्याख्याता के रूप में विशेषज्ञ चयन समिति की अनुशंसा से प्रशिक्षण केन्द्रों में सूचीबद्ध किये जायेंगे। |
| 2 | इतिहास (भारत एवं विश्व) | |
| 3 | भारतीय समाज | |
| 4 | भारतीय राज व्यवस्था और गवर्नेन्स | |
| 5 | अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध | |
| 6 | भारतीय अर्थव्यवस्था | |
| 7 | विज्ञान और प्रोद्योगिकी | |
| 8 | पर्यावरण और आपदा प्रबन्धन | |
| 9 | आन्तरिक सुरक्षा | |
| 10 | नीति शास्त्र | |
| 11 | यू.पी.पी.सी.एस. पेपर- 5 | |
| 12 | यू.पी.पी.सी.एस. पेपर- 6 | |
| 13 | हिन्दी | |
| 14 | सी-सेट | |
| 15 | करेन्ट अफेयर्स | |

नीट/जे.ई.ई. हेतु निर्धारित विषय:-

| क्रमांक | अध्यापन हेतु विषय | अर्हता |
|---|---|---|
| 1 | Botany | नीट के लिए सम्बन्धित विषय में M.Sc.(प्रथम श्रेणी) अथवा M.B.B.S. तथा J.E.E. के लिए सम्बन्धित विषय में M.Sc.(प्रथम श्रेणी) अथवा M.tech. की डिग्री धारित करने वाले अभ्यर्थी अतिथि व्याख्याताओं के रूप में चयन समिति की अनुशंसा से सूचीबद्ध किये जायेंगे। |
| 2 | Zoology | |
| 3 | Physics | |
| 4 | Chemistry | |
| 5 | Mathematics | |

उपरोक्त प्रतियोगी परीक्षाओं में अध्यापन कार्य हेतु इच्छुक विषय विशेषज्ञ अपना आवेदन पत्र- सी.वी., अनुभव प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियों के साथ दिनांक- 25.08.2024 से 03.09.2024 तक कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, विकास भवन, बदायूं में प्रत्येक कार्य दिवस में प्रात: 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक कक्ष सं. 116 में स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं। अतिथि विषय विशेषज्ञों /व्याख्याताओं का चयन विषय विशेषज्ञ इम्पेनलमेण्ट व पर्यवेक्षण हेतु गठित कमेटी द्वारा शासनादेश / एस.ओ.पी. में निर्धारित व्यवस्थानुसार किया जायेगा। अतिथि विषय विशेषज्ञों / व्याख्याताओं / प्रवक्ताओं को मानदेय का भुगतान प्रति पीरियड के अनुसार एस.ओ.पी. में निर्धारित व्यवस्थानुसार किया जायेगा। अधिक जानकारी हेतु श्री नंद किशोर कोर्स - को- ऑर्डिनेटर, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना मो. नं. 9455390929 से सम्पर्क कर सकते हैं। उक्त चयन प्रक्रिया हेतु पूर्व में जारी विज्ञापन सं.-सी-1944/स.क./मु.अभ्यु.यो./प्रेस नोट / 2024-25 दिनांक - 20.07.2024 कमेटी के निर्देशानुसार निरस्त किया जाता है।

**मीनाक्षी वर्मा**
**जिला समाज कल्याण अधिकारी**
**बदायूं**

**कार्यालय गन्ना विकास परिषद, बदायूँ**

पत्रांक: 198/प्रेस नोट / दिनांक: 24.08.2024

**प्रेस विज्ञप्ति**
**राष्ट्रीय कृषि विकास योजना / जिला योजना वर्ष 2024-25**
**अन्तर्गत कृषकों के चयन सम्बन्धी सूचना**

उक्त तीनों योजनाओं हेतु वर्ष 2024-25 में अधोलिखित कार्यकमों के लाभार्थियों का चयन किया जाना है। इच्छुक कृषक संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु कृषि विभाग की वेबसाइट www.upagriculture.com पर गन्ना विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण शीघ्र करा लें तथा निर्धारित आवेदन पत्र शीघ्र सम्बन्धित गन्ना विकास परिषद कार्यालय में उपलब्ध करा दें। कृषक का चयन गन्ना विभाग के पोर्टल पर किये गये पंजीकरण के आधार पर **''पहले आओ, पहले पाओ''** के सिद्धान्त के आधार पर किया जायेगा।

**1. आधार पौधशाला अधिष्ठापन :-** आधार पौधशाला अधिष्ठापन हेतु एक कृषक को अधिकतम 25 कुन्तल अभिजनक गन्ना बीज दिया जायेगा। आधार पौधशाला में उत्पादित गन्ना बीज का वितरण पर पौधशाला धारक को 50/- प्रति कुन्तल की दर से अनुदान देय होगा।

**2. प्राथमिक पौधशाला अधिष्ठापन :-** प्राथमिक पौधशाला अधिष्ठापन हेतु एक कृषक को अधिकतम 50 कुन्तल आधार गन्ना बीज दिया जायेगा। प्राथमिक पौधशाला में उत्पादित गन्ना बीज के वितरण पर 25/- प्रति कुन्तल की दर से अनुदान देय होगा।

**जिला योजना के अन्तर्गत निम्न अनुदान देय होते है:-**

**3. अभिजनक बीज यातायात:-** अभिजनक गन्ना बीज (ब्रीडर) शोध केन्द्र / कृषक प्रक्षेत्र से यातायात हेतु रू. 15/- प्रति कुन्तल की दर से अनुदान देय होगा। अभिजनक बीज यातायात हेतु अधिकतम 25 कुन्तल प्रति लाभार्थी पर अनुदान अनुमन्य होगा।

**4. आधार बीज यातायात:-** कृषकों के यहां स्थापित आधार पौधशालाओं में उत्पादित आधार बीज से प्राथमिक पौधशालाओं की स्थापना हेतु रू. 7/- प्रति कुन्तल की दर से यातायात अनुदान देय होगा। आधार बीज यातायात हेतु अधिकतम 50 कुन्तल प्रति लाभार्थी पर अनुदान अनुमन्य होगा।

**5. बीज भूमि उपचार एवं पेड़ी प्रबन्धन:-** बीज एवं भूमि उपचार हेतु उपयोगित कीटनाशकों के मूल्य का 50 प्रतिशत या अधिकतम रू. 900/- प्रति हेक्टयर की दर से अनुदान देय होगा।

**6. बायोफर्टिलाइजर/ वर्मी कम्पोस्ट:-** जैव उर्वरक एवं वर्मी कम्पोस्ट के मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम रू. 600/- प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान देय होगा। अनुदान हेतु अधिकतम सीमा 4.850 हेक्टेयर गन्ना क्षे. प्रति लाभार्थी अनुमन्य होगा।

**राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत निम्न अनुदान देय होते है:-**

**7. प्रदर्शन :-** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत प्रत्येक प्रदर्शन धारक को 0.500 हेक्टेयर पर अनुदान की धनराशि अंकन 4000 रू. दिया जाता है तथा 500 रू. प्रचार प्रसार हेतु व्यय किया जाता है।

**8. माइक्रोन्यूटीएंट :-**राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत माइक्रोन्यूटीएंट क्रय पर लाभार्थियों को लागत का 50 प्रतिशत एवं 500 रू. प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान दिया जाता है।

**9. किसान मेला / गोष्ठी:-** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत उत्तम तकनीकी एवं नवीन तकनीकी के प्रचार प्रसार हेतु विभाग द्वारा ब्लाक स्तरीय मेलों / गोष्ठियों का आयोजन किया जाता है।

**10. महिला स्वयं सहायता समूह:-** महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सिंगलबड एवं बडचिप सीडलिंग पर रू. 1.30 एवं 1.50 रू. अनुदान देय है।

लाभार्थी के चयन की शर्त:- 1. कृषक गन्ना समिति का वैधानिक आपूर्तिकर्ता सदस्य हो। 2. कृषक गन्ने की खेती करता हो। 3. कृषक पर गन्ना समिति को एक वर्ष से अधिक पुराना कोई बकाया न हो। 4. अनुदान हेतु क्षेत्र प्रदर्शन, अभिजनक बीज यातायात एवं आधार / प्राथमिक पौधशाला बीज वितरण कार्यक्रम हेतु एक कृषक को प्रत्येक मद में तीन वर्ष में एक बार ही लाभान्वित किया जायेगा। 5. प्रदर्शन एवं पौधशालाओं के प्लाट सड़क के किनारे हो, जिससे कि अधिकाधिक प्रचार- प्रसार हो सके। 6. रा.कृ.वि.यो. एवं एन.एफ.एस.एम. योजनान्तर्गत अनुदान की धनराशि प्राप्त होने पर ही अनुदान भुगतान किया जायेगा। गन्ना कृषक अधिक जानकारी हेतु अपने क्षेत्र के गन्ना पर्यवेक्षक, गन्ना विकास निरीक्षक, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, सचिव गन्ना समिति व गन्ना विकास परिषद एवं जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय बदायूं में सम्पर्क कर सकते हैं।

**डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा**
**ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक**
**बदायूं**

# लौकिक और आध्यात्मिक राधाकृष्ण का प्रेम



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

राधाकृष्ण का प्रेम लौकिक है। अध्यात्म भी है। यहां दो हैं राधा और कृष्ण। राधा होना चाहती है कृष्ण। बिना कृष्ण हुए राधा का प्यार आधा है। इस प्यार को पकने-पकाने के लिए श्रीकृष्ण की आंच और ऊष्मा चाहिए। श्रीकृष्ण की प्रीति ऊष्मा भी सहज नहीं।

इतिहास भूत होता है। इसमें जोड़-घटाव उचित नहीं होता। हम चाहकर भी भूतकाल नहीं बदल सकते,लेकिन भूत इतिहास बनता है। अनुभूत समाज की भावशक्ति पाता है। वह काव्य बनता है, ऋचा या मंत्र बनता है। वह इतिहास में हस्तक्षेप नहीं करता। वह इतिहास को सौन्दर्य देता है। इतिहास और सुंदरता में प्रत्यक्ष सम्बंध नहीं होते। सुंदरता की अनुभूति का स्रोत भावशक्ति है। इतिहास का स्रोत भूत-सत्य है। श्रीकृष्ण इतिहास के महानायक हैं। उन्हें भारत की भावशक्ति मिली। वे गीत बने, काव्य बने। उनका चलना-फिरना भी गीत नृत्य हो गया। उनके कारण यमुना प्यार की नदी हो गई। उनकी बांसुरी के सुर, राग, लय ने इतिहास को मनोरम बनाया। उनका शिशुकाल भी गीत-भजन और स्मरणीय काव्य बना। मथुरा-वृंदावन भारतीय भूगोल का भाग है।

श्रीकृष्ण के जीवन की ऐतिहासिक घटनाओं के भी साक्ष्य हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा वे भारतीय भावशक्ति के 'मिथक' हैं। इतिहास लौकिक होता है। लोकभाव की शक्ति अपने प्रिय को लोक के परे भी देखती है। जैसे प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं पड़ती, वैसे ही प्रेमपूर्ण चित्त को प्रमाण बेकार लगते हैं। हम इतिहास की पोथी पढ़कर राधाकृष्ण का प्रेमतत्व नहीं जान सकते। प्रेममय चित्त बड़ी सरलता से लौकिक को अलौकिक बनाते हैं। वे इस जीवन के बाद भी प्रेमी बने रहने का संकल्प लिया करते हैं। प्रेम और इतिहास में कोई दुश्मनी नहीं। प्रेम गीतों में भी इतिहास हो सकता है और इतिहास में भी प्रेम के कथानक। प्रेमी आकाश में उड़ते, तमाम जन्मों में मिलते-बिछुड़ते गाए जाते हैं। वे स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा पर होते हैं। ऐसे प्रेमी इतिहास के चरित्र भी हो सकते हैं,लेकिन इतिहास उन्हें आकाशचारी नहीं दर्ज करता। श्रीकृष्ण इतिहास में हैं, भाव में हैं। प्रेम में हैं। वे प्रेम रस का परम-चरम हैं। तैत्तिरीय उपनिषद् के ऋषि ने संपूर्णता या ब्रह्म को 'रस-रसो वै सः' गाया है। वैसे ही रस या महारस हैं श्रीकृष्ण। वे स्वयं महारस भी हैं और उस रस का आनंद लेने वाले रसिक बिहारी भी हैं। वे ज्ञाता हैं, ज्ञेय हैं और ज्ञान भी हैं। प्रकृति सृजन का चरम परम है,लेकिन जिस प्रकृति ने उन्हें रचा है, वह प्रकृति भी उन्हीं के मार्गदर्शन में चलती है। राधाकृष्ण का प्रेम लौकिक है। अध्यात्म भी है। यहां दो हैं राधा और कृष्ण। राधा होना चाहती है कृष्ण। बिना कृष्ण हुए राधा का प्यार आधा है। इस प्यार को पकने-पकाने के लिए श्रीकृष्ण की आंच और ऊष्मा चाहिए। श्रीकृष्ण की प्रीति ऊष्मा भी सहज नहीं। राधा यह बात जानती ही रही होगी कि वे मिलें हमसे और मैं राधा न रहूं। श्रीकृष्ण से मिलूं और श्रीकृष्ण ही हो जाऊं। श्रीकृष्ण तो सबकुछ जानते ही थे।

राधा सामान्य नायिका नहीं है। वे धारा के विपरीत हैं। धारा शब्द को उलटने से ही शब्द राधा बनता है। राधा का संस्पर्श भी श्रीकृष्ण को श्रीकृष्ण नहीं रहने देगा। अग्नि आंच दो तरफा है। दोनों की आंच के कारण दोनों का अलग अस्तित्व बचना मुश्किल, लेकिन राधा तैयार है। उन्हें निजी अस्तित्व की चिंता नहीं। राधा मिली श्रीकृष्ण से और श्रीकृष्ण मिले राधा से। वे दो थे। एक हो गए। फिर एक भी नहीं बचा। अद्वैत घटित हो गया। पुराणकार लिख सकते थे कि तब देवताओं ने इस महामिलन पर आकाश से फूल बरसाए, लेकिन राधा माधव की प्रीति के लिए देवों की पुष्पवर्षा की जरूरत ही नहीं थी। इस प्रीति को देखकर मथुरा-वृंदावन और बरसाना के फूल स्वयं ही लहके। उनकी सुगंध आज भी अनुभव की जा सकती है। सोचता हूं कि तब आकाश में बिना बादल ही 'घनश्याम' आ गए होंगे। ऋत सत्य ने गति दी होगी। राधाकृष्ण प्यार की ऊष्मा के जलकण आकाश पहुंचे होंगे। इस महाप्रीति से पर्जन्य ने कृति आकार लिया होगा। ये पर्जन्य और कोई नहीं हम सबके प्रिय घनश्याम ही हैं।

गीता में उन्होंने स्वयं को 12 मासों के चक्र में अगहन-मार्गशीर्ष बताया है। उसके अपने कारण हैं। उनका जन्म कड़कते बादलों के समय हुआ। उस मुहूर्त में सब तरफ पर्जन्य घनश्याम थे। धरती तक उतर आए थे वे। यमुना भावविह्वल होकर उमड़ पड़ीं थी तब। इतिहासकार की सीमा है। पर्जन्य इतिहास का उपकरण नहीं हैं। बांके बिहारी की छवि मस्तिष्क की समृद्धि नहीं है। मोर मुकुट का प्राकृतिक सौंदर्य इतिहास की विषय वस्तु नहीं है। माखन चोरी की प्रथम सूचना रिपोर्ट किसी थाने का अभिलेख नहीं है। गोपियों के बीच नृत्य और रास का वीडियो वायरल नहीं हुआ। प्रेम उल्लास नापने का कोई यंत्र न उस समय था और न ही अब तक बन पाया है। भाव जगत निस्संदेह इसी प्रत्यक्ष जगत का हिस्सा है,लेकिन यह जगत प्रत्यक्ष है। सो इस भूत की स्मृति है। स्मृति का इतिहास है। भाव जगत का इतिहास लिखें तो कैसे लिखें? भारत का मन श्रीकृष्ण में आनंदरस पाता है। आनंदरस की यह प्यास कभी तृप्त नहीं होती। जितना पीते हैं, उतना ही प्यास और ज्यादा बढ़ती है। प्रेम तृप्त नहीं होता। न मिलने से और न ही दूर रहने में, जो तृप्ति दे वह प्रेम नहीं हो सकता। श्रीकृष्ण प्रेम अवतार हैं। उनके भजन, कीर्तन, लीला और नाटक हम सबकी तृप्ति और बढ़ाते हैं। अनंत-अनंत होता है। तृप्ति का अंत नहीं होता। श्रीकृष्ण अनंत हैं। उनकी कथा अनंत है। हरि अनंत हरि कथा अनंता। थोड़ा इतिहास की शरण लें। तब बौद्ध पंथ भारत को आच्छादित कर रहा था। संभवतः दो क्षेत्रों में इसका प्रभाव नहीं पड़ा। पहला क्षेत्र वृंदावन था और दूसरा काशी। बुद्ध के अनुसार यह संसार दुखमय,लेकिन वृंदावन में यह संसार नृत्यपूर्ण था। नृत्य में दुख की जगह कहां होती है?

रास अपने आप में आनंद है। उन्हें कैवल्य की जरूरत ही नहीं। उद्धव को गोपियों ने यही उत्तर दिया था। हमारा सब कुछ श्याम के संग और रंग में है। हम निर्गुण अद्वैत का क्या करें? अद्वैत में वे भी थीं पर इस अद्वैत में इन्द्रधनुष था। श्रीकृष्ण की प्रीति के रंगों में रचा बसा था यह अद्वैत। वामपंथी मित्र कहते हैं कि श्रीकृष्ण काव्य कल्पना हैं। इतिहास के पात्र नहीं। हम कहते हैं कि मथुरा इतिहास है, यमुना इतिहास है। गोवर्द्धन इतिहास है। नन्दगांव इतिहास है। कुरू क्षेत्र इतिहास है। युद्ध इतिहास है। हस्तिनापुर अभी भी है। यह भौगोलिक क्षेत्र है। सो है। इसलिए इतिहास है। श्रीकृष्ण प्रत्यक्ष नहीं हैं, क्योंकि वे इतिहास हैं। वे हमारी नस नस में हैं। हमारे अन्तःकरण में उनकी बांसुरी बजती है। यह हमारा अंतःकरण है।

डॉ. लोहिया ने इसी अंतः क्षेत्र की बात की थी कि श्रीकृष्ण को इतिहास के पर्दे पर उतारने की कोशिश न करना। हम सादर जोड़ते हैं कि इतिहास का पर्दा छोटा है। प्रेमगली संकरी है। इससे होकर प्रेम ही गुजर सकता है। दो नहीं निकल सकते। इतिहास के पास श्रीकृष्ण को समेटकर रखने की जगह नहीं। श्रकृष्ण प्रेम हैं। महाप्रेम के इस महानायक को इतिहास के साथ अपने हृदय में भी खोजना चाहिए। साधारण मुद्रा में नहीं, नाचते हुए। श्रीकृष्ण सतत् नाचते हुए पूर्वज हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बधाई।

# मोदी की यूक्रेन यात्रा पर पश्चिमी मीडिया का किंतु-परंतु



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूक्रेन दौरे को ग्लोबल मीडिया और विरोधी मुल्क हिकारत की नजरों से देख रहे हैं। विदेशी मीडिया ने यहां तक कह दिया है कि मोदी रूस का एजेंट बनकर यूक्रेन का भेद लेने पहुंचे हैं? यूकेन को सतर्क रहना चाहिए। कमोबेश तस्वीरें भी कुछ ऐसी ही दिखाई दे रही हैं। प्रधानमंत्री के दौरे को यूक्रेन गर्मजोशी से नहीं ले रहा, बल्कि शक की निगाहों से जरूर देख रहा है। प्रधानमंत्री भी उनके बदले नजरिए को भांपे हुए हैं। बेशक, वह कहें कुछ न, लेकिन असहज जरूर हो रहे हैं? उनके इस दौरे के बाद भारत कई देशों के निशाने पर भी आ गया है। खासकर उन मुल्कों के जो रूस के खिलाफ जारी युद्ध में खड़े हुए हैं।

अमेरिका, चीन, पाकिस्तान जैसे देश मोदी के दौरे को रूस का एजेंट बताने में लग गए हैं। उनकी स्थानीय मीडिया में मोदी की यूक्रेन यात्रा की खुलेआम आलोचनाएं हो रही हैं। प्रधानमंत्री भी सबकुछ जानकर भी इसलिए चुप हैं, अगर उन्होंने वास्तविक स्थिति पर कुछ कहा, तो वह भारत के विपक्षी दलों के निशाने पर भी आ जाएंगे। विपक्षी दल वैसे हैं भी नहीं यूक्रेन के दौर के पक्ष में हैं?

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की को भी मोदी का दौरा नहीं सुहा रहा। उन्होंने तब भी विरोध किया था जब पिछले महीने प्रधानमंत्री मोदी रूस यात्रा पर गए थे और पुतिन को सबके सामने गले लगाया था। तब, गले मिलने को पश्चिमी मीडिया ने जमकर आलोचना की थी। जेलेंस्की ने भी आपत्ति जताते हुए तब कहा था कि आज रूस के मिसाइल हमले में 37 लोग मारे गए, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। दरअसल जिस दिन मोदी रूस गए थे, उसी दिन रूस ने यूक्रेन के सबसे बड़े अस्पताल पर हमला किया था। तब वोलोदिमीर जेलेंस्की ने गुस्से में कहा था कि एक ऐसे दिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता का दुनिया के सबसे खूनी अपराधी को गले लगाना शांति स्थापित करने की कोशिशों पर धक्के जैसा है। मोदी से गुस्सा होकर जेलेंस्की सभा से भी चले गए थे। तभी से जेलेंस्की भारत से से भन्नाए हुए हैं। अब मोदी यूक्रेन पहुंचे हैं तो पूरे माजरे को अच्छे से समझ सकते हैं।

मोदी यूक्रेन में भारतीयों से मिल रहे हैं, उनके स्वागत में ढोल-नगाड़े बज रहे हैं। इससे गुस्से की भड़की चिंगारियां को कुछ कम करने की कोशिशें जरूर हो रही हैं,लेकिन ग्लोबल स्तर पर मोदी का मौजूदा यूक्रेन दौरा दुनिया के कई देशों को अखर रहा है। राजनैतिक पंडित मानते हैं कि मोदी का यूक्रेन दौरा उन देशों से रिश्ते खराब कर सकता है, जिनसे हमारे मधुर संबंध हैं। हालांकि ये पहली मर्तबा है, जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन के दौरे पर है, लेकिन विकट परिस्थितियों में? कई लोग मानते हैं कि मोदी का यूक्रेन दौरा रूस को असहज कर सकता है,लेकिन एक राय ये भी है कि राष्ट्रपति पुतिन के चीन दौरे से भी भारत बहुत सहज नहीं रहता है। दुनिया के कई देश दबी जुबान में मोदी के यूक्रेन जाने पर सवाल उठा रहे हैं कि वह ऐसे वक्त यूक्रेन क्यों गए जब वहां के हालात बिगड़े हुए हैं?

यूक्रेन बीते कुछ दिनों से रूस की सीमा में घुसकर हमले कर रहा है। कुछ इलाकों को उसने अपने कब्जे में भी ले लिया है। आशंका ऐसी हैं कि रूस यूक्रेन पर जल्द बड़ा हमला कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो यूक्रेन के पक्ष में कई देश खड़े हो जाएंगे। फिर भारत क्या करेगा? रूस के साथ रहेगा या यूक्रेन के? निश्चित रूप से प्रधानमंत्री के दौरे ने भारत के लिए 'करो या मरो' की स्थिति खड़ी कर दी है।

# श्रीकृष्ण और उनका अमर संदेश



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

भगवान कृष्ण 5000 वर्ष पूर्व इस धरा पर प्रकट हुए थे। वे इस पृथ्वी पर 125 वर्ष तक रहे और मनुष्य के समान ही आचरण किया, लेकिन उनके कार्यकलाप अद्वितीय थे। उनके जन्म से लेकर तिरोधान के क्षण तक उनका प्रत्येक कार्य विश्व के इतिहास में अद्वितीय रहा, अतएव जो भी यह जानता है कि भगवान का क्या अर्थ होता है, वह कृष्ण को भगवान के रूप में स्वीकार लेगा।

वैदिक वाङ्मय के अनुसार समस्त युगों में शंकर, रामानुज, माधवाचार्य, विष्णु स्वामी, महाप्रभु चैतन्य जैसे महान आचार्यों तथा उनकी शिष्य परंपरा के समस्त अनुयायियों के अनुसार सभी ने एक स्वर से स्वीकार किया है कि कृष्ण भगवान हैं। वैदिक ऐतिहासिक ग्रंथ, पुराण तथा महाभारत से हमें कृष्ण के अर्विभाव तथा तिरोधान का इतिहास लाखों-करोड़ों वर्ष पूर्व प्राप्त होता है। कृष्ण का ज्ञान इतना पूर्ण है कि वे भूतकाल में लाखों-करोड़ों वर्ष पूर्व की अपने अर्विभाव की घटनाएं स्मरण रखते हैं, पर हमें उनके इतिहास से अधिक उनके संदेश पर विचार करना चाहिए। कृष्ण ने महाभारत के युद्ध में अर्जुन के द्वारा पूरे जगत को ज्ञान दिया। भगवान कृष्ण ने अपने सर्वश्रेष्ठ सुविचारों के माध्यम से मनुष्य को बताया कि अपने अशांत मन को व्यक्ति अभ्यास के माध्यम से किस तरह अपने वश में कर सकता है, क्योंकि जो व्यक्ति अपने मन को काबू में नहीं करते हैं, उनके लिए वह दुश्मन की तरह काम करता है। इस देश ने शुरू से ही मनुष्य को ईश्वर का अंश माना है। मानव का काम है अपने ईश्वरीय पद को प्राप्त करना। इसलिए इस देश ने गुफा के अंदर ध्यान लगाने वाले साधु को पूजा है और उसे एक महल के अंदर विलासमय जीवन बिताने वाले राजा या एक युद्ध विजेता या एक उद्योगपति की तुलना में कहीं अधिक आदर दिया है। एक संस्कृत श्लोक में कहा गया हैः 'जिसका मन सच्चिदानंद स्वरूप परब्रह्म में रम गया है, उसका परिवार और उसकी माता धन्य है। यह सारी पृथ्वी उसको जन्म देने से धन्य है।' प्रत्येक मनुष्य का लक्ष्य यह होना चाहिए कि वह सर्वोच्च आध्यात्मिक सत्ता, परब्रह्म से एकता प्राप्त करे। श्रीकृष्ण ने भगवद्गीता में मनुष्य के इस अंतिम लक्ष्य को प्राप्त करने का सर्वोत्तम तरीका बताया है। उन्होंने हमसे यह नहीं कहा कि हम किसी बात पर एकाएक विश्वास कर लें या किसी के गौरव के कारण उसकी बात मान लें, बल्कि कहा है कि हमें स्वयं ही वस्तुओं की सच्चाई को खोजना चाहिए। यह विश्व प्रक्रिया जो जड़ द्रव्य से जीवन में, जीवन से चेतना में, चेतना से विवेक में और विवेक से आत्मा में पहुंचती है, एक ऐसी आधारभूत सत्ता की अपेक्षा रखती है, जो उसे सहारा दे, उसे शक्ति दे। चूंकि इस प्रकार की सत्ता बुद्धि के लिए अगम्य है, इसलिए शब्दों से उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। वह एक महान रहस्य है, जिसकी महत्ता लोगों के विरोधी वर्णनों से प्रकट होती है।

भगवान श्रीकृष्ण ने न सिर्फ इस संसार को आपस में प्रेम करना सिखाया, बल्कि कई ऐसे प्रेरणादायक और



अनमोल सीख भी दी, जिनको अगर हम सभी अपने जीवन में उतार लें तो निश्चय ही एक सफल और श्रेष्ठ जिंदगी जी सकते हैं। इसके साथ ही श्रीकृष्ण ने हिन्दू धर्म के पवित्र ग्रंथ श्रीमद्भगवतगीता के माध्यम से मनुष्य के जन्म-मरण के चक्र की खूबसूरत व्याख्या की है और मनुष्य को इस संसार रूपी मोह से निकालकर मोक्ष प्राप्ति का सूत्र बताया है। मनुष्य अपने विश्वास से निर्मित होता है, जैसा वो विश्वास करता है, वैसा वह बन जाता है। मन की गतिविधियों, होश, श्वास और भावनाओं के माध्यम से भगवान की शक्ति सदा तुम्हारे साथ है और लगातार तुम्हें बस एक साधन की तरह प्रयोग कर सके सभी कार्य कर रही है। तुम उसके लिए शोक करते हो, जो शोक करने के योग्य ही नहीं होते और फिर भी ज्ञान की बातें करते हो, बुद्धिमान व्यक्ति न तो जीवित और न ही कभी मृत व्यक्ति के लिए शोक करते हैं। पिछली पांच सहस्त्र शताब्दियों से भारत का मनुष्य जाति के लिए यह संदेश रहा है कि यह दुनिया ही सब कुछ नहीं है, इसको धारण करने वाला परमात्मा है जिसे हम समझ सकते हैं और विभिन्न उपायों से प्राप्त कर सकते हैं। यह संदेश आज भी हमारे लिए महत्व रखता है। कोई जीवित संस्कृति गतिहीन नहीं होती। उसका प्रयत्न सदा ही स्थायी संतुलन, एकता, शांति प्राप्त करने के लिए होता है, जिसमें सभी सामाजिक, आध्यात्मिक और वैयक्तिक तनाव शांत हो जाते हैं। यह एक ऐसी अवस्था होती है, जिसमें मनुष्य आपस में प्रकृति की शक्तियों के साथ स्वयं अपने से शांति रखते हैं।

आज हमारे चित्त विभ्रांत हो गए हैं। लोगों के अंदर एक अविवेकशीलता, एक आवेगशीलता, एक नैतिक और आध्यात्मिक शून्यता दिखाई देती है। अजीब-अजीब आवाजें सुनाई देती हैं। अगर हमें गलत बातों से पथभ्रष्ट नहीं होना है, अगर हमें अपनी राष्ट्रीय पवित्रता को सुरक्षित रखना है तो जो संदेश प्राचीन काल से हम तक पहुंचा है, उसे पुनर्जीवित करना होगा। हमें राम, कृष्ण, बुद्ध, चैतन्य जैसे महापुरुषों के उपदेशों को स्मरण करना होगा। हममें से सभी साधु तो नहीं हो सकते, किन्तु वाणिज्य, व्यापार, उद्योग, अध्यापन या चिकित्सा, जो कुछ भी हम करें, ईश्वर भक्ति समझकर करें। हमारे विचार और विश्वासों के रूप में परिवर्तन होना बढ़ती हुई बेचैनी का पहला चिन्ह है और यह शीघ्र ही राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्थाओं में स्वयं को प्रकट करेगा। हमें दुनिया की बदलती हुई परिस्थितियों के साथ बदलना चाहिए,लेकिन ऐसा करते हुए अपनी सांस्कृतिक विरासत के ढांचे के अंदर ही रहना चाहिए।

# संतुलन जीवन का मूल मंत्र



डॉ. पवन कुमार सिंह
रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज सामाजिक संबंधों का जाल है। व्यक्ति एवं परिवार जहां नींव है, वहीं राष्ट्र समाज की परस्पर संयोजन एवं सामंजस्य की पराकाष्ठा है। व्यक्ति न केवल अपने परिवार और समाज का अपितु राष्ट्र के गौरव एवं समृद्धि का आधार है। लोकतांत्रिक समाज की बुनियाद समाज के वैचारिक मतों के बहुमत पर निर्भर होता है। जैसा समाज होता है, वैसा वहां के तौर तरीकों की स्वीकृति तथा अस्वीकृति का परिचालन।

मानवीय समाज की जिम्मेदारी होती है कि राष्ट्र को शिखर पर ले जाए या राष्ट्र को अवनति के गड्ढे में धकेल दे। शिक्षक राष्ट्र निर्माता और विधाता है। तभी तो गुरु की गणना गोविंद समतुल्य की गई है। शिक्षक का पुनीत धर्म एवं कर्तव्य है कि राष्ट्र को परम वैभव पर प्रतिष्ठित कर प्रत्येक नागरिकों को अपनी सांस्कृतिक ज्ञान परंपरा का बोध कराए। आज कल एक नया ट्रेंड भारतीय संस्कृति की अनोखी ज्ञान परंपरा को चकाचौंध को धूमिल कर रहा है। पीठ पीछे लोगों की बुराई, ईर्ष्या-द्वेष, झूठी एवं हवा-हवाई शक्ति का प्रदर्शन, अतिशय चापलूसी और चाटूकारिता का प्रदर्शन। आज यह ट्रेंड सामाजिक समरसता, धार्मिक समभाव सहृदयता, सहिष्णुता एवं भाईचारे की आपसी प्रेम स्नेह रूपी भावनाओं को आत्मिक रूप से तोड़ रही है। विश्वास की नींव को क्षीण कर रही है।

मृत्यु लोक के हर प्राणी का जीवन अच्छाई एवं बुराई के द्वैत का संगम है। यदि अच्छाई ही अच्छाई व्यक्ति में होती तो देवता होता और स्वर्ग लोक में अतिसुंदर अप्सराओं के बीच रासलीला का आनंद लेता होता। यदि बुराई ही बुराई होती तो नरक लोक में डांडिया का प्रदर्शन देखता। पृथ्वी लोक में वही जन्म लेता है, जिसमें अच्छाई एवं बुराई दोनों गुणों का संतुलन होता है। हम सभी इससे विरक्त नहीं। सृष्टि का यही विधान है। जीवन की यही सच्चाई है। संतुलन जीवन का मूल मंत्र है।

# सामाजिक परिवर्तन के नायक बीपी मंडल





सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

बीपी मंडल ने पिछड़े समाज की सामाजिक व आर्थिक दशा को बहुत ही करीब से समझा था। इसके लिए उन्होंने देश के जिलों का भ्रमण किया। लोगों से सामाजिक परिस्थितियों का अवलोकन किया, तब कहीं जाकर देश के 406 जिलों के पिछड़े वर्गों की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक रूप से पिछड़ी हुई जातियों को चिन्हित किया और उन्हें पिछड़े वर्ग की सूची में शामिल किया। 31 दिसंबर 1980 को प्रधानमंत्री के प्रतिनिधि ज्ञानी जैल सिंह को मंडल आयोग की रिपोर्ट सौंपी, जिसमें 3743 जातियों को शामिल किया गया था। यह दस्तावेज पिछड़ों की प्रगति के लिए था, लेकिन कांग्रेस उदासीन रही तो भाजपा विरोध में पिछड़ों को भलाई में कौन आगे बढ़े, जबकि संख्या का अनुपात 52 प्रतिशत का हिस्सेदारी का हकदार था। एम आर बालाजी बनाम मैसूर राज्य 1962 केस में उच्चतम न्यायालय ने आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत निर्धारित कर दी थी। इसलिए 27 प्रतिशत आरक्षण की ही संतुति की गई। मंडल आयोग की 40 अनुशंसाओं में मात्र एक अनुशंसा को अर्थात सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण को संयुक मोर्चा में जनता दल की सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने लागू किया। इसीलिए 7 अगस्त को मंडल दिवस के रूप मनाया जाता है। 2006 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार में शैक्षिक संस्थानों में मंडल आयोग की एक और अनुशंसा लागू हुई।

बिंदुश्वरी प्रसाद मंडल 25 अगस्त 1918 को बनारस में जन्मे तथा उनका मूल गांव मुरहो, मधेपुरा, बिहार है। उनके पिता व दादा मुरहो के राजा थे। बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल राजकुमार थे, लेकिन दिल कमजोरों के लिए धड़कता था। मंडल ने उच्च शिक्षा पाई थी अंबेडकर, पेरियार की संगति रही सो सामाजिक न्याय के पक्षधर रहे। इनके पिता रासबिहारी बोस ने अछूतों को जनेऊ पहनने के लिए आंदोलन किए। वे कहते थे ब्राह्मण को जनेऊ पहनने से प्रतिष्ठा मिलती है तो सबसे अपमानित व्यक्ति को जनेऊ पहनाकर प्रतिष्ठित किया जाना चाहिए। मंडल आयोग की राजनीति से पिछड़े वर्ग में राजनितिक चेतना भी जगी, पिछड़े वर्ग के लोग मुख्यमंत्री, एमपी, एमएलए, बनने शुरू हुए। बीपी मंडल को मानने लोग 25 अगस्त को सामाजिक परिवर्तन दिवस के रूप में मनाते हैं, राजनीतिक दलों के अतिरिक्त शिक्षण संस्थानों में भी छात्र उनकी जयंती के दिन सभाओं में उनके संघर्ष को याद करते हैं।

# गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की आवश्यकता



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

> अनुसंधान ज्ञान और समझ को आगे बढ़ाने, समस्याओं को हल करने और आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

शोध उस प्रक्रिया अथवा कार्य का नाम है, जिसमें बोधपूर्वक तथ्यों का संकलन कर व्यवस्थित व सावधानीपूर्वक सूक्ष्म बुद्धि से तथ्यों का अवलोकन कर नए तथ्यों या सिद्धांतों का उद्घाटन किया जाता है। सीखने का एक अधिक संवादात्मक और सहयोगात्मक तरीका पेश किया गया है, जिसके बहुत सारे लाभ हैं। शिक्षण एवं शोध का आपस में गहरा संबंध है। शिक्षण को प्रभावी, वास्तविक, प्रयोगिक एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने में शोध की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षण में उसमें से भी अधिक महत्व है क्रियात्मक शोध का।

क्रियात्मक शोधों के माध्यम से हम क्षण प्रतिक्षण स्वयं के द्वारा शिक्षा नवाचारों के प्रभावों का आकलन, पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन करते हुए उसकी रणनीति को बदलने का कार्य कर सकते हैं, जिससे यह सुनिश्चित कर पाने में सक्षम होते हैं कि शोध के पश्चात परिणाम प्रत्येक दशा में परिकल्पना के अनुरूप ही प्राप्त हो सकेंगे। यह शिक्षकों और छात्रों के लिए फायदेमंद है, क्योंकि शिक्षकों को केवल किताब तक सीमित रहने के बजाय जानकारी लेने और पढ़ाने के लिए एक पूरा मंच मिलता है। छात्रों को कक्षा में अधिक ध्यान देने का मौका मिलता है और उन्हें पढ़ाई में मजा आता है। इस तकनीक की बदौलत छात्र इस महामारी के समय में भी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार बड़ी संख्या में छात्रों तक पहुंचने के लिए सीखने का एक आभासी तरीका पेश किया गया है। हालांकि यह एक नई अवधारणा है, जिसे दुनिया में समस्याग्रस्त स्थितियों के कारण जबरदस्ती पेश किया गया है, लेकिन इसकी वास्तविक क्षमता तक नहीं पहुंचा जा सका है। भविष्य में स्मार्ट क्लासरूम सफल होने वाली है, क्योंकि वे अपनी दक्षता और महत्व साबित करेंगे।

बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण अंतः विषय अनुसंधान, अंतर-विषयक शिक्षा और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान कर सकता है, जिससे छात्रों को अधिक विविध और अंतः विषय कार्यबल के लिए तैयार किया जा सकता है। व्यापक अर्थ में अनुसंधान (त्मेमंतबी) किसी भी क्षेत्र में 'ज्ञान की खोज करना' या विधिवत गवेषणा करना होता है। वैज्ञानिक अनुसंधान में वैज्ञानिक विधि का सहारा लेते हुए जिज्ञासा का समाधान करने की कोशिश की जाती है। नवीन वस्तुओं की खोज और पुरानी वस्तुओं एवं सिद्धांतों का पुनः परीक्षण करना, जिससे कि नए तथ्य प्राप्त हो सकें, उसे शोध कहते हैं।

क्रियात्मक अनुसंधान का तात्पर्य मूलतः करके सीखना है। सबसे पहले किसी समस्या की पहचान की जाती है, फिर उसका समाधान करने के लिए कुछ कार्रवाई की जाती है, फिर किए गए प्रयासों को कितनी अच्छी तरह से मापा जाता है और यदि परिणाम संतोषजनक नहीं हैं तो प्रयासों को किया जाता है। शिक्षा में क्रियात्मक अनुसंधान का विशेष महत्व है, जिसमें शिक्षक अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करते हैं।

अंतः विषय अनुसंधान सहयोगात्मक और एकीकृत अनुसंधान को संदर्भित करता है, जिसमें कई विषयों या अध्ययन के स्रोत्रों का योगदान शामिल होता है। यह एक शोध दृष्टिकोण है, जो एक ही अनुशासन की पारंपरिक सीमाओं से परे जाता है और जटिल समस्याओं और घटनाओं को संबोधित करने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों, विधियों और सिद्धांतों को संयोजित करने का प्रयास करता है। शिक्षा में प्रौद्योगिकी को शामिल करना किसी भी आयु वर्ग के छात्रों में सीखने की दक्षता बढ़ाने का एक उत्कृष्ट तरीका है। स्पष्ट विचार प्राप्त करने के लिए वे जो पढ़ रहे हैं उसकी कल्पना कर सकते हैं। स्कूलों में नवोन्मेषी कक्षाएं एक बेहतरीन पहल है, जिसे कई संस्थान अपनाते हैं। इससे छात्रों को डेटा के लंबे, उबाऊ अनुच्छेदों को छवियों, वीडियो, ग्राफ, चार्ट, तालिकाओं आदि से बदलने में मदद मिलती है, जो बहुत अधिक उपयोगी है। इससे छात्रों को ऐसी पेचीदा जानकारी लंबे समय तक याद रखने में मदद मिलती है, क्योंकि शब्दों की तुलना में दृश्य आपके दिमाग में बेहतर तरीके से संग्रहीत होते हैं।

अनुसंधान ज्ञान और समझ को आगे बढ़ाने, समस्याओं को हल करने और आर्थिक व सामाजिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह जटिल मुद्दों के साक्ष्य आधारित समाधान प्रदान करता है, प्रभावी निर्णय लेने और नीति विकास का समर्थन करता है और विभिन्न क्षेत्रों में प्रथाओं और प्रक्रियाओं के सुधार में योगदान देता है। कुल मिलाकर अंतः विषय अनुसंधान एक मूल्यवान दृष्टिकोण है,जो नई अंतर्दृष्टि और खोजों को जन्म दे सकता है और उन जटिल समस्याओं का प्रभावी समाधान प्रदान कर सकता है,जिनके लिए कई विषयों की विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

# ई-कामर्स में तेज वृद्धि चिंतनीय






संजीव मेहरोत्रा
बरेली

ऑनलॉइन चैनलों से छोटे खुदरा विक्रेताओं पर पड़ रही चोट पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपनी टिप्पणी दी है। कहा है कि भारत में ई-कामर्स का तेजी से विकास चिंता का विषय है,उन्होंने कहा है कि ऑनलॉइन बेहद सस्ता सामान मिलने से करोड़ों दुकानें बंद हो जाएंगी,उन्होंने इस क्षेत्र की तेज वृद्धि को फक्र करने की नहीं अपितु फिक्र करने की बात है।

पीयूष गोयल का कहना था कि ई-कामर्स की इस वृद्धि से हम बड़ा सामाजिक व्यवधान तो पैदा नहीं कर रहे,उन्होंने कहा कि उन्हें इसमें गर्व महसूस नहीं होता कि 10 साल बाद हमारा आधा बाजार ई-कामर्स का हिस्सा बन जाएगा। इससे खुदरा में रोजगार घट सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने अमेजन के एक अरब डॉलर निवेश के वायदे के बारे में कहा है कि वो किसी बड़ी सेवा या निवेश के लिए नहीं आ रही। "भारत में रोजगार एवं उपभोक्ता कल्याण पर ई-कामर्स का शुद्ध प्रभाव" नाम की एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी करते हुए श्रीगोयल ने कहा कि ई-कामर्स कंपनियां छोटे खुदरा विक्रेताओं की हिस्सेदारी को खा रही हैं।

उनकी इन टिप्पणियों से ऑनलाइन और ऑफलाइन खुदरा विक्रेता बंटे हुए से लग रहे हैं। बहस शुरू हो चुकी है। देखना यह होगा कि देश के खुदरा व्यापार के बारे में सरकार कोई ठोस उपाय कर सकेगी?

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है कांग्रेस व नेकां गठबंधन : योगी

## जम्मू-कश्मीर चुनावों में कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस गठजोड़ पर उठाया सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन पर खूब बरसे। कहा कि कांग्रेस व नेकां का गठबंधन राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर अनेक बड़े सवाल खड़ा करता है। भारतीय संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा व निष्ठा रखने वाले हर व्यक्ति को चिंतित भी करता है।

मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत में दोनों पार्टियों के गठबंधन पर तमाम सवाल उठाए। कहा कि नफरत की फसल काटने वाली कांग्रेस व नेकां की सियासी जमीन सदा के लिए बंजर हो गई है। योगी ने कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी को कठघरे में खड़ा करते हुए कई सवाल भी पूछे। साथ ही, गठबंधन से राष्ट्रविरोधी मंसूबों को सामने रखा। योगी ने कहा कि भारत के मुकुट जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 और 35ए का कलंक मिटाने के साथ ही भाजपा ने विधानसभा चुनाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की थी। योगी ने कहा कि हाल ही में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने घोषणापत्र जारी किया है। इसमें अनेक ऐसे बिंदु हैं, जो भारत की एकता-अखंडता व राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति आशंकित करती है।

### योगी के निशाने पर रहे राहुल, पूछे कई सवाल

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता से पूछना चाहता हूं कि क्या उनकी पार्टी नेशनल कांफ्रेंस के जम्मू-कश्मीर में फिर से अलग झंडे के वादे का समर्थन करती है? क्या राहुल गांधी व कांग्रेस अनुच्छेद 370 और आर्टिकल- 35ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके अलगाववादी ताकतों का फिर से समर्थन करती है? क्या कांग्रेस और राहुल गांधी पाकिस्तान के साथ एलओसी ट्रेड शुरू करने के नेशनल कॉन्फ्रेंस के निर्णय और फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद व उसके इकोसिस्टम को पोषण करने का समर्थन करती है?



- कांग्रेस ने गठबंधन कर राष्ट्रविरोधी मंसूबों को देश के सामने रखा

# आंद्रा वामसी बने गृह राज्यमंत्री के निजी सचिव

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन में स्टाम्प व पंजीयन विभाग के विशेष सचिव आंद्रा वामसी को केंद्रीय गृह मंत्रालय के राज्यमंत्री बी संजय कुमार का निजी सचिव नियुक्त किया गया है। केंद्र की ओर से उप्र. के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है।



यूपी कैडर के 2011 बैच के आईएएस अफसर आंद्रा वामसी की छवि तेजतर्रार अफसर और ऑन स्पॉट फैसले लेने वाले अधिकारियों के तौर पर रही है। वे मूल रूप से आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। पहले प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा पास करके आईएएस अफसर बने। लखनऊ में कौशल विकास मिशन के निदेशक और बस्ती में जिलाधिकारी के तौर पर उन्हें खूब सराहना भी मिली।

# सिपाही भर्ती परीक्षाः अब तक 20 की हुई गिरफ्तारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- धांधली करने में युवतियां भी कम नहीं

**अमृत विचारः** सिपाही भर्ती परीक्षा में एसटीएफ लगातार कार्रवाइयां कर रही हैं। छह माह में 400 से अधिक अपराधी गिरफ्तार हो चुके हैं जबकि साढ़े 15 सौ अपराधी राडार पर हैं। इसके बाद भी धांधली करने वाले बाज नहीं आ रहे हैं। सिपाही भर्ती की पुनर्परीक्षा के दौरान एसटीएफ और उप्र. पुलिस ने 20 लोगों को गिरफ्तार किया है जो प्रतक्ष्य अथवा अप्रतक्ष्य रूप से या तो परीक्षा में धांधली कर रहे थे अथवा धांधली करा रहे थे।

आगरा के शाहगंज थाने में हाथरस निवासी विवेक सिंह को परीक्षा में जन्मतिथि व नाम बदलकर विमल कुमार के स्थान पर परीक्षा देते गिरफ्तार किया गया। कानपुर नगर में मथुरा निवासी योगेश सारस्वत को उम्र कम कराने के लिए 10वीं की परीक्षा दो बार देकर फर्जी मार्कशीट एवं दस्तावेज तैयार कर परीक्षा में सम्मिलित होने पर गिरफ्तार किया गया। लखनऊ में भदोही निवासी अनिरुद्ध मोदनवाल को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से पैसा लेकर ठगी करते पकड़ा गया।

जिला महराजगंज में हरियाणा के योगेश के जेब से दो डिवाइस चेकिंग के दौरान बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया। ललितपुर में हरीमरपुर निवासी अवधेश कुमार को अभ्यर्थी द्वारा आयु कम करने के लिए दोबारा मैट्रिक और इंटरमीडिएट का फर्जी प्रपत्र तैयार कर परीक्षा में शामिल होने पर पकड़ा गया। रायबरेली में औरैया निवासी उपेंद्र सिंह पाल को परीक्षा हाल के अंदर परीक्षा देते हुए एयरफोन के साथ गिरफ्तार किया गया।

## सार-संक्षेप

### भाजपाइयों के मन में है महिलाओं और शोषित समाज के प्रति कटुता : अखिलेश यादव

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा विधायक राजेश चौधरी के बसपा प्रमुख मायावती पर टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि एक भूतपूर्व महिला मुख्यमंत्री के प्रति कहे गए अभद्र शब्द दर्शाते हैं कि भाजपाइयों के मन में महिलाओं और खासतौर से वंचित-शोषित समाज से आने वालों के प्रति कितनी कटुता भरी है। उन्होंने विधायक पर कार्रवाई की मांग की। सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, पर मायावती का मान-सम्मान खंडित करने का अधिकार किसी को नहीं है। भाजपाई कह रहे हैं कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर गलती की थी, ये भी लोकतांत्रिक देश में जनमत का अपमान है और बिना किसी आधार के ये आरोप लगाना कि वह सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री थीं, बेहद आपत्तिजनक है।

### ग्रुप बनाकर कर रहा था वसूली, गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा में एसटीएफ ने एक ऐसे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जो अपने मोबाइल पर इंस्पेक्टर हंसराज के नाम से ग्रुप बनाकर परीक्षा के नाम पर वसूली कर रहा था। इस दौरान उसने सैकड़ों पुरुषों से एक-एक हजार और महिलाओं से पांच-पांच सौ रुपए की वसूली भी कर डाली। प्रकरण की भनक एसटीएफ को लगते ही इंस्पेक्टर पुनीत परिहार ने वाराणसी में हंसरंजन नामक व्यक्ति की गिरफ्तारी की। पूछताछ में हंसरंजन ने बताया कि उसने 80 वाट्सएप व टेलीग्राम ग्रुप बनाकर 35 हजार लोगों को जोड़ रखा था। इस दौरान उसने फोन पे के माध्यम से सिपाही भर्ती के नाम पर लाखों रुपए की वसूली कर डाली।

### नगर निगम में 10 हजार की घूस लेते लिपिक गिरफ्तार

**कानपुर, अमृत विचार :** विजिलेंस (सतर्कता अधिष्ठान) कानपुर की टीम ने नगर निगम के विज्ञापन व कार्मिक विभाग में तैनात कनिष्ठ लिपिक राजेश कुमार यादव को 10 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। लिपिक ने एसीपी का वित्तीय लाभ देने के नाम पर विभाग में ही कार्यरत बेलदार से घूस मांगी थी। शनिवार को जैसे ही बेलदार का बेटे ने 10 हजार रुपये लिपिक को दिए पहले से तैनात विजिलेंस टीम ने उसे दबोच लिया। आरोपी लिपिक अपर नगर आयुक्त प्रथम मो. आवेश खान के पीए का काम भी देखता था। विजिलेंस की कार्रवाई के समय उनके कार्यालय में ही था। थाना सतर्कता अधिष्ठान कानपुर सेक्टर ने मुकदमा दर्ज कर लिपिक को जेल भेज दिया। टीम ने बताया कि नगर निगम के जोन 2 में मो. अरसलान संविदा चालक के पद पर कार्यरत हैं। उसके पिता इफ्तखार मुश्ताक नगर निगम में बेलदार हैं।

### बलिया में बेटी की हत्या का आरोपी पिता गिरफ्तार

**बलिया,एजेंसी :** जिले के गड़वार थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने दूसरी जाति के युवक से शादी का प्रयास करने पर कथित तौर पर अपनी बेटी की हत्या कर दी जिसके बाद शनिवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) मूल चन्द्र चौरसिया ने बताया कि पुलिस ने हरख बसंत गांव के निबाहन वर्मा को अपनी बेटी मनी (21) की हत्या के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पखनपुरा नहर के समीप 13 अगस्त को एक युवती का शव मिला था, जिसकी पुलिस ने छानबीन के उपरांत मनी के रूप में शिनाख्त की। उन्होंने बताया कि निबाहन वर्मा ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए कहा है कि उसकी बेटी दूसरी जाति के एक लड़के से विवाह करना चाहती थी, इसी को लेकर उसने अपनी बेटी की गांव के कब्रिस्तान में 11 अगस्त को धारदार हथियार से वारकर हत्या कर दी थी।

# स्कूली बस पर गोली चलायी जांच के लिये तीन टीमें गठित

सहारनपुर,एजेंसीः

जिले के देवबंद थानाक्षेत्र में छुटटी के बाद बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रही एक स्कूल बस पर एक व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ मिलकर गोली चला दी। कोई घायल नहीं हुआ। बस चालक ने इस मामले में थाने में तहरीर दी है।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि राजमार्ग 59 पर स्थित एक स्कूल का बस चालक रवि कुमार आज छुटटी के बाद बच्चों को छोड़ने जा रहा था और जब बस राजबाहे के निकट पहुंची तब कुछ युवकों ने उसे रोकने का प्रयास किया। जैन ने बताया कि चालक ने खतरे की आशंका को देखते हुए बस को नहीं रोका जिस पर इन युवकों ने बस पर गोलियां चला दीं।

चालक बस को तेजी से निकालकर ग्राम दिवालहेडी तक ले गया और इस बीच बदमाश भी फरार हो गये। उन्होंने ने बताया कि गोलियां चलाने वाले एक युवक की पहचान कर ली गयी है और आरोपियों की तलाश के लिए तीन टीमें गठित की गयी हैं। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि बदमाशों ने एक छात्र को निशाना बनाते हुए ये गोलियां चलायी थीं। जैन ने बताया कि बस में सवार सभी विद्यार्थी पूरी तरह सुरक्षित हैं, किसी को किसी तरह की चोट नही लगी है।

# प्रबंधक, प्रधानाचार्य भेजे जेल, स्कूल की मान्यता रद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- बाराबंकी स्कूल हादसे की मजिस्ट्रेट जांच जारी

**अमृत विचारः** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे में स्थित अवध एकेडमी स्कूल का छज्जा गिरने के मामले में शनिवार को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी ने जिला अस्पताल में घायल बच्चों और उनके परिजनों से मुलाकात की।

उन्होंने बच्चों के समुचित इलाज ओर स्कूल के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस पूरे प्रकरण में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और डीआईओएस की जांच जारी है। स्कूल को सील कर मान्यता रद कर दी गई है। यहां पढ़ रहे बच्चों का दाखिला दूसरे स्कूलों में कराने की कवायद शुरू हो गई है, जिससे उनकी पढ़ाई सुचारू रूप से चलती रहे। साथ ही स्कूल के प्रबंधक अवधेश कुमार वर्मा और प्रधानाचार्य शिव कुमार वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।



स्कूल में घटनास्थल का निरीक्षण करते श्याम त्रिपाठी व अधिकारी। ● अमृत विचार

हादसे में घायल 17 वर्षीय छात्र आकाश को हेड और आई इंजरी के चलते डॉक्टरों ने जिला अस्पताल से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया है। जबकि जिला अस्पताल में भर्ती कुल 27 बच्चों में से 17 बच्चों की हालत में सुधार के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। बता दें कि शुक्रवार को अवध एकेडमी स्कूल का छज्जा गिरने से 40 बच्चे घायल हो गए थे। जिसके बाद घायल छात्र-छात्राओं को प्राइवेट और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस हादसे के बाद जिला प्रशासन ऐसे स्कूलों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की तैयारी कर रहा है, जो नियम विरुद्ध संचालित हो रहे हें।

> बच्चों और उनके अभिभावकों से मुलाकात कर हर संभव मदद का अश्वासन दिया है। साथ ही स्कूल की मान्यता रद्द करने के निर्देश दिये हैं। इस तरह के जितने भी स्कूल संचालित हैं, उन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> -**श्याम त्रिपाठी**, सदस्य, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग।

# मंदिर निर्माण पूरा करने राजस्थान से आएंगे श्रमिक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर निर्माण कार्य को समय से पूरा करने के लिए अब राजस्थान से श्रमिकों की फौज आएगी। निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने पहले दिन की बैठक में शुक्रवार को श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए थे। दूसरे दिन की बैठक में शनिवार को कार्यदायी संस्था एलएंडटी की ओर से बताया गया कि श्रमिकों की संख्या को बढ़ाने के लिए 12 से भी अधिक ठेकेदारों के संपर्क किया गया है।



मंदिर निर्माण के समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने शनिवार को बताया कि पत्थरों से संबंधित कार्य करने वाले अच्छे श्रमिक राजस्थान में मिलते हैं। इसलिए वहां के ठेकेदारों से संपर्क किया जा रहा है। राजस्थान से अयोध्या की दूरी अधिक होने के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है, लेकिन फिर भी प्रयास किया जा रहा है कि वहां से आये श्रमिकों को यहां घर जैसा माहौल यहां मिले। सप्त मंदिर की प्रगति अच्छी है। उसमें जो मूर्तियां लगनी हैं वह अक्टूबर तक आ जाएंगी।

# चुनाव में बसपा देगी भाजपा विधायक को जवाब:माया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** भाजपा विधायक के विवादित टिप्पणी करने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पक्ष में उतरने पर बसपा प्रमुख मायावती ने उनका आभार जताया।

उन्होंने कहा कि चुनाव में बसपा भाजपा विधायक को जवाब देगी। बसपा प्रमुख ने कहा कि सपा प्रमुख ने भाजपा विधायक को उनके गलत आरोपों का जवाब देकर उनके ईमानदार होनी की सच्चाई को माना है। इसके लिए पार्टी उनकी आभारी है। उन्होंने भाजपा विधायक पर पलटवार करते हुए कहा कि लगता है कि भाजपा में अब विधायक की पूछ नहीं है, इसलिए वह अनाप-शनाप बयान देकर सुर्खियों में आना चाहते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

# बैजनाथ बने अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- सरकार ने शुरू की ढाई साल से लटकी पड़ीं राजनीतिक नियुक्तियां
- सदस्यों में बरेली से उमेश कठेरिया व संजय सिंह शामिल

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने ढाई साल से लटकी पड़ीं राजनीतिक नियुक्तियां शुरू कर दी है। सबसे पहले उप्र अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष समेत 20 सदस्यों को नामित किया गया है। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ रालोद प्रमुख जयंत चौधरी के एक करीबी को भी जगह मिली है।

राज्यपाल की स्वीकृति मिलने के बाद समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने बताया कि बाराबंकी के बैजनाथ रावत को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। वह तीन बार विधायक और एक बार सांसद रह चुके हैं। साथ ही, लोकसभा चुनाव में बाराबंकी क्षेत्र से टिकट के दावेदार थे।

दो उपाध्यक्ष पद पर गोरखपुर के पूर्व विधायक बेचन राम और सोमभद्र के जीत सिंह खरवार को नामित किया गया है। इसके अलावा 17 सदस्यों में मेरठ के हरेंद्र जाटव, सहारनपुर के महिपाल वाल्मीकि, बरेली के संजय सिंह, आगरा के दिनेश भारत, हमीरपुर के शिवनारायण सोनकर, औरैया के नीरज गौतम, लखनऊ के रमेश कुमार तूफानी, मेरठ के नरेंद्र सिंह खजूरी, आजमगढ़ के तीजाराम, मऊ से विनय राम, गोंडा से अनिता गौतम, कानपुर से रमेश चंद्र, भदोही से मिठाई लाल, बरेली से उमेश कठेरिया, लखनऊ से अजय कोरी, कौशांबी से जितेंद्र कुमार और अंबेडकर नगर से अनीता कमल को नामित किया गया है।

उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग में नियुक्तियों के जरिए भाजपा ने उपचुनाव से पहले बड़ा दांव खेला है। आयोग में 17 जिलों के एससी-एसटी नेताओं को जगह देकर लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन की ओर हुए मतों के ध्रुवीकरण को अपने पक्ष में सहेजने की कोशिश हुई है।

### अमृत विचार ने उठाया था मुद्दा

सरकार और संगठन के शीर्ष नेताओं में अपनों को आयोग, निगम और बोर्डों में आसीन कराने को लेकर चल रही गुटबाजी से ढाई साल से लटकी पड़ीं राजनीतिक नियुक्तियों का मुद्दा 10 अगस्त को उठाया था। इसके बाद मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में संघ, सरकार और संगठन की बैठक में नियुक्तियों को लेकर सर्वानुमति बनने से लेकर केंद्रीय नेतृत्व से सहमति लेने को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

## वर्ग पहेली-171

**बाएं से दाएं**

4.1. पानी निकालने के लिए ज़मीन में खोदा हुआ गहरा गड्ढा, कूप 2. बहुत गहरी और अंधेरी जगह 3. रहस्य संप्रदाय में हृदय रूपी कमल। (मु.)-खोदना : किसी को हानि पहुंचाना। कुएं में गिरना : मुश्किल में पड़ना। कुएं में बांस डालना : बहुत खोज करना। कुएं में भांग पड़ी होना : बुद्धि भ्रमित होना, सभी का पागल हो जाना।

5.1. थपकी देना, दुलारना 2. उत्साहवर्धन के लिए शाबाशी देना 3. धीरे से ठोंकना।

8. हवा से रहित, वायु शून्य।

**ऊपर से नीचे**


1.1. एक सफ़ेद एवं मुलायम धातु जो गहने बनाने के काम आता है

2.1. निराहार व्रत या उपवास 2. वह व्रत जिसमें भोजन नहीं किया जाता मुख्यत : बौद्ध तथा जैन मतों में उपवास के लिए प्रयुक्त शब्द।

3.1. परेशान होना, आकुल होना, बेचैन होना, विह्वल होना 2. घबड़ाना, डरना, कांपना।

6.1. शिकायत, निंदा, दोषकथन 2. अपवाद 3. आरोप, दोषारोपण 4. झूठी निंदा 5. लोहे के तारों से निर्मित अंगूठी जिसे पहन कर सितार बजाते हैं

7.1. समाप्त होने की अवस्था या भाव 2. अंत, नाश, मृत्यु 3. सफ़ाया, हत्या।



### वर्ग पहेली -170 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 लु | ढ़ | 2 क | ना | |
| | | | णि | | 3 ए |
| | 4 अं | श | का | लि | क |
| 5 दे | | | यि | | चा |
| 6 व | का | ल | त | | रि |
| पु | | | | | णी |
| 7 र | घु | ना | थ | | |

## सुडोकू -84

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 8 | | | | 2 | |
| 8 | | | 2 | 7 | 3 | | 6 | |
| 9 | | | | 1 | | 4 | | 7 |
| | 5 | | | | 8 | | | 3 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 2 | | | 4 | | | | 9 | |
| 1 | | 7 | | 9 | | | | 2 |
| | 9 | | 1 | 5 | 6 | | | 8 |
| | 3 | | | | 2 | 1 | | |

### सुडोकू -83 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 7 | 9 | 4 | 6 | 5 | 2 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 |
| 9 | 5 | 4 | 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 4 | 8 | 9 | 6 | 2 | 1 | 7 | 3 | 5 |
| 2 | 1 | 3 | 5 | 8 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 6 | 7 | 5 | 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 |
| 5 | 9 | 1 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 8 | 6 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 अगस्त रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 26 अगस्त 03.39 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष:** आज सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न हो सकते हैं। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं। नया कार्य शुरु करने में आपको सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद कम होंगे।

**वृष:** आज दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए। अनावश्यक खर्च बढ़ने से बजट प्रभावित हो सकता है। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है।

**मिथुन:** आज बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। जिस भी कार्य को हांथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिये। प्रेमी जन के साथ रोमांटिक डेट पर जा सकते हैं।

**कर्क:** आज परोपकार में धन खर्च कर सकते हैं। जीवनसाथी से आपको प्रेरणा मिलेगी। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे। व्यापार में नया निवेश कर सकते हैं। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होने वाले हैं।

**सिंह:** आज व्यापार में लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेंगे। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। नया वाहन खरीद सकते हैं। निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रियल एस्टेट में बड़ा निवेश करने से बचें।

**कन्या:** आज अपनी भावनाओं को सबके समक्ष व्यक्त न करें। घर में अप्रिय व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बदहजमी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। आपको उबाऊ यात्रा करनी पड़ सकती है। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें।

**तुला:** आज बड़े व्यवसायिक अनुबंध हो सकते हैं। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे। कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों से प्रशंसा प्राप्त होगी। आर्थिक स्थिति को लेकर संतुष्ट रहेंगे। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें।

**वृश्चिक:** आज साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी। परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए।


**धनु:** आज पढ़ाई में मेहनत को लेकर परेशानी होगी। बुद्धिमानी के कारण समाज में यश प्राप्त करेंगे। विवाहेतर संबंधों से आपको बचना चाहिए। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। प्रेम संबंधों में धन को लेकर विवाद हो सकता है।

**मकर:** आज स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए। घर में नकारात्मकता हावी रहेगी। हल्का और सुपाच्य भोजन ग्रहण करें। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। पति-पत्नी के बीच अहम को लेकर टकराव हो सकता है।

**कुंभ:** आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलेगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। सभी काम सुचारू रूप से पूर्ण होंगे। मेहनत का बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है। घर का वातावरण सुखद रहेगा।

**मीन:** आज धार्मिक स्थल में पर्यटन के लिए जा सकते हैं। कारोबार के लिए आपको समय निकालना पड़ेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा होगा। धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 16.45 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
हिन्दुस्तान की कसम — सुबह : 10.59
परिवार — रात : 07.00

&pictures
खूंखार — सुबह : 11.53
जुदाई — रात : 08.00

SONY PIX
ग्रेन टूरिज्म — सुबह : 10.51
नो हार्ड फीलिंग्स — रात : 08.59

ZEE CINEMA
किसी का भाई किसी की जान — सुबह : 11.09
लक्ष्य — रात : 08.00

colors CINEPLEX
कभी खुशी कभी गम — दोपहर :12.10
द फनी स्टार — रात : 07.59

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- पड़ोसन की डेथ कैसे हुई?
पत्नी- दाल के भाव बहुत बढ़ जाने से
पति- ओए पागल हो गई है क्या? दाल के दाम बढ़ने से कोई कैसे मर सकता है?
पत्नी- मैंने अपनी आंखों से उसका डेथ सर्टिफिकेट देखा है, उस पर लिखा था मौत का कारण- पल्स रेट हाई की वजह से...

पप्पू पैराशूट बेच रहा था...
हवाई जहाज से कूदो, बटन दबाओ और जमीन पर सुरक्षित पहुंच जाओ।
ग्राहक -अगर पैराशूट नहीं खुला तो?
पप्पू - तो पैसे वापिस कर दूंगा।

## एक नजर

### इस्पात कारखाने में बॉयलर विस्फोट में 22 घायल

**जालना।** महाराष्ट्र के जालना शहर के एमआईडीसी इलाके में शनिवार को एक इस्पात कारखाने में बॉयलर विस्फोट में 22 से अधिक श्रमिक घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार बंसल ने बताया कि तीन श्रमिकों की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि गज केसरी स्टील मिल में दोपहर के समय विस्फोट हुआ, जिसके परिणामस्वरूप पिघला हुआ लोहा श्रमिकों पर गिर गया। तीन श्रमिकों को छत्रपति संभाजीनगर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सेना प्रमुख ने की मणिपुर सीमा की समीक्षा

**इंफाल।** थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मणिपुर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सेना ने यह जानकारी दी। जनरल द्विवेदी मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर हैं। सेना प्रमुख ने पूर्वी सेना कमांडर के साथ सीमा पर सुरक्षा स्थिति और क्षेत्र में आंतरिक सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। इसमें कहा गया कि जनरल द्विवेदी ने क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने की दिशा में किए जा रहे भारतीय सेना और असम राइफल्स के प्रयासों की सराहना की।

### विधायक रेवन्ना, प्रज्वल के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**बेंगलुरु।** विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दुष्कर्म मामले और उनके पिता एवं विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है। प्रज्वल के खिलाफ चार मामलों की जांच कर रही एसआईटी ने कहा कि 2,000 से अधिक पृष्ठों के आरोपपत्र में करीब 150 गवाहों के बयान दर्ज हैं।

# विज्ञान धारा योजना, बायो ई 3 नीति को दी मंजूरी

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन योजनाओं का किया एक में विलय

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शनिवार को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की तीन व्यापक योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी दे दी जिनका 'विज्ञान धारा' नामक एकीकृत केंद्रीय क्षेत्र योजना में विलय कर दिया गया है।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 15वें वित्त आयोग की 2021-22 से 2025-26 की अवधि के दौरान विज्ञान धारा के लिए प्रस्तावित परिव्यय 10,579 करोड़ रुपये है। इस योजना के तीन व्यापक घटक हैं जिनमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थागत और मानव क्षमता निर्माण; अनुसंधान और विकास तथा नवाचार, प्रौद्योगिकी विकास एवं तैनाती शामिल हैं।

मंत्रिमंडल ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग के उच्च प्रदर्शन जैव विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए बायो ई 3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति को भी मंजूरी दे दी। वैष्णव के अनुसार, बायो ई 3 नीति विषयगत क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास और उद्यमिता के लिए नवाचार-संचालित समर्थन की बात करती है। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह नीति सरकार की शुद्ध शून्य कार्बन अर्थव्यवस्था तथा 'पर्यावरण के लिए जीवन शैली' जैसी पहलों को और मजबूत करेगी एवं चक्रीय जैव-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देकर भारत को त्वरित हरित विकास के पथ पर आगे बढ़ाएगी।



संयुक्त सलाहकार मशीनरी के प्रतिनिधिमंडल से बात करते प्रधानमंत्री।

### मोदी ने कर्मचारी संगठनों से बात की, एकीकृत पेंशन योजना का दिया तोहफा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को केन्द्रीय कर्मचारियों के संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की, जिसमें कर्मचारियों के लिए नयी पेंशन योजना के विकल्प के तौर पर एकीकृत पेंशन योजना यूपीएस पर सहमति बनी। बैठक के बाद शिव गोपाल मिश्रा सचिव (स्टाफ साइड) नेशनल कौंसिल ने एकीकृत पेंशन योजना के लिए प्रधानमंत्री मोदी और सरकार के प्रति धन्यवाद प्रकट किया। मोदी ने एक्स पर कहा कि देश की प्रगति के लिए कठिन परिश्रम करने वाले सभी सरकारी कर्मचारियों पर हमें गर्व है।

### बायोमैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने को बायोई थ्री नीति

जैव प्रौद्योगिकी विभाग के उच्च प्रदर्शन वाले बायोमैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने के लिए बायोई थ्री (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति' के प्रस्ताव को मंजूरी दी। बायोई थ्री नीति की मुख्य विशेषताओं में विषयगत क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास और उद्यमिता को नवाचार–संचालित समर्थन शामिल है। यह बायोमैन्युफैक्चरिंग और बायो–एआई हब और बायोफाउंड्री की स्थापना करके प्रौद्योगिकी विकास और व्यावसायीकरण में तेजी लाएगा। हरित विकास के पुनर्योजी जैव अर्थव्यवस्था मॉडल को प्राथमिकता देने के साथ–साथ, यह नीति भारत के कुशल कार्यबल के विस्तार की सुविधा प्रदान करेगी और रोजगार सृजन में वृद्धि प्रदान करेगी।

# आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाना न्याय नहीं बर्बरता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- उन्होंने मांग की- यह अमानवीयता और इसे बंद किया जाना चाहिए
- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे तथा प्रियंका गांधी ने की कार्रवाई की निंदा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपराध के बदले घर पर बुलडोजर चलाकर परिवार को छत विहीन करने को अन्याय और बर्बरता करार दिया। उन्होंने कहा है कि यह अमानवीयता और इसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए।

प्रियंका गांधी ने कहा कि किसी अपराधी को सजा देने के लिए उसके घर पर बुलडोजर चलाने को न्याय नहीं कहा जा सकता है। किसी भी सभ्य समाज में अपराध के बदले आरोपी के परिवार को बुलडोजर से उनकी छत तोड़कर सजा नहीं दी जा सकती। यह न्याय नहीं अन्याय है और कानून की अवधारणा है इसलिए इसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि किसी का घर तोड़ना और उसके परिवार को बेघर करना अमानवीय भी है और अन्यायपूर्ण भी। भाजपा शासित राज्यों में अल्पसंख्यकों को बार-बार निशाना बनाना परेशान करने वाला है। कानून के समाज में ऐसे कार्य स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने इसे अमानवीय कार्रवाई करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि कांग्रेस इसे संविधान की घोर अवहेलना तथा नागरिकों में भय पैदा करने की रणनीति मानती है और आरोपी के घर को तोड़ने के लिए बुलडोज़र के इस्तेमाल के लिए भाजपा सरकारों की कड़ी निंदा करती है।

### आरोपी को सजा देना अदालत का कार्य



प्रियंका गांधी ने कहा अगर कोई किसी अपराध का आरोपी है तो उसका अपराध और उसकी सजा सिर्फ अदालत तय कर सकती है, लेकिन आरोप लगते ही आरोपी के परिवार को सजा देना, उनके सिर से छत छीन लेना, कानून का पालन न करना, अदालत की अवहेलना करना, आरोप लगते ही आरोपी का घर ढहा देना– यह न्याय नहीं है। यह बर्बरता और अन्याय की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि कानून बनाने वाले, कानून के रखवाले और कानून तोड़ने वाले में फर्क होना चाहिए। सरकारें अपराधी की तरह व्यवहार नहीं कर सकतीं।

## हैदराबाद जा रहा निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर पुणे में दुर्घटनाग्रस्त

**पुणे।** मुंबई से हैदराबाद जा रहा एक हेलीकॉप्टर शनिवार दोपहर पुणे की मुलशी तहसील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हेलीकॉप्टर में कुल चार यात्री सवार थे। निजी हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में पुणे के एसपी पंकज देशमुख ने बताया कि हादसा पुणे जिले के पौड गांव में हुआ। हेलीकॉप्टर का स्वामित्व निजी विमानन कंपनी के पास है। हादसा पुणे के ऐसे इलाके में हुआ है, जहां अत्यधिक बारिश होती है। फिलहाल हादसे के कारणों का पता नहीं सका है। पुणे ग्रामीण पुलिस ने बताया कि हेलीकॉप्टर में सवार चार लोगों में पायलट को ज्यादा चोटें आई हैं। हादसे में घायल पायलट को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मुख्य आरोपी, छह अन्य का पॉलीग्राफ टेस्ट

- मुख्य आरोपी का जेल में तो पूर्व प्राचार्य समेत छह अन्य का सीबीआई कार्यालय में हुआ टेस्ट

**नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी**

कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले के मुख्य आरोपी और छह अन्य का पॉलीग्राफ टेस्ट शनिवार को हुआ। पॉलीग्राफ में मशीन की मदद से व्यक्ति की शारीरिक क्रियाओं से पता लगाया जाता है कि वह सच बोल रहा है या झूठ।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्य आरोपी संजय रॉय का पॉलीग्राफ उस जेल में ही हुआ जहां वह बंद है, जबकि पूर्व प्राचार्य संदीप घोष, घटना की रात ड्यूटी पर मौजूद चार चिकित्सकों और एक स्वयंसेवक समेत छह अन्य का पॉलीग्राफ टेस्ट सीबीआई के कोलकाता स्थित कार्यालय में हुआ। घोष नौवें दिन शनिवार सुबह सीबीआई कार्यालय जांच के लिए पहुंचे। जिनका पॉलीग्राफ हुआ, उनमें प्रथम वर्ष के दो स्नातकोत्तर प्रशिक्षु भी हैं, क्योंकि जांचकर्ताओं को अस्पताल के उस कक्ष में कथित तौर पर उनकी उंगलियों के निशान मिले हैं, जहां पीड़िता का शव था। दिल्ली के केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) से पहुंचे पॉलीग्राफ विशेषज्ञों ने सभी की जांच की। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि पुलिस ने दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले को दबाने का प्रयास किया था और जब तक संघीय एजेंसी को जांच दिया गया तब तक अपराध स्थल से छेड़छाड़ की जा चुकी थी।

**कोलकाता बलात्कार-हत्या मामला**

### रैली में छात्रों की भागीदारी पर स्कूलों से मांगा स्पष्टीकरण

**कोलकाता।** कोलकाता दुष्कर्म हत्या मामले के विरोध में आयोजित रैली में स्कूली घंटों के दौरान विद्यार्थियों की भागीदारी पर बंगाल के तीन शैक्षिक संस्थानों को कारण बताओ नोटिस जारी करके स्कूली शिक्षा विभाग ने स्पष्टीकरण मांगा है। हावड़ा के राज्य से सहायता प्राप्त तीन स्कूलों – बलुहाटी हाई स्कूल, बलुहाटी बालिका हाई स्कूल और बंट्रा राजलक्ष्मी बालिका स्कूल को कारण बताओ नोटिस दिया गया और 24 घंटे में स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया। अधिकारी ने कहा कि छात्रों के साथ कई शिक्षकों और गैर–शिक्षण कर्मचारियों ने नियमों का उल्लंघन कर स्कूलों द्वारा निकाली संयुक्त रैली में भाग लिया था।

# 2026 तक नक्सल समस्या करेंगे खत्म

**रायपुर, एजेंसी**



- बोले- वे अपना रास्ता नहीं बदलते है तो होगा अंतिम प्रहार

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को नक्सलियों को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि वे अपना रास्ता नहीं बदलते हैं तो अंतिम प्रहार होगा और हम देश को मार्च 2026 तक नक्सल समस्या से मुक्त कर लेंगे। शाह ने नक्सल प्रभावित राज्यों की अंतर राज्यीय समन्वय समिति की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में यह चुनौती दी।

शाह ने कहा कि यदि वे रास्ता नहीं बदलते हैं तो अंतिम प्रहार होगा। छत्तीसगढ़ समेत देश को मार्च 2026 तक नक्सल समस्या से मुक्त कर लेंगे। वामपंथी उग्रवाद से लोग निरक्षर रह गए हैं उन्हें साक्षर बनाने के लिए राज्य और केंद्र सरकार पहल करेगी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की तर्ज पर एसआईए बनाएंगे। राज्य सरकार जल्द नई सरेंडर पॉलिसी की घोषणा करेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, पड़ोसी राज्यों का समन्वय जरूरी है।

**अनुच्छेद 370 कभी बहाल नहीं होगा :** शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को कभी बहाल नहीं किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर के दो क्षेत्रीय दलों ने घोषणापत्र में वादा किया है कि वे अनुच्छेद 370 को बहाल करने के लिए काम करेंगे, जिसके बाद शाह ने यह टिप्पणी रायपुर दौरे के दौरान की है।

### शाह की बैठक से पूर्व जमींदार की हत्या

**बीजापुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नक्सल प्रभावित राज्यों की अंतर्राज्यीय समन्वय समिति की रायपुर में शनिवार को हुई बैठक की पूर्व संध्या पर नक्सलियों ने बीजापुर जिले में पुलिस मुखबीर होने के आरोप में जन अदालत लगा कर जमींदार की हत्या कर दी। नक्सलियों ने हत्या के बाद शव को गांव के पास फेंक दिया। गंगालूर एरिया कमेटी ने हत्या की जिम्मेदारी ली है।

**औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड और विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद की गई कार्रवाई**

# 156 दवाइयों पर केंद्र सरकार ने लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कई दवाएं एंटी बैक्टीरियल, एफडीसी के रूप में प्रचलित
- बुखार, जुकाम, एलर्जी और छोटे-मोटे दर्द में किए जाते हैं उपयोग

सरकार ने बुखार, जुकाम, एलर्जी और दर्द की 156 आम दवाओं को प्रतिबंधित कर दिया है। इनमें से कई दवाएं जीवाणुरोधी (एंटी बैक्टीरियल) हैं और इन्हें फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) दवाओं के रूप में भी जाना जाता है। सरकार के अनुसार ये दवाएं मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक हैं। सरकार ने यह कार्रवाई औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड और विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद की है।केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इन दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है।

एफडीसी दवाओं में दो या दो से अधिक तत्वों का निश्चित अनुपात में मिश्रण होता हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से 12 अगस्त को जारी अधिसूचना के अनुसार एसेक्लोफेनाक 50 मिलीग्राम+पैरासिटामोल 125 मिलीग्राम टैबलेट पर प्रतिबंध लगाया गया है। ये सरदर्द या छोटे-मोटे दर्द में ली जाती है। दवाओं की सूची में मिफेनामिक एसिड+ पेरासिटामोल इंजेक्शन, सेटिरिजिन एचसीएल+ पेरासिटामोल+ फेनाइलफ्रिन एचसीएल, लेवोसिटिरिजिन+ फेनाइलफ्रिन एचसीएल+ पेरासिटामोल, पेरासिटामोल+ क्लोरफेनिरामाइन मेलेट+ फेनिल प्रोपैनोलामाइन और कैमिलोफिन डीहाइड्रोक्लोराइड 25 मिलीग्राम+ पेरासिटामोल 300 मिलीग्राम भी शामिल हैं। केंद्र सरकार ने कार्रवाई करते हुए पेरासिटामोल, ट्रामाडोल, टॉरिन और कैफीन के मिश्रण पर भी रोक लगा दी है। ट्रामाडोल एक दर्द निवारक दवा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने पाया कि एफडीसी दवाओं का इस्तेमाल इंसानों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। जबकि सुरक्षित विकल्प उपलब्ध हैं। विशेषज्ञ समिति और दवा तकनीकी सलाहकार बोर्ड ने इन दवाओं को असुरक्षित और अव्यावहारिक मानते हुए प्रतिबंध की सिफारिश की। पिछले साल जून में भी 14 एफडीसी पर प्रतिबंध लगाया गया था। सरकार ने 2016 में इन दवाओं पर प्रतिबंध लगाने का एलान किया था, जिसे कुछ दवा कंपियों ने अदालत में चुनौती दी थी। जून 2023 में भी 14 एफडीसी पर प्रतिबंध लगाया गया था। हाल ही में जो एफडीसी प्रतिबंधित किए गए हैं, उनमें से कई उन एफडीसी में शामिल हैं, जिन पर पहले भी प्रतिबंध लगाया गया था।

## कारोबार/कृषि

### बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2105, राज श्री 1430, फ़ॉर्चून कि. 1725, रविन्द्रा 1970, फॉर्चुन ली. 1575, जय जवान 1510, सचिन 1570, सूरज 1550, अवसर 1660, राग गोल्ड 1665, गृहणी ली 1580, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1670, चक्र टिन 1920, ब्लू 1700, आशीर्वाद मस्टर्ड 1930, स्वास्तिक 2075 । किराना–(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31000, लाल मिर्च 17000–20000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–900 । चावल–(प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 10000–10700, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8350, दाल चना 9300, लाल हिंदुस्तान 9400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8400, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 13400, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15300, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी – डालमियां 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100

### सर्राफा

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72800 |
| सिल्वर (पक्की) | 864 (अनुमानित) |

# लघु और मझोले उद्योगों की मदद के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश : उद्योग मंत्री

## घटिया आयातित माल के साथ प्रतिस्पर्धा से बचाकर क्षमता बढ़ाने में करेगा सहयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- बड़े उद्योगों की सफलता के पीछे हजारों छोटी इकाइयां

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) सही अर्थ में घरेलू सूक्ष्म, लघु और मझोले क्षेत्र (एमएसएमई) को घटिया आयातित माल के साथ प्रतिस्पर्धा से बचा कर तथा उनकी प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ा कर उनकी मदद के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि बड़े उद्योगों की सफलता के पीछे हजारों छोटी इकाइयों का योगदान महत्वपूर्ण है और उनके बिना उद्योग चल नहीं सकते।

गोयल राजधानी में 10वें भारत अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई स्टार्टअप एक्सपो और शिखर सम्मेलन-2024 को संबोधित कर रहे थे। क्यूसीओ के बारे में गोयल ने कहा कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के माध्यम से सरकार एमएसएमई क्षेत्र की मदद कर रही है और उन्हें गुणवत्ता मानकों को पूरा करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हम एमएसएमई को जरूरतों को पूरा करने के लिए समय दे रहे हैं। उद्योग मंत्री ने कहा कि गुणवत्ता आदेश से एमएसएमई को दो तरह से लाभ होगा, एक तो क्यूसीओ से लागत से कम मूल्य पर घटिया वस्तुओं के आयात पर अंकुश लगेगा और देश की छोटी इकाइयां अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचेंगी। दूसरे जब एमएसएमई मानकों को पूरा करते हैं, तो वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं और लाभदायक बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं कि क्यूसी ने कई क्षेत्रों को कैसे लाभ पहुंचाया है। एमएसएमई को केवल एक छोटे उद्यम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, इसकी सोच छोटी या नकारात्मक नहीं होनी चाहिए क्योंकि एमएसएमई एक बड़ी ताकत हैं।

### एमएसएमई बुनियादी ढांचे के विकास को महत्वपूर्ण

गोयल ने कहा कि नवीन विचार और काम करने के नए तरीके एमएसएमई के उद्यमियों की पहचान हैं। बड़े उद्योगों के आसपास के पूरे परितंत्र में हजारों एमएसएमई शामिल हैं, जिनके बिना वे सफल नहीं हो सकते। एमएसएमई बड़े उद्योगों के आपूर्तिकर्ता और ग्राहक दोनों के रूप में कार्य करते हैं। वाणिज्य मंत्री ने बताया कि एमएसएमई देश के पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत के निर्यात में उनकी बड़ी हिस्सेदारी है। इस क्षेत्र का विकास देश के लिए महत्वपूर्ण है और सरकार के लिए फोकस क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि देश को भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने में सभी क्षेत्रों और सभी लोगों के योगदान की जरूरत है।

## अमेजन इंडिया ने त्योहारों से पहले बिक्री शुल्क 12% घटाया

**मुंबई।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने शनिवार को त्योहारी सत्र से पहले विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में बिक्री शुल्क में 12% तक की कटौती की घोषणा की। अमेजन इंडिया ने कहा कि नौ सितंबर से लागू होने वाली शुल्क कटौती से विक्रेताओं को मंच पर अपने उत्पाद खंड का विस्तार करने में मदद मिलेगी और वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

अमेजन इंडिया के सेलिंग पार्टनर सर्विसेज के निदेशक अमित नंदा ने कहा कि इन बदलावों के साथ अमेजन पर विक्रेताओं को विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में बिक्री शुल्क में तीन से 12% तक की कमी का लाभ मिलेगा। नए दर कार्ड से विशेष रूप से 500 रुपये से कम कीमत वाले उत्पाद बेचने वाले विक्रेताओं को लाभ होगा।

# 6जी पेटेंट में 10% हिस्सेदारी पाना दूरसंचार कंपनियों का लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कंपनियों ने अनुसंधान को जरूरतों के अनुरूप बनाने का दिया प्रस्ताव
- दूरसंचार मंत्री सिंधिया की अध्यक्षता में एसएसी की हुई बैठक

भारतीय दूरसंचार कंपनियां अगले तीन वर्षों में सभी 6जी पेटेंट में 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी हासिल करने और वैश्विक मानकों में छठे हिस्से का योगदान करने का लक्ष्य बना रही है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

दूरसंचार कंपनियों ने अनुसंधान को भारत की जरूरतों के अनुरूप बनाने और जीवंत मानक समुदाय स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। यह प्रस्ताव शुक्रवार को केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) पर हितधारक सलाहकार समिति (एसएसी) की दूसरी बैठक के दौरान सामने आया। बयान में कहा गया कि उद्योग के प्रमुख लोगों ने अनुसंधान को व्यवस्थित रूप से भारत की जरूरतों के अनुरूप बनाने और एक जीवंत मानक समुदाय स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मानकों और बौद्धिक संपदा तथा मानक आवश्यक पेटेंट (एसईपी) में भारत की हिस्सेदारी, दूरसंचार में संपर्क अंतराल और दूरसंचार सेवाओं की गुणवत्ता पर विचार-विमर्श किया गया। बभारत ने पहले ही भारत 6जी विजन और भारत 6जी अलायंस, पेटेंट और आईपीआर समर्थन ढांचे, टेस्टबेड की कमीशनिंग जैसी कई पहल की हैं और देश सभी 6जी पेटेंट का 10% और वैश्विक मानकों में छठा योगदान करने की आकांक्षा रख सकता है।

# कोयला खान सुरक्षा रिपोर्ट पोर्टल के विकास में प्रगति की समीक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- पोर्टल में दो प्रमुख मॉड्यूल- दुर्घटना और सुरक्षा ऑडिट

कोयला मंत्रालय ने खानों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए विकसित किए जा रहे कोयला खान सुरक्षा रिपोर्ट पोर्टल के विकास कार्य में प्रगति की समीक्षा की है। इस पोर्टल में दो प्रमुख मॉड्यूल- दुर्घटना मॉड्यूल और सुरक्षा ऑडिट मॉड्यूल दिखाए गए हैं।

दुर्घटना मॉड्यूल 24 घंटे में रिपोर्टिंग और दुर्घटनाओं के कुशल प्रबंधन को सक्षम करेगा, जिससे त्वरित प्रतिक्रिया और गहन विश्लेषण होगा। दूसरा मॉड्यूल ऑडिटिंग प्रक्रिया का विस्तार करेगा ताकि कोयला खनन क्षेत्र में सुरक्षा प्रणालियों को मजबूत किया जा सके। मंत्रालय की शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि इन उन्नत मॉड्यूल को एकीकृत करके, महत्वपूर्ण सुरक्षा चुनौतियों का समाधान किया जा रहा है, जिससे सुरक्षा प्रबंधन के लिए नए मानकों का निर्माण हो रहा है। कोयला कंपनियों की सुरक्षा स्थिति का आकलन करने को मंत्रालय के सचिव अमृत लाल मीणा ने पोर्टल के विकास की समीक्षा की। बैठक में कोल इंडिया के अध्यक्ष और सहायक कंपनियों के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आदि शामिल हुए।

## वाणिज्य मंच की तेज वृद्धि से एफएमसीजी वितरक चिंतित

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद (एफएमसीजी) के वितरकों ने त्वरित वाणिज्य मंच की तेज और अनियमित वृद्धि पर चिंता जताई है और कहा है कि इसकी तत्काल जांच की आवश्यकता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को लिखे पत्र में एफएमसीजी वितरकों के संगठन एआईसीपीडीएफ ने कहा कि वाणिज्य मंचों का अनियंत्रित विस्तार एक असमान खेल का मैदान बना रहा है, जिससे लाखों छोटे खुदरा विक्रेताओं और वितरकों की आजीविका को खतरा है, जो दशकों से भारत के खुदरा क्षेत्र की रीढ़ रहे हैं।

# मर्सिडीज-बेंज इंडिया पर पर्यावरण मानकों की अनदेखी का आरोप

**मुंबई, एजेंसी**



- महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने की पुणे विनिर्माण संयंत्र की समीक्षा की मांग

महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) ने शनिवार को लक्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज-बेंज इंडिया पर पुणे विनिर्माण संयंत्र में पर्यावरण मानकों का पालन न करने का आरोप लगाया है। एमपीसीबी ने साथ ही संयंत्र के संचालन की व्यापक समीक्षा की मांग की है।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने कहा कि उसे एमपीसीबी से उल्लंघनों के बारे में कोई लिखित नोटिस या अनुरोध नहीं मिला है और यदि जरूरी हुआ तो वह कोई भी सुधारात्मक कार्रवाई करने को तैयार है। एमपीसीबी ने कहा था कि संयंत्र के निरीक्षण के दौरान उसे दिशानिर्देशों के कथित उल्लंघन का पता चला। बोर्ड ने कहा, 23 अगस्त को किए नियमित निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पुणे के चाकन में मर्सिडीज बेंज विनिर्माण संयंत्र में बोर्ड के प्रदूषण नियंत्रण दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। बोर्ड ने क्षेत्रीय अधिकारी को यह सुनिश्चित कर कार्रवाई को कहा कि मर्सिडीज बेंज विनिर्माण संयंत्र एमपीसीबी के सभी निर्देशों का पालन करे। एमपीसीबी ने कहा, इसमें संयंत्र के संचालन की समीक्षा और सुधारात्मक उपायों को लागू करना शामिल होगा।

## कारोबारी रहस्यों को लेकर इन्फोसिस के खिलाफ मुकदमा

**नई दिल्ली।** प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी कॉग्निजेंट की अनुषंगी कंपनी ट्राइजेटो ने अमेरिकी संघीय अदालत में इन्फोसिस के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

ट्राइजेटो ने बेंगलुरू स्थित कंपनी पर कारोबारी रहस्य और स्वास्थ्य बीमा सॉफ्टवेयर से संबंधित जानकारी चुराने का आरोप लगाया है। हालांकि, इन्फोसिस ने बयान जारी कर सभी आरोपों को खारिज किया है। कंपनी ने कहा कि उसे मुकदमे की जानकारी है और वह अदालत में पक्ष रखेगी।

## खेल डायरी



स्टोक मैंडेविल में ब्रिटिश पैरालिंपियन हेलेन रेन्सफोर्ड ने लौ प्रज्ज्वलन समारोह के दौरान पैरालंपिक मशाल पकड़ी, जिसे व्यापक रूप से इंग्लैंड के पैरालंपिक खेलों का जन्मस्थान माना जाता है। पैरालंपिक का आयोजन 28 अगस्त से 8 सितंबर तक पेरिस में होगा।

### यूपीसीए के निदेशक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के निदेशक और गर्वनिंग काउंसिल के चेयरमैन डीएस चौहान ने शनिवार को यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि रविवार को इकाना स्टेडियम पर शुरु होने वाली यूपी टी-20 लीग से पहले चौहान ने मुख्यमंत्री के साथ शिष्टाचार भेंट की और उन्हें टी-20 लीग के आयोजन के सिलसिले में विस्तृत जानकारी दी। योगी ने चौहान को यूपी टी-20 लीग के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी और सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि चौहान उत्तर प्रदेश के पुलिस मुखिया का पदभार संभाल चुके हैं और यूपी टी-20 लीग के पहले संस्करण से ही यूपीसीए से जुड़े हुए हैं। यूपी टी-20 लीग का औपचारिक उदघाटन रविवार दोपहर अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर होगा।

### सारा-विशाल ने जीता मिश्रित युगल ओपन

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष रैंकिंग की महिला खिलाड़ी सारा बर ने विशाल मसंद के साथ मिलकर यहां मॉनसून पिकलबॉल चैंपियनशिप 2.0 का मिश्रित युगल ओपन खिताब जीता। फाइनल कड़ी टक्कर वाला मुकाबला रहा जिसमें ईशा लखानी और जेसन टेलर ने दबदबा बनाया लेकिन सारा शुक्रवार रात को नतीजे में निर्णायक रहीं जिन्होंने 2-0 से जीत दर्ज की।

### संधू संयुक्त छठे और जोशी संयुक्त 14वें स्थान पर

**जकार्ता।** भारतीय गोल्फर युवराज संधू और खालिन जोशी यहां बीएनआइ सिपुत्रा गोल्फप्रेन्यूर टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन से शीर्ष 15 में शामिल रहे। वहीं जोशी दूसरे से पांचवें होल में पांच शॉट ड्राप कर बैठे, उन्होंने 12वें से 18वें होल के बीच पांच बर्डी लगाकर 72 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 14वें स्थान पर रहे। राहिल गगंजी और सुनहित बिश्नोई संयुक्त 28वें जबकि अमन राज संयुक्त 50वें स्थान पर रहे।

### कराटे चैंपियनशिप : पहले दिन यूपी के खाते में दस स्वर्ण

**लखनऊ।** मेजबान उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने डब्लूएमएसकेएफ ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप-2024 के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण पदक जीते। वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान कराटे फेडरेशन, इंडिया के तत्वावधान में वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान कराटे फेडरेशन, उत्तर प्रदेश के द्वारा चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित इस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश पुलिस की रिया तोमर व प्रियंका ने भी स्वर्णिम सफलता हासिल की। चैंपियनशिप में जोशिका पाण्डेय, सौम्या कुशवाहा, अभिषेक सिंह, अजय पटेल, सनी गौतम, आयुषी, इशिका गुप्ता, वैदिक सिंह, सत्यम यादव, तूलिका शर्मा ने स्वर्ण पदक जीते।

### एशियाड के लिए भारत को मिला पहला कोटा

**माले (मालदीव)।** भारतीय सर्फिंग टीम ने यहां चल रही एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के जरिये जापान के एची नागोया में होने वाले 2026 एशियाई खेलों के लिए पहली बार कोटा हासिल किया जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमों ने क्वालीफाई कर लिया। एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में भारत के सर्फरों द्वारा हासिल किए गए कुल रैंकिंग अंक के आधार पर देश को कोटा प्रदान किया गया। एशियाई खेलों में दोनों वर्गों में कौन खिलाड़ी हिस्सा लेगा इसका फैसला भारतीय सर्फिंग महासंघ द्वारा बाद में लिया जाएगा। किशोर सेमीफाइनल में तीसरे स्थान पर रहे।

## शिखर धवन ने सभी प्रारूपों से लिया संन्यास, 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था पहला वनडे

# क्रिकेट मैदान पर अब नहीं दिखेंगे गब्बर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है। दो साल पहले देश के लिए अपना अंतिम मैच खेलने वाले इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा कि वह तीनों प्रारूपों में देश का प्रतिनिधित्व करने के बाद एक संतुष्ट इंसान के तौर पर इस खेल को अलविदा कह रहे हैं।

इस 38 साल के खिलाड़ी ने 2010 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम में एकदिवसीय मैच के साथ अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को शुरू किया था। उन्होंने देश के लिए अपना आखिरी मैच 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला। धवन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा मैं अपनी क्रिकेट यात्रा का यह अध्याय समाप्त कर रहा हूं लेकिन मेरे साथ अनगिनत यादें हैं और मैं बहुत आभारी हूं। प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। जय हिंद। उन्होंने इस पोस्ट के जारी वीडियो में कहा नमस्कार सभी को, आज मैं एक ऐसे मोड़ पर खड़ा हूं जहां से पीछे देखने पर सिर्फ यादें ही नजर आती हैं और आगे देखने पर पूरी दुनिया। मेरी हमेशा से सिर्फ एक ही मंजिल थी भारत के लिए खेलना और वो हुआ भी जिसके लिए मैं कई लोगों का शुक्रगुजार हूं।

उन्होंने कहा वो कहते हैं ना कहानी में आगे बढ़ने के लिए पन्ने पलटना जरूरी है, बस मैं भी ऐसा ही करने जा रहा हूं। मैं अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं और अब जब मैं अपनी क्रिकेट यात्रा को अलविदा कर रहा हूं तो मेरे दिल में सुकून है कि मैं अपने देश के लिए बहुत खेला। मैं बहुत शुक्रगुजार हूं, बीसीसीआई और डीडीसीए का, जिन्होंने मुझे मौका दिया और सारे प्रशंसकों का जिन्होंने मुझे इतना प्यार दिया। धवन ने अंतर्राष्ट्रीय करियर की यादगार शुरुआत नहीं की और दो गेंदों पर शून्य पर आउट हो गए थे। धवन ने शुरुआती संघर्षों के बाद, 2013 में भारतीय टीम में वापसी की और इंग्लैंड में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के विजयी अभियान में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने सहित कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के साथ तीनों प्रारूपों की टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। उनके शानदार करियर का एक मुख्य आकर्षण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट पदार्पण पर मोहाली में खेली गयी 185 रन की शानदार पारी थी, जिसमें उन्होंने केवल 85 गेंदों में अपना शतक पूरा किया था। धवन उन लोगों को धन्यवाद देना नहीं भूले जिन्होंने भारतीय बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर रोहित के साथ साझेदारी करके उन्हें महान खिलाड़ी बनने में मदद की। उन्होंने कहा मेरे मन में हमेशा एक लक्ष्य था कि भारत के लिए खेलना और मैंने इसे कई लोगों की बदौलत हासिल किया।

### धवन के नाम हैं क्रिकेट इतिहास के कई कारनामे

| | | |
|---|---|---|
| **2013** चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन | **2013** चैंपियंस ट्रॉफी में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट | **2014** एशिया कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन |
| **2015** विश्व कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए | **2017** चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन | **2018** निदहा ट्रॉफी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन |

- सभी एसईएनए देशों में वनडे शतक बनाने वाले एकमात्र भारतीय ओपनर रहे हैं शिखर धवन, आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा एवरेज



**2004** अंडर-19 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

**2013** चैंपियंस ट्रॉफी विजेता

**2018** एशिया कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन

**2018** एशिया कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने

### क्रिकेट जगत के दिग्गजों ने कहा- शुक्रिया शिखर ...

**नई दिल्ली।** भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की जिसके बाद क्रिकेट जगत ने उनके सकारात्मक रवैये और टीम भावना की सराहना की जबकि भावुक प्रशंसकों को उनके मैदान पर जश्न मनाने के अनोखे तरीके की कमी खलेगी। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और सौरव गांगुली के युग के बाद शीर्ष क्रम टीम को शानदार योगदान देने वाले धवन ने देश के लिए अपना आखिरी एकदिवसीय मैच दो साल पहले खेला था।

बधाई हो शिखर। जब से आपने मोहाली में मेरी जगह ली, आपने पीछे मुड़कर नहीं देखा और पिछले कुछ वर्षों में कुछ शानदार प्रदर्शन किए। आप मौज-मस्ती करते रहें और जिंदगी को पूरी तरह से जिएं। आपको हमेशा के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।
**वीरेंद्र सहवाग,** पूर्व भारतीय क्रिकेटर

शानदार करियर के लिए बधाई शिखर। मुझे पता है कि आप भविष्य में जो कुछ भी करेंगे उसके जरिए वही खुशी फैलाएंगे।
**गौतम गंभीर,** मुख्य कोच, भारतीय टीम

आपके लिए सिर्फ शुभकामनाएं शिखर पा। शानदार करियर के लिए बधाई।
**हार्दिक पंड्या,** ऑलरांडर

बधाई हो शिखर पा। भविष्य में आपके साथ जो भी हो उसके लिए शुभकामनाएं।
**श्रेयस अय्यर,** बल्लेबाज

शानदार करियर के लिए बधाई, शिखर, आपको अगले अध्याय के लिए शुभकामनाएं।
**अनिल कुंबले,** पूर्व महान स्पिनर

क्रिकेट के मैदान को निश्चित रूप से आपकी शानदार प्रतिभा की कमी खलेगी। आपकी मुस्कान, आपका अंदाज और खेल के प्रति आपका प्यार हमेशा से ही लोगों को प्रभावित करता रहा है। जब आप करियर का पन्ना पलटोगे तो जान लें कि आपकी विरासत हमेशा लोगों के दिलों में अंकित रहेगी। मुस्कुराते रहो, शिखर।
**सचिन तेंदुलकर,** महान बल्लेबाज

शिखर धवन अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले रहे हैं, हम उन्हें आगे के लिए शुभकामनाएं देते हैं।
**भारतीय क्रिकेट बोर्ड**

कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प, बेहतरीन क्रिकेट कौशल और महान इंसान के तौर पर हमेशा याद करेंगे। आप भविष्य में जो भी करेंगे, उसके लिए शुभकामनाएं।
**सईद अनवर,** पूर्व बल्लेबाज, पाकिस्तान

### शिखर धवन का अंतर्राष्ट्रीय रिकॉर्ड

| प्रारूप | मैच | रन | औसत | शतक | अर्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|
| टी-20 | 68 | 1,759 | 27.92 | 00 | 11 |
| वनडे | 167 | 6,793 | 44.11 | 17 | 39 |
| टेस्ट | 34 | 2,315 | 40.61 | 07 | 05 |
| आईपीएल | 222 | 6,769 | 35.26 | 02 | 51 |

### धवन ने करियर में हासिल किए कई मुकाम

धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी-20 मैच खेले हैं। धवन का क्रिकेट सोनेट क्लब में परवान चढ़ा और पश्चिम दिल्ली के इस खिलाड़ी को मैदान पर हर परिस्थिति में संघर्ष करने वाले क्रिकेट के तौर पर जाना जाता है। धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में भाग लिया, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में खराब फॉर्म और यशस्वी जयसवाल और शुभमन गिल जैसी युवा सलामी बल्लेबाजों के उभरने के कारण उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा। उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने 44.11 की औसत से 6,793 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 40.61 की औसत और सात शतक की मदद से 2,315 रन बनाए। धवन आईपीएल के महान खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने इस लीग में 222 मैचों में 6769 रन बनाए। इसमें दो शतक और 51 अर्धशतक शामिल हैं। टूर्नामेंट में उनके 768 चौके किसी भी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक हैं। वह इसमें लगातार दो मैचों में शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। वह 2016 सत्र में खिताब जीतने वाली सनराइजर्स हैदराबाद टीम का हिस्सा थे। वह दिल्ली, मुंबई और पंजाब की फ्रेंचाइजी टीमें लिए भी खेल चुके हैं। इनमें से उन्होंने अपने करियर के विभिन्न चरणों में दिल्ली और पंजाब की फ्रेंचाइजी कप्तानी भी की है। वह पिछले सत्र में पंजाब किंग्स टीम का हिस्सा थे लेकिन फिटनेस समस्याओं के कारण केवल पांच मैच ही खेल पाए।

# निशानेबाजी दल पेरिस रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी

**पैरालंपिक**



- 10 सदस्यीय निशानेबाजी दल 30 अगस्त को पेरिस में पेश करेगें चुनौती

पिस्टल निशानेबाज मनीष नरवाल ने आगामी पेरिस खेलों में भारतीय निशानेबाजी दल के तोक्यो पैरालंपिक में पदक तालिका को पार करने पर भरोसा जताते हुए शनिवार को कहा कि कड़े अभ्यास के बाद टीम अच्छी स्थिति में है राइफल निशानेबाज अवनी लेखरा, मोना अग्रवाल और नरवाल सहित 10 सदस्यीय निशानेबाजी दल 30 अगस्त से पेरिस के पास शेटराउ में आयोजित होने वाले निशानेबाजी स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेगी।

भारत ने तोक्यो पैरालंपिक में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते थे। तोक्यो में 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) में स्वर्ण पदक जीतने वाले नरवाल ने शनिवार को टीम के रवाना होने से पहले कहा हमारी तैयारियां अच्छी हैं और हम पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। हमारा लक्ष्य अपने पिछले प्रदर्शन को पार करना और अधिक पदक घर लाना है। नरवाल पेरिस खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नरवाल, अवनी और मोना के अलावा टीम के अन्य सदस्य अमीर अहमद भट, रुद्रांश खंडेलवाल, रुबीना फ्रांसिस, स्वरुप उनहालकर, सिद्धार्थ बाबू, श्रीहर्ष देवराड़ी और निहाल सिंह है।

इन खेलों में भारत को पदक की सबसे ज्यादा उम्मीद अवनी से होगी। जो पिछले खेलों में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज बनी थी। जयपुर की इस निशानेबाज ने तोक्यो पैरालंपिक में 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (एसएच1) में स्वर्ण पदक अपने नाम किये थे। भारतीय पैरालंपिक समिति को इन खेलों से 25 से अधिक पदक की उम्मीद है। भारत के समग्र प्रदर्शन में निशानेबाजी का बड़ा योगदान होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत महिला ए टीम हार के कगार पर

गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया), एजेंसी

- 289 रन का पीछा करते हुए भारत ने 149 रन पर गंवाए छह विकेट, 140 रनों की है जरूरत

ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम की स्पिनरों ने अनौपचारिक टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को यहां भारत की दूसरी पारी में शिकंजा कस दिया जिससे टीम पर हार का खतरा मंडरा रहा है। जीत के लिए 289 रन का पीछा करते हुए भारत ने महज 149 रन तक छह विकेट गंवा दिये है। चार्ली नॉट (27 रन पर दो विकेट), ग्रेस पार्सन्स (27 रन देकर दो विकेट) और लिली मिल्स (15 रन पर एक विकेट) ने तिकड़ी ने 21 ओवर में 42 रन के अंदर पांच विकेट चटकाकर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया।


स्टंप्स के समय रघवी बिष्ट (नाबाद 16) के साथ उमा छेत्री (नाबाद 10) क्रीज पर मौजूद थी। भारत ए को जीत के लिए अब भी 140 रन की जरूरत है और उसके चार विकेट बचे हुए हैं। इससे पहले मैडी डार्के के नाबाद 105 रन बूते ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में खराब शुरुआत से उबरते हुए 260 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ए ने दिन की शुरुआत सात विकेट पर 164 रन पर की। डार्के ने एक छोर संभालते हुए पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। ग्रेस पियरसन (35) के साथ नौवें विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी की।

# एमएलएस प्लेऑफ से पहले इंटर मियामी से जुड़ सकते हैं मेस्सी

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका), एजेंसी

अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी ने इस हफ्ते मैदान पर व्यक्तिगत ट्रेनिंग शुरू कर दी है और वह एमएलएस के नियमित सत्र के खत्म होने से पहले इंटर मियामी में शामिल हो सकते हैं। मियामी के कोच गेरार्डो टाटा मार्टिनो ने यह जानकारी दी।

अर्जेंटीना की 14 जुलाई को कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया पर जीत के बाद से 37 वर्षीय मेस्सी दायें टखने की चोट के कारण बाहर हैं। वह इस मैच के दूसरे हाफ में गिर गए थे। मेस्सी शनिवार को इंटर मियामी और एफसी सिनसिनाटी के बीच मुकाबले में नहीं खेलेंगे। उन्हें सितंबर के दो विश्व



कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम से भी बाहर रखा गया है। वह एक जुलाई से इंटर मियामी के लिए नहीं खेले हैं लेकिन कोच मार्टिनो ने कहा कि मेस्सी की वापसी का कोई समय नहीं बताया जा सकता लेकिन अक्टूबर के अंत में शुरू होने वाले एमएलएस प्लेऑफ से पहले हो सकता है।

### इंडोनेशिया की चुनौती के लिए जुटी भारतीय टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष अंडर-17 फुटबॉल टीम रविवार और अगले मंगलवार को बाली में इंडोनेशिया के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलने के लिए तैयारी में जुटी है। शुक्रवार की रात को टीम ने स्थानीय टीम बाली यूनाइटेड एफसी अंडर-20 के खिलाफ अभ्यास मैच खेला जो 2-2 से ड्रा रहा। कोच इश्फाक अहमद की भारतीय अंडर-17 टीम अगले महीने भूटान में होने वाली सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप और उसके बाद अक्टूबर में थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी में जुटी है।

## बॉलीवुड हलचल



### हाउसफुल 5 में जैकलीन की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड के जानेमाने निर्माता साजिद नाडियाडवाला अपनी सुपरहिट फिल्म हाउसफुल का पांचवा संस्करण बना रहे रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बन रही हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका होगी। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन, रितेश देशमुख और संजय दत्त समेत कई सितारे नजर आयेंगे।कहा जा रहा है कि मेकर्स ने एक फीमेल लीड को फाइनल कर लिया है। कहा जा रहा है कि हाउसफुल 5 में जैकलीन फर्नांडीज नजर आ सकती हैं। हाउसफुल 5 में जैकलीन की जोड़ी अक्षय कुमार के साथ नजर आ सकती है।जैकलीन हाउसफुल फ्रेंचाइजी में वापसी के लिए उत्साहित हैं। साजिद नाडियाडवाला फिल्म हाउसफुल 5 के लिये अन्य लीड अभिनेत्रियों की तलाश कर रहे हैं। हाउसफुल 5 ,जून माह में 6 को रिलीज होगी।

### नवाजुद्दीन की हॉरर थ्रिलर अद्भुत का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हॉरर थ्रिलर फिल्म अद्भुत का ट्रेलर रिलीज हो गया है। साबिर खान निर्देशित फिल्म अद्भुत में नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी, डायना पेंटी, श्रेया धनवंतरी और रोहन मेहरा मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी फिल्म अद्भुत में एक जासूस के किरदार में नजर आएंगे जो एक अजीबोगरीब केस सुलझाता दिखेगा। अद्भुत का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत रोहन और श्रेया के किरदारों से होती है, जो कहीं वीरान जगह पर जंगल के बीच आलीशान घर में वेकेशन मना रहे हैं लेकिन वहां श्रेया के साथ अजीबोगरीब घटनाएं शुरू हो जाती हैं। जांच के लिए जासूस नवाज को बुलाया जाता है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म अद्भुत का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, सच विश्वास से परे है। फिल्म 15 सितंबर को सोनी मैक्स पर रिलीज होगी।

### अब 23 जनवरी को रिलीज होगी फिल्म बार्डर 2

मुंबई। बॉलीवुड के माचो हीरो सनी देओल की आने वाली फिल्म बार्डर 2 , 23 अगस्त 2026 को रिलीज होगी। जेपी दत्ता निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे। करीब 27 साल बाद बॉर्डर का सीक्वल बनाया जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल और वरुण धवन की मुख्य भूमिका होगी। सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर कर बॉर्डर 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। पोस्ट मे लिखा गया है, बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। बॉर्डर 2 का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं,वहीं इस फिल्म को जेपी दत्ता, निधि दत्ता,भूषण कुमार और किशन कुमार प्रोड्यूस कर रहे हैं।

# पॉजिटिव आने पर सिनर ने दो सदस्यों को निकाला

न्यूयॉर्क, एजेंसी

टेनिस के शीर्ष खिलाड़ियों में शुमार यानिक सिनर ने मार्च में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के इस्तेमाल के पॉजिटिव पाये जाने के बाद अपने फिटनेस ट्रेनर और फिजियोथेरेपिस्ट को अपनी टीम से निकाल दिया। अमेरिकी ओपन से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में सिनर ने शुक्रवार को इस मामले में अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में कहा कि वह जानते हैं कि वह निर्दोष हैं लेकिन मामले के परिणाम के लिए चिंतित हैं। हालांकि उन्हें पता चल गया है कि उन्हें निलंबित नहीं किया जाएगा।

सिनर के फिटनेस ट्रेनर उम्बर्टो फेरारा और फिजिये जियाकोमो नाल्डी पिछले दो साल से इटली के इस खिलाड़ी की टीम में शामिल थे। इस दौरान सिनर जून में एटीपी रैंकिंग में पहली बार शीर्ष पायदान पर पहुंचे थे। इटली के इस 23 साल के खिलाड़ी ने इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। सिनर ने कहा मैं अब इनका साथ जारी नहीं रखना चाहता। निश्चित रूप से यह मेरे और मेरी टीम के लिए काफी मुश्किल समय रहा है। यह अब भी मुश्किल है लेकिन इन दोनों को हटाने के बाद थोड़ा तरोताजा महसूस कर रहा हूं। अमेरिकी ओपन सोमवार से फ्लशिंग मिडोज में शुरू होगा। सिनर को शीर्ष वरीयता मिली है और वह पहले दौर में मंगलवार को अमेरिका के मैकी मैकडोनाल्ड से भिड़ेंगे। सिनर ने कहा ग्रैंडस्लैम से पहले यह बिलकुल भी आदर्श नहीं है, पर मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है।




### नोस्कोवा-सुन मॉन्टेरी ओपन फाइनल में

**मॉन्टेरी (मैक्सिको)।** चेक गणराज्य की छठी वरीय लिंडा नोस्कोवा ने शुक्रवार रात अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 7-6 (7), 7-5 से हराकर मॉन्टेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। अब 19 वर्षीय नोस्कोवा का सामना न्यूजीलैंड की लुलु सुन से होगा। दोनों खिलाड़ी अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगी। सुन ने पहले सेमीफाइनल में रूस की इकैटरीना एलेक्सांद्रोवा को 7-5, 3-6, 7-6 (6) से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई। पिछले हफ्ते सुन ने सिनसिनाटी ओपन में नोस्कोवा को राउंड 64 में 6-4, 7-6 (4) से पराजित किया था।



मुकाबले के दौरान शॉट खेलतीं लिंडा नोस्कोवा। ● एजेंसी


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# हिंदू पलायन नहीं कर रहे, वे बांग्लादेश में रहकर लड़ रहे

सिलचर, एजेंसी

- असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा का दावा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने शनिवार को दावा किया कि पड़ोसी बांग्लादेश में व्याप्त अस्थिरता के बावजूद वहां के हिंदुओं ने भारत में प्रवेश करने की कोशिश नहीं की है। सरमा ने यहां कहा कि हिंदू बांग्लादेश में रह रहे हैं और लड़ रहे हैं। पिछले एक महीने में, एक भी हिंदू को भारत में प्रवेश करने की कोशिश करते नहीं पकड़ा गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि पड़ोसी देश के मुसलमान भारत के कपड़ा क्षेत्र में रोजगार तलाशने के लिए घुसपैठ करने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले एक महीने में 35 मुस्लिम घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है... वे प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जो लोग आ रहे हैं वे असम के लिए नहीं, बल्कि कपड़ा उद्योग में काम करने के लिए बेंगलुरु, तमिलनाडु, कोयंबटूर जाने के लिए आ रहे हैं। हमने उन्हें वापस खदेड़ दिया।

सरमा ने कहा कि त्रिपुरा के रास्ते घुसने की कोशिश कर रहे घुसपैठिए असम के करीमगंज से ट्रेन से यात्रा करते हैं और दक्षिण भारतीय शहरों में पहुंच जाते हैं। सरमा ने कहा कि अगर हिंदू आना चाहते तो वे विभाजन के समय ही आ जाते। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे बांग्लादेश को अपनी मातृभूमि मानते हैं, इसलिए वे नहीं आए। हमें उनका सम्मान करना चाहिए।

# पॉलीग्राफ टेस्ट : सच और झूठ का पता लगाने का परीक्षण

पॉलीग्राफ टेस्ट, सामान्य भाषा में इसे लाई डिटेक्टर टेस्ट के रूप में भी जाना जाता है। इसमें कुछ मशीनों का प्रयोग किया जाता है जिसके जरिए अपराधी या आरोपी का झूठ पकड़ा जाता है। यह एक ऐसा परीक्षण है जो एक व्यक्ति की सच्चाई या झूठ का पता लगाने के लिए शारीरिक प्रतिक्रियाओं को मापता है। पॉलीग्राफ मशीन को आरोपी के शरीर के साथ अटैच किया जाता है और इसके सेंसर्स से आ रहे सिग्नल को एक मूविंग पेपर (ग्राफ) पर रिकॉर्ड किया जाता है। कोलकाता में महिला डॉक्टर्स से दुष्कर्म और हत्या के मामले में जांच एजेंसी ने सात आरोपियों का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया है। आइए जानते हैं इस परीक्षण की प्रक्रिया और आपराधिक घटनाओं के खुलासे में कितना कारगर साबित होता है।



## यह है परीक्षण की प्रक्रिया

- **कोर्ट की अनुमति** : अदालतें पॉलीग्राफ टेस्ट की अनुमति दे सकती हैं। पुलिस और जांच एजेंसियां पॉलीग्राफ टेस्ट का उपयोग जांच में मदद करने के लिए कर सकती हैं।
- **पूर्व-साक्षात्कार** : परीक्षक प्रतिभागी से पूर्व-साक्षात्कार करता है, जिसमें प्रक्रिया की व्याख्या के साथ प्रश्न पूछे जाते हैं।
- **सेंसर लगाना** : प्रतिभागी के शरीर पर सेंसर लगाए जाते हैं, जो हृदय गति, रक्तचाप, सांस लेने आदि की गतिविधियों को रिकॉर्ड करते हैं।
- **प्रासंगिक प्रश्न** : परीक्षक प्रासंगिक प्रश्न पूछता है, जो जांच विषय से संबंधित होते हैं। जैसे कि क्या आपने अपराध किया है?
- **नियंत्रण प्रश्न** : परीक्षक नियंत्रण प्रश्न पूछता है, जो सच या झूठ के जवाब के लिए डिज़ाइन किए जाते हैं।
- **डेटा विश्लेषण** : परीक्षक झूठे बयानों से जुड़े असामान्य पैटर्न की तलाश करता है।
- **परिणाम** : परीक्षक परिणामों की व्याख्या करता है, जो तीन श्रेणियों में आते हैं : सच्चा, झूठा, या अस्पष्ट।

## सकारात्मक पक्ष

झूठे बयानों का पता लगाने में मदद कर सकता है, जांच में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर सकता है, आरोपी की सच्चाई की प्रतिक्रिया को उजागर कर सकता है।

## नकारात्मक पक्ष

पॉलीग्राफ टेस्ट के परिणाम हमेशा सटीक नहीं होते हैं, कुछ मामलों में झूठे परिणाम आ सकते हैं, प्रतिभागी की मानसिक स्थिति प्रभावित कर सकती है, परीक्षक की प्रशिक्षण और अनुभव की कमी प्रभावित कर सकती है।

## सुलझने वाले कुछ प्रमुख मामले

- **2002 में नार्सिम्हा मूर्ति मामला** : नार्सिम्हा मूर्ति पर अपने सहयोगी की हत्या का आरोप लगाया गया था। पॉलीग्राफ टेस्ट में सच्चाई की प्रतिक्रिया ने रिहाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **2004 में प्रियदर्शिनी मट्टू मामला** : प्रियदर्शिनी मट्टू की हत्या के मामले में पॉलीग्राफ टेस्ट ने आरोपी की दोषसिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **2008 में अरुणा शानबाग मामला** : अरुणा शानबाग की हत्या के मामले में पॉलीग्राफ टेस्ट ने आरोपी की दोषसिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **2010 में श्रीनिवासन का मामला** : श्रीनिवासन पर अपनी पत्नी की हत्या का आरोप लगाया गया था। पॉलीग्राफ टेस्ट में उनकी झूठ की प्रतिक्रिया ने उनकी दोषसिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **2017 में रायन इंटरनेशनल स्कूल मामला** : प्रद्युम्न ठाकुर की हत्या के मामले में पॉलीग्राफ टेस्ट ने आरोपी की दोषसिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विश्वसनीयता पर उठते हैं सवाल

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पॉलीग्राफ परीक्षण वैज्ञानिक समुदाय में विवादास्पद हैं और उनकी विश्वसनीयता और सटीकता पर सवाल उठाए गए हैं। भारत सहित कई देशों में उनके परिणामों को अदालत में स्वीकार नहीं किया जाता है लेकिन जांच में मदद करने के लिए इनका उपयोग किया जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रीय शोध परिषद के अनुसार, टेस्ट की सटीकता लगभग 80-90% है, लेकिन यह आंकड़ा विवादास्पद है।

## एक नजर

### सिंगापुर में अहम वार्ता में शामिल होंगे 4 केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव प्रमुख क्षेत्रों में समग्र द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित एक अहम वार्ता में भाग लेने के लिए सिंगापुर जाएंगे। चारों मंत्री सोमवार को सिंगापुर के समकक्षों के साथ गोलमेज वार्ता के दूसरे चरण में भाग लेंगे।

### स्टार्टअप ने प्रक्षेपित किया पहला पुनः प्रयोज्य रॉकेट

**चेन्नई।** तमिलनाडु स्थित स्टार्टअप 'स्पेस जोन इंडिया' ने शनिवार को अपना पहला पुनः प्रयोज्य हाइब्रिड रॉकेट, मिशन आरएचयूएमआई-2024 सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया, जिसपर ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन पर शोध करने के लिए एक मोबाइल प्लेटफॉर्म लगाया गया है। स्पेस जोन इंडिया पिछले दो वर्षों से मिशन आरएचयूएमआई के तहत विभिन्न परियोजनाओं का संचालन कर रहा है। चेन्नई के पास 'ईस्ट कोस्ट रोड' पर तिरुविदंतई में सुबह 7.25 बजे प्रक्षेपित किया गया आरएचयूएमआई रॉकेट एक जेनेरिक-ईंधन-आधारित हाइब्रिड मोटर युक्त है।

### पिता बने गायक जस्टिन बीबर, पुत्र रत्न की प्राप्ति

**लॉस एंजिलिस।** जस्टिन बीबर की पत्नी हैली बीबर ने बेटे को जन्म दिया है। जस्टिन (30) ने इंस्टाग्राम पर शनिवार को एक पोस्ट में बेटे जैक ब्लूज बीबर के जन्म की जानकारी साझा की। पोस्ट की गई तस्वीर में हैली का हाथ और नवजात शिशु का पैर दिखाई दे रहा है। जस्टिन, लव मी, सॉरी, यमी और पीचेज़ जैसे गानों के लिए जाने जाते हैं, जबकि हैली मॉडल हैं।

### गड्ढे में गिरी भारतीय महिला का पता नहीं

**कुआलालंपुर।** मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में एक भारतीय महिला शुक्रवार को अचानक जमीन ढह जाने से बने गड्ढे में गिर गई। पुलिस ने बताया कि जमीन के नीचे बह रहे पानी में महिला के बह जाने की आशंका है। स्थानीय पुलिस प्रमुख सुलिज्मी अफेंडी सुलेमान ने बताया कि यह हादसा मलेशिया की राजधानी के डांग वांगी क्षेत्र में हुआ है।

### हूती विद्रोहियों ने किया तेल टैंकर पर हमला

**अदन।** लाल सागर में यूनान के एक तेल टैंकर जहाज पर हूती विद्रोहियों ने हाल ही में हमला कर दिया जिससे उसमें आग लग गई और जहाज के डूबने की आशंका है। राहत की बात यह रही कि चालक दल के सभी 25 सदस्यों को बचा लिया गया है। ब्रिटेन मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने बताया कि यूनान के एमवी सोयूनियन नाम के इस जहाज पर बंदरगाह शहर होदेइदाह से लगभग 77 समुद्री मील पश्चिम में पिछले दो दिनों से यमन के हूती समूह द्वारा तीन अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला किया गया, जिससे, जहाज में आग लग गई और इंजन बंद हो गया।

### लाहौर में राजगुरु की 116वीं जयंती मनाई

**लाहौर।** भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान ने शनिवार को यहां स्वतंत्रता संग्राम के नायक शहीद राजगुरु की 116वीं जयंती मनाई। फाउंडेशन ने कई वकीलों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में लाहौर हाईकोर्ट परिसर में जिन्ना हॉल में समारोह आयोजित किया जिसमें केक काटकर मौजूद लोगों ने राजगुरु और उनके साथियों-भगत सिंह तथा सुखदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अमेरिकी एनएसए से मिले रक्षा मंत्री अहम रणनीतिक मुद्दों पर की चर्चा

## रक्षा क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख अमेरिकी कंपनियों को किया मेक इन इंडिया के लिए आमंत्रित

वाशिंगटन, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात कर भारत और अमेरिका के आपसी हितों के अहम रणनीतिक मामलों पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। इससे एक दिन पहले ही भारत और अमेरिका ने अपनी वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए दो प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। सिंह दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अमेरिका की यात्रा पर यहां पहुंचे हैं।

सिंह ने शुक्रवार को अपनी बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मिलकर और आपसी हित के अहम रणनीतिक मामलों पर दृष्टिकोण साझा करके खुशी हुई। उन्होंने प्रमुख अमेरिकी रक्षा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ भी सार्थक बातचीत की और उन्हें भारतीय भागीदारों के साथ काम करने के लिए आमंत्रित किया ताकि मेक इन इंडिया कार्यक्रम में तेजी लाई जा सके।



वाशिंगटन में अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ● एजेंसी

सिंह ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि यूएसआईएसपीएफ (भारत अमेरिका रणनीतिक साझेदारी मंच) द्वारा आयोजित गोलमेज सम्मेलन में रक्षा उद्योग की अग्रणी अमेरिकी कंपनियों के साथ सार्थक बातचीत हुई। उन्हें भारतीय भागीदारों के साथ काम करने के लिए आमंत्रित किया ताकि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में हमारे मेक इन इंडिया कार्यक्रम में तेजी लाई जा सके। भारतीय और अमेरिकी कंपनियां साथ मिलकर दुनिया के लिए सह-विकास और सह-उत्पादन करेंगी। यूएसआईएसपीएफ ने 'एक्स' पर लिखा कि यूएसआईएसपीएफ बोर्ड के सदस्यों और रक्षा उद्योग के नेताओं के साथ एक गोलमेज सम्मेलन में रक्षा मंत्री ने अमेरिका-भारत रक्षा संबंधों, इसमें अभूतपूर्व वृद्धि तथा इस बात पर चर्चा की कि कैसे रक्षा क्षेत्र एवं अमेरिकी कंपनियों का निवेश भारत की विकास गाथा और 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर

एक्स पर कहा गया कि सिंह ने रक्षा गतिविधियों के माध्यम से रणनीतिक साझेदारी और रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मुकेश अघी ने कहा कि सिंह ने रक्षा संबंधों और रणनीतिक संबंधों के विकास पर बात की, जिसमें निजी क्षेत्र अब साइबर, ड्रोन, एआई, अंतरिक्ष और क्वांटम जैसी महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों में गहन रक्षा तालमेल स्थापित करने में अहम भूमिका निभाता है। सिंह ने इससे एक दिन पहले शुक्रवार को अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच मौजूदा रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे प्रिय मित्र अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ शानदार बैठक हुई। हमने मौजूदा रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की तथा इसे प्रगाढ़ बनाने के तरीकों पर चर्चा की। आपूर्ति सुरक्षा व्यवस्था पर हस्ताक्षर तथा प्रमुख अमेरिकी कमान में भारतीय अधिकारियों की तैनाती के लिए समझौता ऐतिहासिक घटनाक्रम हैं।

# पाकिस्तान में विस्फोट, दो बच्चों सहित तीन की मौत

- बलूचिस्तान में हुए इस धमाके में दो पुलिसजनों सहित 13 घायल

**कराची।** पाकिस्तान में अशांत बलूचिस्तान प्रांत के एक बाजार में शनिवार को हुए विस्फोट में दो बच्चों और एक महिला की मौत हो गई तथा दो पुलिसकर्मियों समेत 13 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह विस्फोट पिशिन जिले के सुर्खाब चौक पर उपायुक्त कार्यालय के पास मुख्य बाजार में हुआ, जिसमें दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हो गए।

अस्पताल की ओर से जारी सूची के अनुसार, घायलों में से 13 को क्वेटा ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां एक महिला की मौत हो गई। घायलों में से पांच की हालत गंभीर है।

प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा 2022 में सरकार के साथ संघर्षविराम समझौता तोड़े जाने के बाद हमले बढ़ गए हैं। पिशिन शहर के थाना प्रभारी मुजीबुर रहमान के अनुसार, दोनों घायल पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर है। रहमान ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि विस्फोटक सामग्री एक मोटरसाइकिल पर रखी गई थी। इस घटना में तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

# 25 भारतीयों के शव लेकर महाराष्ट्र पहुंचा विमान

नई दिल्ली/काठमांडू, एजेंसी

भारतीय वायुसेना का सैन्य परिवहन विमान शनिवार को नेपाल के भरतपुर से 25 भारतीय तीर्थयात्रियों के शव लेकर महाराष्ट्र के जलगांव पहुंचा। नेपाल के तनहुन जिले में शुक्रवार को एक बस दुर्घटना में 27 भारतीयों की मौत हो गई थी जबकि 16 घायल हो गए थे। मृतकों में 25 महाराष्ट्र तथा दो उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले के थे। दोनों के शव महराजगंज ले जाए जाएंगे।

भारतीय वायुसेना ने 'एक्स' पर कहा कि नेपाल में सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले 25 भारतीय नागरिकों के शव लाने के लिए सी-130जे विमान तैनात किया था। शवों को भरतपुर (नेपाल) से जलगांव (महाराष्ट्र) ले जाया गया। भारतीय तीर्थयात्री 10 दिवसीय दौरे पर नेपाल आए थे। मध्य नेपाल में उनकी बस शुक्रवार को 150 मीटर नीचे मर्स्यांगदी नदी में गिर गई थी।

नेपाल में भारतीय दूतावास के सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे और भुसावल निर्वाचन क्षेत्र से महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य संजय सावकारे पीड़ितों और बचे हुए लोगों की वापसी की निगरानी के लिए सुबह काठमांडू पहुंचे। मंत्री ने काठमांडू के एक अस्पताल में घायलों से मुलाकात की फिर भरतपुर पहुंचीं। खडसे 25 शव और 10 जीवित बचे लोगों के साथ वायुसेना के विमान से भारत के लिए रवाना हुईं।



त्रिभुवन हॉस्पिटल में घायल का हाल लेतीं केंद्रीय खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे।

## नेपाल सड़क हादसा

- 25 शव जलगांव पहुंचे जबकि दो यूपी के महराजगंज लाए जाएंगे
- केंद्रीय खेल मंत्री रक्षा खडसे शवों को लेकर पहुंचीं जलगांव

### मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य नेपाल के तनहुन में एक सड़क दुर्घटना में मारे गए मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए शनिवार को मुआवजे की घोषणा की। दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये दिए जाएंगे। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। मोदी ने शुक्रवार को इस दुर्घटना में भारतीय तीर्थयात्रियों की मौत पर दुख जताया था।

# जर्मनी में हमले में तीन की मौत, पांच लोग घायल

**सोलिंगन।** जर्मनी के सोलिंगन शहर में एक उत्सव के दौरान शुक्रवार देर रात एक हमलावर ने चाकू से हमला कर तीन लोगों की हत्या कर दी और पांच लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने रात साढ़े नौ बजे के तुरंत बाद उसे सूचित किया कि एक अज्ञात अपराधी ने फ्रोंहोफ चौराहे पर चाकू से अंधाधुंध हमला कर कई लोगों को घायल कर दिया है। पुलिस के अनुसार, इस हमले को संभवतः केवल एक व्यक्ति ने अंजाम दिया। उत्सव के आयोजकों में से एक फिलिप मुलर ने मंच पर आकर लोगों से कहा कि शांत रहकर घटनास्थल से जाएं।

# बाइडेन ने की गाजा युद्ध विराम समझौते पर चर्चा

वाशिंगटन, एजेंसी

- इजराइली बंधकों की रिहाई पर भी हुई बात

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गाजा के लिए युद्ध विराम समझौते को अंतिम रूप देने और हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजरायली बंधकों की रिहाई के लिए कतर और मिस्र के नेताओं के साथ बातचीत की है। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति बाइडेन ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी के साथ अलग से बातचीत की ताकि युद्ध विराम और बंधक रिहाई समझौते को अंतिम रूप दिया जा सके।

### दक्षिणी गाजा में हमलों में 36 फिलस्तीनी की मौत

**काहिरा, एजेंसी।** दक्षिणी गाजा पट्टी में इजराइल के कई हमलों में कम से कम 36 फलस्तीनी मारे गए। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि नासिर अस्पताल के अनुसार, शनिवार की सुबह खान यूनिस शहर में एक इजराइली हवाई हमले में एक ही परिवार के 11 सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। अस्पताल में कुल 33 शव लाए गए जो खान यूनिस और उसके आसपास के इलाकों में तीन अलग-अलग हमलों में मारे गए थे।

# म्यांमा में फंसे रोहिंग्या नागरिकों पर चिंता जताई

**बैंकॉक।** म्यांमा में सैन्य सरकार और सशस्त्र जातीय विद्रोही समूह अराकान सेना के बीच हालिया संघर्ष में कई लोगों के मारे जाने की खबर के बीच, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख ने रोहिंग्या अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को लेकर शुक्रवार को चिंता जताई। संयुक्त राष्ट्र के जिनेवा स्थित कार्यालय के एक बयान के अनुसार, मानवाधिकार के लिए उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने पूरे म्यांमा में, विशेष रूप से रखाइन राज्य में तेजी से बिगड़ती स्थिति को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की, जहां संघर्ष के बीच वहां से भागने की कोशिश के दौरान सैकड़ों नागरिक कथित तौर पर मारे गए हैं।



**उल्लास** पश्चिम बंगाल के नादिया में जन्माष्टमी से पहले आयोजित गो लाइक गोपाला प्रतियोगिता के लिए भगवान कृष्ण के वेश में सजे बच्चे की मदद करती एक महिला।

# तोते को पिंजरे में कैद करके रखा तो हो सकती है जेल

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ में अब तोता पालना और बेचना महंगा पड़ सकता है और न ही पाले हुए तोते को घर में रख सकते हैं। अगर आपके घर भी तोता या अन्य पक्षी हैं, तो आपको जेल भी जाना पड़ सकता है।

राज्य के मुख्य वन संरक्षक और वन प्रमुख की ओर से एक आदेश जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि कानूनी संरक्षण प्राप्त वन्यजीव तोता या अन्य पक्षियों की अवैध खरीदी, बिक्री या फिर घरों में पालने पर रोक लगाई जाए। प्रदेश में तोता समेत अन्य पक्षियों की धड़ल्ले से चल रही बिक्री की शिकायत को लेकर यह निर्देश जारी किया गया है। समस्त वन संरक्षक को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।



- छत्तीसगढ़ में पक्षियों की खरीद बिक्री और पालन पर रोक

### बाड़े में रहे चीते, फिर जंगल जाने को तैयार

**नई दिल्ली।** भारत लाए गए अफ्रीकी चीते जल्द ही फिर से जंगल में स्वतंत्र रूप से विचरण करने लगेंगे। लगभग एक साल पहले उन्हें स्वास्थ्य जांच और निगरानी के लिए मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान के जंगल से वापस बाड़ों में भेज दिया गया था।

# कैनेडी जूनियर ने दिया ट्रंप को समर्थन

**राष्ट्रपति चुनाव**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए स्वतंत्र उम्मीदवार रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने शुक्रवार को राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने तथा रिपब्लिकन उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करने की घोषणा की। जूनियर ने कल अपराह्न एरिजोना में एक भाषण के दौरान कहा कि मीडिया और डेमोक्रेट्स दोनों ने ही एक व्यवहार्य दावेदार बनने की उनकी संभावनाओं को बाधित करने की साजिश रची है। उन्होंने कहा कि कई महीने पहले मैंने अमेरिका की जनता से वादा किया था कि अगर मैं चुनाव में बाधक बना तो मैं राष्ट्रपति पद की दौड़ से हट जाऊंगा। ...मेरे दिल और अब मुझे विश्वास नहीं है कि मेरे पास चुनावी जीत का कोई यथार्थवादी रास्ता है।


# अब हुआ सुपर मरीन हीटवेव्स का उदय

## बड़े खतरे का संकेत, तेजी से गर्म होने लगा है समुद्र का पानी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जलवायु की परिस्थितियां तेजी से बदलनी शुरू हो गई हैं। समुद्री तापमान पुराने रिकार्ड ध्वस्त करने में तुला है। नए शोध में समुद्री ताप के तेजी से बढ़ते स्तर को सुपर मरीन हीटवेव्स नाम दिया गया है, जो भविष्य की जलवायु के लिए बड़े खतरे का संकेत है।

नया शोध 2023 में समुद्र की सतह के तापमान पर आधारित है। गत वर्ष पृथ्वी का समुद्री सतह रिकॉर्ड उच्च तापमान पर पहुंच गया और महासागरों के लिए वर्ष 2023 अब तक का सबसे गर्म वर्ष दर्ज किया गया। अध्ययन में वैज्ञानिकों को पता चला कि गत वर्ष असाधारण रूप से तेज़ समुद्री गर्म लहरें पैदा करने वाला रहा। यह असाधारण था और उन्होंने इसे सुपर-मरीन हीटवेव्स नाम दे डाला। वैज्ञानिकों का मानना है कि सुपर-समुद्री गर्म लहरें समुद्र के जीवन के लिए बड़ा खतरा हो सकता है। साथ ही शक्तिशाली तूफानों को जन्म दे सकता है। एनओएए नेशनल सेंटर फॉर एनवायर्नमेंटल इंफॉर्मेशन में यह शोध प्रकाशित हुआ है।



वैश्विक जलवायु रिपोर्ट के अनुसार 1850 में वैश्विक वायुमंडलीय तापमान रिकॉर्ड रखना शुरू होने के बाद से 2023 सबसे गर्म वर्ष रहा। 20वीं सदी के औसत 13.9 सेल्सियस तापमान से गत वर्ष 1.18 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। अब राष्ट्रीय पर्यावरण सूचना केंद्र (एनसीईआई) के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में किए गए नए विश्लेषण से पता चला है कि वैश्विक औसत समुद्री सतह तापमान ने भी 2023 में रिकॉर्ड ऊंचाई दर्ज की है। अध्ययन से संकेत मिलता है कि ये रिकॉर्ड तोड़ने वाला तापमान बेहद तेजी से बढ़ते समुद्री गर्म लहरों से जुड़े थे। समुद्र की सतह के तापमान का डेटा उपग्रहों, जहाजों व समुद्री नौकाओं के माध्यम से एकत्र किया जाता है। नए शोध में समुद्री सतह के तापमान में विसंगति को लेकर तेजी से बढ़ती ग्रीनहाउस गैसों को जिम्मेदार ठहराया गया है।

### समुद्री जीवों के लिए सुपर मरीन हीटवेव बड़ा खतरा

तापमान में अत्यधिक वृद्धि न केवल जलवायु परिवर्तन के लिए घातक है, बल्कि समुद्री जीवन पर गहरा प्रभाव डाल सकती हैं। जिसमें मत्स्य पालन का पतन हो सकता और मूंगों का अस्तित्व मिट सकता है। कई प्रकार की मछलियों का नामोनिशान नही रहेगा। कई अन्य दुश्वारियां भी देखी जा सकती है। बहरहाल विश्व को पर्यावरण के प्रति बेहद सतर्क रहने की सख्त जरूरत है।